CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 15 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 365 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 25 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागतः अखिलेश पेज 2



विराट कोहली वनडे रैंकिंग में फिर से बने नंबर एक खेल टाइम्स



भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल सम्पादकीय



लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी पेज 12

# ईरान को तुरंत छोड़ दें भारतीय नागरिक, जरूरी कागजात साथ रखें

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों को देखते हुए भारतीय नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की है। भारत सरकार ने ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द देश छोड़ने की सलाह दी है।

ईरान में ये विरोध प्रदर्शन पिछले महीने के आखिर में तब शुरू हुए थे, जब ईरानी मुद्रा रियाल रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद ये आंदोलन धीरे-धीरे देश के सभी 31 प्रांतों में फैल गया। शुरुआत में आर्थिक मुद्दों को लेकर शुरू हुए ये प्रदर्शन अब राजनीतिक बदलाव की मांग में बदल चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने एडवाइजरी में कहा है कि भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं, ताकि वे सुरक्षित रूप से ईरान से बाहर निकल सकें। सरकार ने दोहराया है कि ईरान में रह रहे सभी भारतीय नागरिक और पीआईओ पूरी सतर्कता बरतें। उन्हें किसी भी तरह के विरोध-प्रदर्शन या अशांत क्षेत्रों से दूर रहने, स्थानीय हालात पर नजर बनाए रखने और ईरान स्थित भारतीय दूतावास के नियमित संपर्क में रहने की सलाह दी गई है। ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने यात्रा और इमिग्रेशन से जुड़े दस्तावेज, जैसे पासपोर्ट और पहचान पत्र, हर समय अपने पास सुरक्षित और तैयार रखें। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की सहायता या जानकारी के लिए भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। सरकार ने भरोसा दिलाया है कि जरूरत पड़ने पर भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले 5 जनवरी को जारी एडवाइजरी में भी भारत सरकार ने अपने नागरिकों से ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने का आग्रह किया था।



**■ विदेश मंत्रालय ने जारी एडवाइजरी में सतर्क रहने व संवेदनशील इलाकों से दूर रहने की सलाह दी**

**■ भारतीय नागरिक उपलब्ध सभी परिवहन साधनों का उपयोग करें, जिनमें कमर्शियल उड़ानें भी शामिल हैं**

## दिल्ली धमाका केस: 5 आरोपियों की तीन दिन की NIA रिमांड

**नई दिल्ली।** दिल्ली बम धमाका मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को बड़ी राहत मिली है। पटियाला हाउस कोर्ट ने डा. शाहीन सईद की 3 दिन की कस्टडी एनआईए को मंजूर कर दी है। इससे पहले उन्हें पिछले महीने न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। अदालत ने मुफ्ती इरफान अहमद, जासिर बिलाल वानी, डा. आदिल अहमद और डा. मुजम्मिल शकील की भी तीन दिन की कस्टडी एनआईए को दी है। सभी आरोपियों को 16 जनवरी को कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रपति मुर्मू व रक्षा मंत्री ने पूर्व सैनिकों को किया सलाम

**नई दिल्ली।** द्रौपदी मुर्मू और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस पर देश के पूर्व सैनिकों के बलिदान और त्याग को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में देश के पूर्व सैनिकों की वीरता, समर्पण और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनका अटूट साहस हर भारतीय को प्रेरित करता रहता है। उन्होंने कहा कि ऐसे मौके सैनिकों को श्रद्धांजलि देने और उनके प्रति आभार व्यक्त करने के अवसर होते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पूर्व सैनिक देश के प्रति गहराई से समर्पित हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी एक्स पर हमारे पूर्व सैनिकों और सेवारत कर्मियों के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि कि उनके बलिदान भारत की सीमाओं की जीवित ढाल बनते हैं और देश की रक्षा करते हैं। उन्होंने पूर्व सैनिकों, सेवारत कर्मियों और उनके परिवारों की गरिमा और कल्याण के प्रति पूर्ण एवं अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की। सशस्त्र सेना पूर्व सैनिक दिवस हर साल 14 जनवरी को फील्ड मार्शल केएम करिअप्पा, ओबीई, भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ की विरासत और उत्कृष्ट सेवा का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। वह 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे।

### सूमाया समूह धोखाधड़ी मामले में 35 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय ने बुधवार को सूमाया समूह और अन्य से जुड़े एक मामले में 35.22 करोड़ रुपये मूल्य की चल और अचल संपत्तियों की कुर्की की घोषणा की। इन संपत्तियों में बैंक बैलेंस, डीमैट होल्डिंग्स और म्यूचुअल फंड जैसी चल संपत्तियां तथा दो अचल संपत्तियां शामिल हैं। ईडी ने यह जांच धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत शुरू की थी, जो वर्ली पुलिस थाने द्वारा दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई। प्राथमिकी में सूमाया इंडस्ट्रीज लिमिटेड, उसके प्रमोटर्स और अन्य व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर आरोप है कि उन्होंने भविष्य की 'नीड टू फीड' योजना के तहत लाभ दिलाने का झूठा वादा कर लगभग 137 करोड़ रुपये का गबन किया है।

### दिल्ली में भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद के घर लगी आग

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद के यहां स्थित आवास में बुधवार सुबह आग लग गई। श्री प्रसाद राष्ट्रीय राजधानी में मदर टेरेसा क्रिसेंट मार्ग पर कोठी नंबर 21 में रहते हैं। दमकल विभाग के मुताबिक आग घर के एक कमरे में बिस्तर से शुरू हुई। एक अधिकारी ने बताया कि हमें सुबह आठ बजे घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही हमने दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजे। सुबह 8:30 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है और स्थानीय पुलिस को भी सूचना दे दी गई है।

# आईपीएसी रेड: TMC की याचिका खारिज

**जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने कोर्ट में ऑन रिकॉर्ड कहा: एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया**

**जब सरकार कह रही है, कुछ भी जब्त नहीं हुआ, तो अब मामले में कुछ बचता ही नहीं: कलकत्ता हाईकोर्ट**

कोलकाता, वार्ता

**कलकत्ता हाईकोर्ट** ने आईपीएसी रेड मामले में बुधवार को टीएमसी की याचिका खारिज कर दी। पार्टी ने आरोप लगाया था कि जांच एजेंसी (ईडी) ने 8 जनवरी को आईपीएसी के आईटी हेड प्रतीक जैन के ऑफिस पर रेड मारकर कुछ कागजात जब्त किए थे।

इस पर जांच एजेंसी के वकील एएसजी राजू ने ऑन रिकॉर्ड कहा कि एजेंसी ने पार्टी दफ्तर से कुछ भी जब्त नहीं किया है। कोर्ट ने कहा कि जब ईडी ने कुछ भी जब्त न करने की बात की है, तो अब इस मामले पर सुनवाई के लिए कुछ नहीं बचता है। याचिका को खारिज किया जाता है। सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से पेश एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है तो वह एजेंसी ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है। ममता अपने साथ गैरकानूनी तरीके से फाइलें ले गई थीं।



**■ कोर्ट ने कहा: इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है**



हाईकोर्ट ने ईडी की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई भी टाल दी है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट में पहले ही याचिका लगाई जा चुकी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद सुनवाई होगी। ईडी ने दलील दी कि इस मामले में आई-पीएसी के सह-संस्थापक प्रतीक जैन को खुद याचिका दायर करनी चाहिए थी। टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) के कौन-से अधिकार का उल्लंघन हुआ है? उनका कहना था कि यह रिट याचिका सिर्फ चुनाव, चुनाव और चुनाव की बात करती है, लेकिन कहीं यह नहीं बताती कि किसी अधिकार का हनन कैसे हुआ। वकील ने कहा कि अगर आई-पीएसी ऑफिस से कोई डेटा जब्त किया गया है, तो उसका याचिकाकर्ता से सीधा संबंध कैसे बनता है, यह भी साफ नहीं किया गया है। टीएमसी पार्टी की तरफ से पेश वकील गुरुस्वामी बोले कि हमारी याचिका सिर्फ एक सीमित मुद्दे पर है। पार्टी का निजी राजनीतिक डेटा सुरक्षित रहे। किसी राजनीतिक पार्टी को डराना या दबाव में लेना ठीक नहीं है, खासकर तब जब पार्टी ने यह याचिका इस डर से दायर की कि उसके 6 साल पुराने राजनीतिक सलाहकार (कंसल्टेंट) के दफ्तर से उसका डेटा लिया जा सकता है। गुरुस्वामी बोले कि राज्य चुनाव से कुछ महीने पहले राजनीतिक सलाहकार के ऑफिस पर छापा पड़ना संदेह पैदा करता है। अगर एएसजी राजू यह कह रहे हैं कि ईडी ने कुछ भी जब्त नहीं किया, तो इस बात को रिकॉर्ड में दर्ज किया जाए और इसी आधार पर याचिका का निपटारा कर दिया जाए। ईडी की तरफ से सरकार का पक्ष रख रहे एएसजी राजू ने कहा कि अगर कोई रिकॉर्ड जब्त किया गया है, तो वह ईडी (ईडी) ने नहीं, बल्कि ममता बनर्जी ने किया है।

# यूपी के 19 शहरों का टेम्परेचर शिमला से कम

## सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री मुजफ्फरनगर का रहा

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में बुधवार को तेज सर्दी का असर रहा। राज्य के 19 शहरों का मिनिमम टेम्परेचर शिमला (6.6 डिग्री सेल्सियस) से कम रहा। सबसे कम टेम्परेचर 2.1 डिग्री सेल्सियस मुजफ्फरनगर का रहा। मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया है। बिजनौर में बस पलटने से 38 यात्री घायल हुए हैं।

हरियाणा में बुधवार को सीवियर कोल्डवेव का ऑरेंज अलर्ट रहा। 14 जिलों में तेज सर्दी का ऑरेंज अलर्ट है। बाकी जिलों में घना कोहरा और कोल्ड डे की स्थिति रहेगी। पिछले 24 घंटों में हरियाणा का अधिकतम टेम्परेचर 3.8 डिग्री सेल्सियस गिरा है। करनाल में तापमान 10.0 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 5 जिलों में सर्दी का येलो अलर्ट है। शुक्रवार से प्रदेश का मौसम साफ रहेगा। कोल्डवेव से भी राहत मिलेगी। मंगलवार को राज्य में अधिकतम तापमान 27.0 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। गंगानगर, हनुमानगढ़ को छोड़कर बाकी जिलों में अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस-27डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। बिहार के 18 जिलों में मिनिमम टेम्परेचर 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे कम भागलपुर के सबौर में 5.9 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड में पिथौरागढ़, चमोली, उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग में झरने जम गए हैं। तापमान भी माइनस 16 डिग्री सेल्सियस है।



**■ मेरठ-सम्भल समेत 25 जिलों में घना कोहरा छाया**

### कश्मीर में शीतलहर का प्रकोप बढ़ा, शोपियां सबसे ठंडा रहा

**श्रीनगर।** कश्मीर में पिछली रात ज्यादातर जगहों पर न्यूनतम तापमान में और गिरावट दर्ज की गई और शोपियां घाटी -7.5 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ सबसे ठंडा इलाका रहा। दक्षिण कश्मीर के पुलवामा में न्यूनतम तापमान -7.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूरा इलाका भीषण ठंड की चपेट में रहा, जबकि कुपवाड़ा और पहलगाम में न्यूनतम तापमान क्रमशः -6.2 डिग्री सेल्सियस और -6.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में न्यूनतम तापमान -3.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं सोनमर्ग में न्यूनतम तापमान -2.2 डिग्री सेल्सियस रहा।

### दिल्ली-एनसीआर में ठिठुरन बढ़ी, जनजीवन प्रभावित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और इसके आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह भीषण शीतलहर और अचानक छाए घने कोहरे के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, दिल्ली में न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री रहने के साथ भीषण शीतलहर का प्रकोप जारी है। सुबह के समय दिल्ली-एनसीआर में कोहरे की घनी चादर छाई रही। कोहरे के कारण दृश्यता में कमी देखी गई। दिल्ली एयरपोर्ट ने कम दृश्यता को लेकर परामर्श जारी किया और यात्रियों को उड़ान की जानकारी के लिए अपनी एयरलाइन कंपनियों से संपर्क करने की सलाह दी, हालांकि विमानों का संचालन सामान्य रहा।

# नशे में थे जुबीन गर्ग, लाइफ जैकेट पहनने से कर दिया था इन्कार

**सिंगापुर।** मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की मौत का मामला अभी भी सुलझा नहीं है। अब इस मामले में एक बड़ी जानकारी सामने आई है। सिंगर की मौत सिंगापुर में हुई थी।

अब सिंगापुर की एक अदालत को मुख्य जांच अधिकारी की ओर से बुधवार को बताया गया कि जुबीन गर्ग पिछले सितम्बर में लाजरस द्वीप के पास अत्यधिक नशे में थे और लाइफ जैकेट पहनने से इन्कार करने के बाद डूब गए थे। मुख्य जांच अधिकारी ने अदालत को जांच की शुरुआत में बताया कि गायक ने पहले लाइफ जैकेट पहनी थी, लेकिन बाद में उसे उतार दिया और फिर उन्हें दी गई दूसरी लाइफ जैकेट पहनने से भी इन्कार कर दिया। उस समय जुबीन गर्ग अत्यधिक नशे में थे और कई गवाहों ने उन्हें नौका की ओर वापस तैरने की कोशिश करते देखा। जब वे बेहोश हो गए और उनका चेहरा पानी में डूब गया। गर्ग को तुरंत नौका पर वापस लाया गया और उन्हें सीपीआर दिया गया, लेकिन उसी दिन बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

**■ सिंगापुर की अदालत में जांच अधिकारी का दावा**

# थोक मुद्रास्फीति की दर दिसम्बर में बढ़कर 0.83 प्रतिशत रही

**नई दिल्ली।** विनिर्मित उत्पादों के दाम बढ़ने से दिसम्बर 2025 में थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति की दर बढ़कर 0.83 प्रतिशत पर पहुंच गई। सितम्बर 2025 के बाद तीन महीने में पहली बार थोक महंगाई की दर शून्य से ऊपर रही है। इससे पहले नवम्बर में यह शून्य से 0.32 प्रतिशत नीचे थी। वहीं दिसम्बर 2024 में यह 2.57 प्रतिशत रही थी। खाद्य पदार्थों की थोक महंगाई दर गत दिसम्बर में शून्य रही। यह नवम्बर में शून्य से 2.6 प्रतिशत नीचे रही थी।

दिसम्बर में सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई। प्याज 54.4 प्रतिशत, आलू 38.21 प्रतिशत और दालें 13.88 प्रतिशत सस्ती हुई। सब्जियों के दाम भी 3.5 प्रतिशत घटे। वहीं, दूध के दाम 3.23 फीसदी और अंडे, मांस और मछलियों के 1.14 प्रतिशत बढ़े।




**■ सालाना आधार पर आलू, प्याज और दालों की कीमतों में भारी गिरावट देखी गई**

# अमेरिका को पछाड़ दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनेगा भारत

मुंबई, वार्ता

**भारत का सौर** ऊर्जा क्षमता निर्माण बाजार 2026 में छह प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बन जाएगा। वैश्विक जिंस बाजार अनुसंधान फर्म ब्लूमबर्गएनईएफ (बीएनईएफ) की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य लगता है लेकिन 2024 में नीलाम कई परियोजनाओं को अब भी बिजली के खरीदारों का इंतजार है, जो लक्ष्य की राह में एक जोखिम है। इसमें सौर ऊर्जा मॉड्यूल की उत्पादन क्षमता घरेलू मांग से अधिक हो चुकी है। इसके साथ ही इनके निर्माण में कुछ कच्चे माल और हिस्से पुर्जों के लिए आयात निर्भरता बनी हुई है। बीएनईएफ की ओर से मीडिया को उपलब्ध कराई गई इस रिपोर्ट के सारांश में कहा गया है कि इस वर्ष चीन की धीमी गति पड़ेगी और इससे पहली बार वैश्विक सोलर निर्माण में कुल मिला कर कमी होगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी सौर निर्माण बाजार में तेज गिरावट दिख रही है और 2026 में भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा सोलर बाजार बनने के लिए तैयार है। अमेरिका में गिरावट के बीच सौर ऊर्जा इंस्टॉलेशन (स्थापना) में नाम मात्र की वृद्धि जारी है। बीएनईएफ के अनुमान के अनुसार भारत में सौर बिजली क्षमता निर्माण छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 50,000 मेगावाट से थोड़ा अधिक रहेगा। देश में अधिकांश नई क्षमता बड़ी परियोजनाओं के माध्यम बनेगी। इसके अलावा सरकारी सब्सिडी से आवासीय रूफटॉप सौर प्रणाली को बढ़ावा मिल रहा है। अमेरिका में जनकल्याण योजनाओं पर सब्सिडी की कटौती वाले 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट' के कारण इस साल वहां सौर बिजली स्थापना में 14 प्रतिशत की गिरावट आने का अनुमान है। इस विधेयक के अंतर्गत अमेरिका में नए वर्ष में शुरू होने वाली परियोजनाओं को कम लाभ के लिए विदेशी संस्था से संबंधित नियमों का पालन करना होगा, जिससे परियोजना विकास करने वाली कंपनियों के लिए एक और बाधा पैदा होगी। इससे अमेरिका सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण में भारत से पीछे आ जाएगा, जबकि वह 2019 से लगातार दूसरे स्थान पर था। चीन वार्षिक वृद्धि में अपेक्षित गिरावट के बावजूद, काफी बड़े अंतर से दुनिया का सबसे बड़ा सोलर बाजार बना हुआ है।



**■ बीएनईएफ ने एक रिपोर्ट में दी जानकारी**

**■ भारत की सौर ऊर्जा क्षमता निर्माण की वर्तमान गति से 2030 तक पांच लाख मेगावाट की स्वच्छ ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य**

# मजबूत हुआ भारतीय पासपोर्ट 85 से 80वें नंबर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय पासपोर्ट की ताकत पिछले एक साल में बढ़ी है। पासपोर्ट रैंकिंग जारी करने वाले आर्गेनाइजेशन हेनली एंड पार्टनर्स की 2026 की रैंकिंग में भारत 5 स्थान की छलांग लगाकर 80वें नंबर पर पहुंच गया है।

पिछले साल 2025 में भारत की रैंक 85 थी। नई रैंकिंग के मुताबिक, भारतीय नागरिक अब 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा-ऑन-अराइवल यात्रा कर सकते हैं। यह रैंकिंग पासपोर्ट धारकों को बिना पूर्व वीजा कितने देशों में प्रवेश की अनुमति है, इसी आधार पर तय की जाती है। पाक पासपोर्ट दुनिया का 5वां सबसे कमजोर पासपोर्ट है। पाक की नई रैंकिंग 98वीं है। पिछले साल 2025 में पाक की रैंकिंग 103 थी। वहीं, बांग्लादेशी पासपोर्ट 95 वें नंबर पर है और दुनिया का 8वां सबसे कमजोर पासपोर्ट है। सिंगापुर दूसरे साल भी सबसे ताकतवर पासपोर्ट बना हुआ है, जिसे 227 में से 192 देशों में वीजा-फ्री एंट्री है। जापान और द. कोरिया संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

**■ 55 देशों में वीजा फ्री एंट्री, पाकिस्तानी पासपोर्ट पांचवां और बांग्लादेशी पासपोर्ट आठवां सबसे कमजोर**

## संक्षिप्त समाचार

### प्रयागराज में चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में दो सगे भाई समेत चार लड़कों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मंगलवार शाम को चारों तालाब के पास खेल रहे थे। उसके बाद काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों ने तलाश की। लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुधवार सुबह चारों के शव तालाब में तैरते हुए नजर आए। हादसा पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के सल्लाहपुर के पास कुसुआ गांव में हुआ है। मृतकों में तीन नाबालिग और एक 19 वर्षीय लड़का है। पुलिस ने कहा कि मृतकों की शिनाख्त 19 साल के करन पुत्र राजेश, 10 साल के प्रियांशु पुत्र संजीव और दो सगे भाई 10 साल का प्रिंस और 13 साल के प्रतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस सूत्रो के अनुसार वे कल शाम खेलते खेलते तालाब की तरफ गए और उसके बाद चारों तालाब में नहाने लगे, जिसके बाद वो सभी एक साथ गहरे पानी में चले गए और डूब जाने के बाद सभी की मौत हो गई। चारों की मौत के बाद परिवार में मातम का माहौल है।

### श्रद्धालुओं ने लगाई संगम घाटों पर आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के संगम की रेती पर आयोजित हो रहे माघ मेले के दूसरे स्नान पर्व मकर संक्रांति के पहले संगम तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। एकादशी के पर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न घाटों पर आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। एकादशी के पर्व पर सुबह 6:00 तक 9:30 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगा ली है। मेला पुलिस अधीक्षक नीरज पांडेय के मुता. बिक मकर संक्रांति पर्व दो दिन स्नान की परंपरा रही है।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर ने बरपाया कहर

## वेस्ट यूपी के कई जिलों में तापमान और अधिक गिरा, लोग थर्राये

शाह टाइम्स ब्यूरो



मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कड़ाके की ठंड का सिलसिला जारी है। राजधानी लखनऊ में बुधवार को इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की। शहर में न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो चार जनवरी को दर्ज छह डिग्री सेल्सियस के पिछले न्यूनतम स्तर से 0.4 डिग्री कम है।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान और अधिक गिर गया। मुजफ्फरनगर प्रदेश का सबसे ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान गिरकर 2.1 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। यह सामान्य से 3.5 डिग्री कम है और बीते दो वर्षों में दर्ज किया गया सबसे कम तापमान है। मेरठ में न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री (सामान्य से 3.4 डिग्री कम), बरेली में तीन डिग्री, कानपुर शहर में चार डिग्री और हरदोई में 4.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रात के तापमान में गिरावट के कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में शीतलहर और पाला पड़ने की स्थिति बनी हुई है, हालांकि दिन में मौसम अपेक्षाकृत सुहावना रहने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार बुधवार और गुरुवार को भी प्रदेश के कई हिस्सों में शीतलहर का असर बना रहेगा। लखनऊ में आज अधिकतम तापमान लगभग 21 डिग्री और न्यूनतम तापमान छह डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद हवाओं की दिशा उत्तर-पश्चिमी हो गई है, जिससे बीते 48 घंटों में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में दिन और रात के तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। इसके कारण पश्चिमी प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में न्यूनतम तापमान चार डिग्री से नीचे चला गया, जिससे मेरठ, मुजफ्फरनगर और बरेली में शीतलहर की स्थिति बनी। आगामी 48 घंटों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव होने का कोई नहीं अनुमान नहीं है। आगरा, अलीगढ़, मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद और रोहिलखंड मंडल के कुछ हिस्सों में शीतलहर और पाले का असर जारी रह सकता है।

# युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी: जनरल द्विवेदी

नई दिल्ली, वार्ता



सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से अनुशासन तथा समर्पण के साथ देश सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि युवा शक्ति ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत का निर्माण करेगी।

जनरल द्विवेदी ने बुधवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी के गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया। कैडेटों को संबोधित करते हुए उन्होंने उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन के कथन का हवाला दिया और युवाओं को 'नए भारत का चेहरा' बताया। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे सशक्त जनसांख्यिकी शक्ति हैं, जो अनुशासन, उद्देश्य और प्रतिबद्धता के माध्यम से राष्ट्रीय परिवर्तन का नेतृत्व करने में सक्षम हैं। सेना प्रमुख ने ऑपरेशन सिदूर के दौरान कैडेटों के योगदान को भारत की दृढ़ता का प्रतीक बताया। इस अभियान के दौरान देशभर में 75,000 से अधिक एनसीसी कैडेट ने नागरिक सुरक्षा, अस्पताल प्रबंधन, राहत सामग्री वितरण और सामुदायिक सेवा में स्वेच्छा से योगदान दिया। आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कैडेट प्रशिक्षण में शामिल नए उपायों की सराहना की, जिनमें ड्रोन प्रशिक्षण की शुरुआत, पुणीत सागर अभियान, एक भारत श्रेष्ठ भारत, एक पेड़ मां के नाम, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और स्वच्छ भारत अभियान जैसे राष्ट्रीय अभियानों में भागीदारी शामिल है। उन्होंने बताया कि युवा आपदा मित्र योजना के तहत 28 राज्यों के 315 जिलों में 94,400 कैडेट्स को आपदा तैयारी का प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अतिरिक्त 35,000 से अधिक कैडेट ने देशभर में सेना की इकाइयों और सैन्य अस्पतालों के साथ प्रशिक्षण हासिल किया है। जनरल द्विवेदी ने कहा कि एनसीसी सशस्त्र बलों में प्रवेश का एक महत्वपूर्ण माध्यम बना हुआ है और इस वर्ष 150 से अधिक कैडेट का सैन्य प्रशिक्षण अकादमियों में चयन हुआ है।

# संभल फायरिंग में उत्तर प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ: भाकपा

लखनऊ, वार्ता

■ सीओ अनुज, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश को मुद्दा बनाया

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने बुधवार को कहा कि संभल में 24 नवम्बर 2024 को हुई हिंसा में अदालत ने तत्कालीन सीओ अनुज चौधरी, कोतवाल सहित 20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है, जिससे प्रदेश सरकार का झूठ उजागर हुआ है।

पार्ट के कार्यकारी राज्य सचिव ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा ने कहा कि कोर्ट के फैसले से यह पुख्ता हुआ है कि संभल हिसा राज्य प्रायोजित थी। संभल की शाही जामा मस्जिद को 'हरिहर मंदिर' बताकर विवाद खघ करने के प्रकरण में पांच मुस्लिम युवक मारे गए थे। सभी को गोली लगी थी, लेकिन पुलिस ने खुद की गोली से मौतें होने से इनकार किया था। राज्य सरकार ने भी पुलिस की बात को ही दोहराया था। उल्टे आरोप प्रदर्शनकारियों पर ही मढ़ दिया गया था कि उन्हीं की ओर से चलाई गई गोली से मौतें हुईं। पुलिस जांच में पुलिसकर्मियों को क्लीन चिट दी गई थी। कुशवाहा ने कहा कि संभल की सीजेएम कोर्ट द्वारा एक मृतक लघ्के के पिता की याचिका पर सुनवाई के बाद मंगलवार को दिए फैसले से स्पष्ट हो गया कि पुलिस और सरकार द्वारा स्थापित किए गए आख्यान में सच को छुपाया गया। मामले की जांच के लिए सरकार द्वारा गठित न्यायिक आयोग ने भी झूठ नहीं पकघ। कोर्ट ने आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू करने का आदेश दिया है। लेकिन संभल पुलिस अधीक्षक का यह कथन की उच्चतर न्यायालय में इस फैसले के खिलाफ अपील होने तक एफआईआर नहीं दर्ज की जाएगी, न्यायपालिका की अवहेलना है।

## 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ: कांग्रेस

# पीएम मोदी ने बर्बाद कर दी देश की अर्थव्यवस्था

नई दिल्ली।



■ चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है, डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट दर्ज

कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला करते हुए कहा है कि उनकी गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था बर्बाद हो गई है और यही वजह है कि 2025 में भारतीय रुपया एशिया की सबसे कमजोर करेंसी साबित हुआ है।

कांग्रेस ने कहा कि एशिया की बाकी करेंसी के मुकाबले रुपया सबसे ज्यादा गिरा है, जबकि चीनी युआन का प्रदर्शन भारतीय रुपये के मुकाबले बेहतर रहा है। पार्टी का कहना है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की रिकॉर्ड गिरावट न सिर्फ अर्थव्यवस्था पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह हमारी साख का भी सवाल बन गया है। पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया एक्स पेज पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि एशिया में सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी बना रुपया और 2025 में रुपये ने एशिया के देशों की बाकी करेंसी के मुकाबले सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की है। जहां डॉलर के मुकाबले रुपया 6.03 प्रतिशत कमजोर हुआ, वहीं चीनी युआन ने बेहतर प्रदर्शन किया है। पार्टी ने कहा कि रुपये में ऐसी रिकॉर्ड गिरावट- न सिर्फ हमारी अर्थव्यवस्था बल्कि भारत की साख पर भी सवाल खड़े कर रही है। पार्टी ने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि श्री मोदी देश को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने देशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष, उत्तरायण और मकरविलक्कु पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सबकी खुशहाली की कामना की है। खड़गे ने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक संदेश में कहा कि जीवंत फसल परंपराओं को एकजुट होकर मनाने के इस पर्व पर कामना है कि वातावरण कृतज्ञता, आनंद और एकता से भरा हो। इस पर्व पर हम सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हैं। मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु के उत्सव सभी के लिए असीम खुशियां, अच्छा स्वास्थ्य और स्थाई समृद्धि लेकर आएं। गांधी ने कहा कि मकर संक्रांति, पोंगल, सुग्गी हब्बा, माघी, भोगली बिहू, खिचड़ी, पौष पर्व, उत्तरायण और मकरविलक्कु की शुभकामनाएं।

### भाजपा का 'बहिष्कार' ड्रामा, अब परदेसी ताकतों का कर रही स्वागत: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा और उसके संगी-साथी स्वदेशी का नारा लगाते-लगाते अब परदेसी हो गए हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग कल तक चीन से आयात और चीनी सामान के बहिष्कार की बातें कर रहे थे, वही आज खुलेआम उसका स्वागत कर रहे हैं। बुधवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा के वैचारिक उस्ताद पड़ोसी देश से एकदलीय व्यवस्था का 'मास्टर क्लास' ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्तर तक अब मुलाकात पहुंच गई है, उससे साफ है कि इसकी तैयारी कई वर्षों से चल रही थी। ऐसे में बहिष्कार का यह सारा ड्रामा केवल समर्थकों की आंखों में धूल झोंकने के लिए किया गया। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा समर्थक, जो चीनी सामान के बहिष्कार के लिए घर-घर जाकर प्रचार कर रहे थे। आज खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं।



सेंसेक्स 83382.71
निफ्टी 25665.60



सोना रु. 138450
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 254620
प्रति किलो



# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच गिरावट में बंद हुए प्रमुख सूचकांक

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को उतार-चढ़ाव देखा गया और प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 244.98 अंक (0.29 प्रतिशत) गिरकर 83,382.71 अंक पर आ गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 66.70 अंक यानी 0.26 प्रतिशत उतरकर 25,665.60 अंक पर रहा। यह दोनों सूचकांकों का 07 नवम्बर 2025 के बाद का निचला स्तर है। इससे पहले शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में उतार-चढ़ाव रहा। बीच कारोबार में सेंसेक्स ऊपर 83,809.98 अंक और नीचे 83,185.20 अंक तक गया। दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने लिवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.12 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। आईटी, ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, रियलटी और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों पर दबाव अधिक रहा। वहीं धातु और सार्वजनिक बैंकिंग सेक्टरों में जबरदस्त तेजी देखी गई। तेल एवं गैस, स्वास्थ्य और वित्तीय क्षेत्रों की कंपनियों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में एशियन पेंट्स और टीसीएस का शेयर दो प्रतिशत से अधिक टूटा। मारुति सुजुकी, सनफार्मा, हिंदुस्तान यूनीलिवर, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर एक से दो प्रतिशत के बीच टूटे। एलएंडटी, इंडिगो, टाइटन, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और भारती एयरटेल के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक तेजी दर्ज की गई। एनटीपीसी का शेयर भी करीब सवा तीन प्रतिशत और एक्सिस बैंक का लगभग तीन प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल और बीईएल के शेयर एक फीसदी से ज्यादा चढ़े। रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी हरे निशान में बंद हुआ।

# चांदी तीन दिन में 34 हजार रुपये बढ़ी, सोना 1.42 लाख रुपये के ऑल टाइम हाई पर

मुंबई। सोने-चांदी के दाम 14 जनवरी को लगातार तीसरे दिन ऑल टाइम हाई पर हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, एक किलो चांदी की कीमत 14,145 रुपये बढ़कर 2,77,175 रुपये हो गई है। कल इसने 2,63,032 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। तीन दिन में चांदी 34 हजार रुपये से ज्यादा महंगी हो चुकी है। वहीं, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,868 रुपये बढ़कर 1,42,152 रुपये के ऑल टाइम हाई पर ओपन हुआ है। कल इसकी कीमत 1,40,482 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बान्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। पिछले साल यानी 2025 में सोने की कीमत 57,033 रुपये बढ़ी है। 31 दिसम्बर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपये का था, जो 31 दिसम्बर 2025 को 1,33,195 रुपये हो गया। चांदी का भाव भी इस दौरान 1,44,403 रुपये बढ़ा। 31 दिसम्बर 2024 को एक किलो चांदी की कीमत 86,017 रुपये थी, जो इस साल के आखिरी दिन 2,30,420 रुपये प्रति किलो हो गई। अमेरिका के ब्याज दर घटाने से डॉलर कमजोर हुआ और सोने की होल्डिंग कास्ट कम हुई, इससे लोग खरीदने लगे। रूस-यूक्रेन जंग और दुनिया में तनाव बढ़ने से निवेशक सोने को सबसे सुरक्षित निवेश मानकर खरीद रहे हैं।

# चावल नरम, गेहूं, चीनी के दाम बढ़े दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुद्यावार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं और चीनी की कीमतों में तेजी रही। वहीं, दालों और खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।



औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 50 रुपये घटकर 3,814 रुपये प्रति क्विटंल रह गई। गेहूं 22 रुपये महंगा हुआ और 2,885 रुपये प्रति क्विटंल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 16 रुपये बढ़ गई। दाल.दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। चना दाल औसतन 27 रुपये और तुअर दाल तीन रुपये प्रति क्विटंल सस्ती हुई। वहीं, उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मसूर दाल की 16 रुपये प्रति क्विटंल बढ़ गई। मूंग दाल चार रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मार्च वायदा 21 रिंगिट की गिरावट के साथ 4,043 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.63 प्रतिशत चढ़कर 50.53 डॉलर प्रति सैकड़ा पाउंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सरसों तेल की औसत कीमत 73 रुपये और सोया तेल की 14 रुपये प्रति क्विटंल गिर गई। मूंगफली तेल के दाम 104 रुपये और सूरजमुखी तेल के 83 रुपये बढ़े। वनस्पति में 67 रुपये और पाम ऑयल में 51 रुपये प्रति क्विटंल का उछाल आया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव लगभग गत दिवस के अवसर पर टिके रहे। चीनी भी आठ रुपये प्रति क्विटंल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : दाल.दलहन : दाल चना 7767.81 रुपये, मसूर काली 8169.67 रुपये, मूंग दाल 10117.83 रुपये, उड़द दाल 10441.82 रुपये, तुअर दाल 10613.64 रुपये प्रति क्विटंल।

अनाज : द्धभाव प्रति क्विटंलऋ गेहूं दड़ा 2885.38 रुपये और चावल 3813.60 रुपये प्रति क्विटंल। आटा द्धगेहूंऋ 3325.26 रुपये प्रति क्विटंल।

चीनी.गुड़ : चीनी एस 4310.57 रुपये और गुड़ 5010.59 रुपये प्रति क्विटंल बोले गए।

# पाटिल ने नमामि गंगा मिशन के तहत की डॉल्फिन बचाव एम्बुलेंस की शुरुआत

**नई दिल्ली।** जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा है कि सरकार नदियों को केवल जलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि जीवन-सहायक पारिस्थितिकी के रूप में संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और नदी स्वास्थ्य का सच्चा सूचक जलीय जैव विविधता का फलना-फूलना है।

पाटिल ने बुधवार को उत्तराखंड के देहरादून में भारतीय वन्यजीव संस्थान में नमामि गंगा मिशन के तहत कई महत्वपूर्ण पहलों का उद्घाटन किया। उन्होंने गंगा नदी में जैव विविधता संरक्षण के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन परियोजना के परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि भारत अब न केवल अपनी नदियों को साफ करने बल्कि उनकी जैव विविधता, जलीय जीवन और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के लिए भी प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। यह सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं कि आने वाली पीढ़ियां को एक स्वस्थ, संतुलित और जीवनदाई नदी प्रणाली विरासत में मिले। केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान डॉल्फिन रेस्क्यू एम्बुलेंस का उद्घाटन भी किया और कहा कि इससे डॉल्फिन संरक्षण के लिए जारी प्रयासों को और मजबूती मिलेगी। यह एम्बुलेंस गंगा डॉल्फिनों के लिए शीघ्र, संवेदनशील और वैज्ञानिक रूप से सुसज्जित जीवन रक्षक सहायता प्रदान करेगी। डॉल्फिन नदी के स्वास्थ्य का एक संवेदनशील संकेतक है और एम्बुलेंस डॉल्फिन संरक्षण और बचाव का एक बड़ा प्रयास है। पाटिल ने इस दौरान वर्ल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के शोधकर्ताओं और एमएससी छात्रों से भी बातचीत की। नमामि गंगा कार्यक्रम के तत्वावधान में संस्थान ने मीठे जल के संरक्षण में दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें छात्रों को विज्ञान, क्षेत्र कार्य और नीतिगत अध्ययनों के माध्यम से भारत की नदियों, आर्द्रभूमि और मीठे जल के पारिस्थितिकी तंत्र को समझने और संरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

### भाजपा ने केरल सरकार पर 'हिंदू विरोधी' होने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को केरल की वामपंथी सरकार पर 'हिंदू विरोधी होने का आरोप लगाया। यह आरोप केरल के राजस्व अधिकारियों द्वारा तिरुनावाया में आगामी 'महा माघ' उत्सव के लिए एक अस्थाई पुल के निर्माण को रोकने का आदेश जारी करने के बाद लगाया गया है। पूनावाला ने कहा कि उत्सव के लिए आवश्यक पुल के काम को रोकना इस आयोजन को जानबूझकर बाधित करने की एक कोशिश है।

### भाजपा ने राहुल के अस्मिता के आरोप को तथ्यों से परे बताया

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तमिल आवाज दबाने के आरोप को सिरे से नकारते हुए इसे तथ्यहीन और बेबुनियाद करार दिया। भाजपा प्रवक्ता गुरु प्रकाश पासवान ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए गांधी के बयान को शर्मनाक बताते हुए इसे तर्कहीन और वास्तविकता से परे कहा। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 11 वर्षों में तमिल भाषा, संस्कृति और अस्मिता के प्रति जिस स्तर की संवेदनशीलता और सम्मान दिखाया है, वैसा भारत के इतिहास में पहले कभी देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि यह पहली बार हुआ है जब तमिल भाषा और तमिल संस्कृति को न केवल देश के भीतर, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भी गौरव और सम्मान के साथ प्रस्तुत किया गया है। पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक मंचों पर तमिल भाषा, तमिल साहित्य और तमिल विरासत की पहचान को सशक्त रूप से आगे बढ़ाया है।

# सरकार ने शुरू कर दी है अरावली ग्रीन वॉल परियोजना: भूपेंद्र यादव

नई दिल्ली, वार्ता



■ इस पहल के तहत अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा है कि सरकार ने संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम (यूएनसीसीडी) सम्मेलन के तहत भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए अरावली ग्रीन वॉल परियोजना शुरू की है। यादव ने बुधवार को यहां कहा कि इस पहल के तहत, अरावली क्षेत्र में बेकार भूमि की पहचान की गई है।

इस काम में 29 अरावली जिलों के प्रभागीय वन अधिकारी शुष्क और अर्ध-शुष्क परिस्थितियों के अनुकूल देशी प्रजातियों के वृक्षारोपण परियोजना को कार्यान्वित कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर बुधवार को एक पोस्ट में कहा कि आज दिल्ली में संकला फाउंडेशन द्वारा आयोजित अरावली परिदृश्य के पारिस्थितिक पुनर्स्थापन पर राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संकला फाउंडेशन द्वारा बनाई गई 'इको-रिस्टोरेशन ऑफ द अरावली लैंडस्केप' रिपोर्ट का विमोचन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में हम 'अरावली ग्रीन वाल' प्रोजेक्ट पर पूरी संकल्पशक्ति से काम कर रहे हैं। अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत क्षेत्र में 64.5 लाख हेक्टेयर बेकार भूमि की पहचान की गई है, जिनमें से गुजरात, दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान में 27 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में हरितकरण का कार्य शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अरावली की 97 वर्ग किलोमीटर राजस्व भूमि हरियाणा में नौरंगपुर से नूंह तक फैली है और यह बेकार हो चुकी है, जिसकी वनीकरण के लिए पहचान की गई है और बेहतर सुरक्षा प्रबंधन के लिए इसे हरियाणा सरकार ने संरक्षित वन भी घोषित कर दिया है। यादव ने इसे अरावली की रक्षा और संवर्धन के लिए आजादी के बाद का एक प्रमुख नीतिगत हस्तक्षेप बताया और कहा कि मोदी के दृष्टिकोण और हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के सक्रिय समर्थन से यह संभव हुआ है। इस क्षेत्र के पारिस्थितिकी और ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली देश की सबसे पुरानी पर्वत श्रृंखला है और इसने हजारों वर्षों से मानव सभ्यता को आश्रय दिया है।

# महिला की हत्या कर शव गंग नहर की झाड़ियों में फेंका, जांच शुरू

## एसएसपी टीम के साथ मौके पर, सीओ कोतवाल को दिए खुलासे के आवश्यक दिशा-निर्देश, मुँह पर स्लो टेप से दम घुटने की आशंका

**शाह टाइम्स सवांददाता,**

**खतौली।** बुआडा मार्ग से तीन दिन पहले अचानक लापता हुई महिला की नृशंस हत्या कर शव गंगनहर में फेंके जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुधवार सुबह गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर बालाजी पुरम के पास नहर की रेलिंग के समीप झाड़ियों में एक महिला का शव अटका मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान के प्रयास शुरू किए। सोशल मीडिया पर फोटो-वीडियो वायरल होने के बाद मृतका की शिनाख्त हो सकी। मृतका की पहचान ममता शर्मा (पत्नी कृष्णपाल उर्फ कल्लू), निवासी तगान होली चौक के रूप में हुई। वायरल तस्वीरें देखकर मृतका के बहनोई और बेटियां कोतवाली पहुंचे और शव की पहचान अपनी मां के रूप में की। पहचान होते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं। परिजनों के अनुसार ममता शर्मा 10 जनवरी को बुआडा मार्ग से अचानक लापता हो गई थीं। वह घर-घर खाना बनाने का कार्य करती थीं। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास, रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। बुधवार सुबह राहगीरों ने नहर में झाड़ियों के बीच शव देखा और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव बाहर निकाला। प्रारंभिक जांच में शरीर पर स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले, लेकिन महिला के मुँह पर स्लो टेप चिपका होना दम घोंटकर हत्या की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस का मानना है कि हत्यारों ने सबूत मिटाने की नीयत से शव को रात के अंधेरे में नहर में फेंका, लेकिन वह बहने के बजाय रेलिंग के पास झाड़ियों में फंस गया।

मृतका की मांग में सिंदूर और पैरों में पाजेब होना इस बात की ओर संकेत करता है कि वारदात योजनाब) तरीके से अंजाम दी गई। सूचना मिलते ही एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल शुरू कर दी है और महिला के अंतिम बार देखे जाने की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। मृतका की चार बेटियां हैं, जिनमें एक की शादी हो चुकी है। मां का शव देखते ही बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। परिजन एक ही सवाल पूछते रहे हत्या किसने और क्यों की? पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मौत के कारणों की पुष्टि होगी। फिलहाल बच्चों, रिश्तेदारों और परिचितों से पूछताछ जारी है। पुलिस ने जल्द खुलासे का दावा किया है।

## हाईवे पर अनियंत्रित कार ट्रैक्टर-ट्रॉली में घुसी

- **एक की मौत, कई गंभीर, मोबाइल का लोक लगने के कारण बारह घंटे बाद भी परिजनों से नहीं हुआ सम्पर्क**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नेशनल हाईवे पर तेज गति से आई कार आगे चल रही ट्रेक्टर-ट्रॉली में घुस गई कार की गति तेज होने के कारण अनियंत्रित हो गई और इस भयानक हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके कई साथी घायल हो गए। तुरंत ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन करीब दस-बारह घंटे बाद भी मृतक के परिजन मौके पर नहीं पहुंचे और बेहोश होने के कारण घायलों के पास मिला मोबाइल का लोक भी नहीं खुल पाया जिससे पुलिस और डॉक्टर सम्पर्क करने के लिए भागदौड करते रहे।

दिल्ली के गांव डानसा थाना जाफरपुर निवासी 30 वर्षीय रवि पुत्र रामवीर सिंह अपने दो साथियों संदीप पुत्र चन्द्रहास निवासी गांव मीतरा थाना बाबनी हरिदास दिल्ली व मोहित पुत्र नसीब सिंह निवासी गांव भैस खुर्द थाना सांपला जनपद रोहतक हरियाणा के साथ बुधवार सुबह साढे 11 बजें के लगभग अपनी वैगन आर से दिल्ली से हरिद्वार घूमने जा रहे थे। जैसे ही ये लोग हाईवे पर भारत मेडिकल कालेज के पास पहुंचे तो तेज गति से होने के कारण अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और पीछे से ईटों से भरी ट्रेक्टर ट्राली में टक्कर मार दी।

इससे कार सवार तीनों युवक गम्भीर घायल हो गए। कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस के द्वारा उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां पर चिकित्सकों ने रवि को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों का जिला अस्पताल में ही उपचार चल रहा है।

# सड़क दुर्घटना में हुई युवक की दर्दनाक मौत

- **पुलिस ने चालक के विरुद्ध की रिपोर्ट दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक युवक की सडक हादसे में दर्दनाक मौत हो गयी। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। मिली जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की सायं करीब 26 वर्षीय गौरव कुमार पुत्र विनोद अपनी बाइक से अपने घर से शामली जिले के लिए किसी जरुरी काम के लिए जा रहा था। जब वो करीब सायं तीन बजे बुढ़ाना कोतवाली की गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में मेरठ वाया करनाल हाइवे पर स्थित एचपी पैट्रोल पम्प पर आया तो तेज रफ्तार एक अन्य बाइक के चालक ने गौरव की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें गौरव बाइक समेत अनियंत्रित होकर हाइवे के बीचों बीच बने डिवाइडर से जा टकराया। जिसमें गौरव का सिर डिवाइडर में लगने से गौरव की मौके पर दर्दनाक मौत हो गयी जबकि आरोपी बाइक चालक घटना को अंजाम देकर अपनी बाइक समेत फरार होने में कामयाब हो गया। उधर आते जाते कुछ राहगीरों की सूचना पर गढ़ी सखावतपुर पुलिस चौकी के कुछ पुलिसकर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और खून से लथपथ गौरव को सीएचसी बुढ़ाना पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने गौरव को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पुलिस ने मृतक गौरव के मोबाइल फोन पर परिजनों को दी तो रोते बिलखते परिजन मौके पर आए। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सांत्वना देते हुए शव को पीएम के लिए भिजवाकर मृतक के पिता विनोद कुमार पुत्र तिलकराम की तहरीर पर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चालक की तलाश शुरु कर दी।

# मृतक सोनू कश्यप के परिजनों से मिले सांसद, पूर्व मंत्री व अफसर







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मेरठ में मुजफरनगर के सोनू कश्यप की निर्मम हत्या का मामला हर रोज गर्मा रहा है और पीड़ित परिवार से मिलने के लिए राजनैतिक और सामाजिक लोगों का उनके घर पर तांता लगा हुआ है। बुधवार को भी राजनैतिक और सामाजिक लोगों की भीड यहां इकट्ठा हुई इसी बीच जिलाधिकारी और एसएसपी ने भी पीडित परिवार के बीच पहुंचकर मृतक के परिजनों को सांत्वना दी और दोनो अधिकारियों ने जनपद मेरठ पुलिस द्वारा की जा रही कडी कार्यवाही से भी अवगत कराया। उधर पूर्व मंत्री संजीव बालियान और सांसद हरेन्द्र मलिक ने सोनू कश्यप के परिजनों को ढांढस बढ़ाया और संभाव आर्थिक सहायता और कडी कार्यवाही का आश्वासन दिया।

सोनू कश्यप के घर पहुंचे सांसद ने परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बढ़ाया और इस दुखद घटना में उन्होने हर संभव सहायता दिलाने औकर कार्यवाही का आश्वासन दिया। सांसद हरेन्द्र मलिक ने कहा कि सोनू कश्यप की हत्या एक शर्मनाक और बेहद दुखद घटना है जिसकी जितनी निंदा की जाए उतना कम है और उन्होने कहा कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बक्शा नहीं जाना चाहिए। हरेन्द्र मलिक ने तुरंत ही निष्पक्ष जांच और कार्यवाही की मांग तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग भी की है।

उधर सोनू कश्यप के पीडित परिजन से मिलने के लिए पूर्व मंत्री संजीव बालियान भी पहुंचे और उन्होन इस दुख की घड़ी में उनके हर संभव मदद करने और कराने का आश्वासन दिया उन्होने प्रशासन से भी आर्थिक सहायता और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की मांग उठाई।

पूर्व मंत्री ने पीडित परिवार को मिलकर उन्हे सांत्वना दी। बता दे कि विगत दिवस आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर भी सोनू कश्यप के परिजन से मिलने पहुंचे थे और उन्होने पीडब्ल्यू गेस्ट हाउस पर परिजनों से मुलाकात की थी।






# फर्जी बैनामा कराकर 28 लाख की ठगी में दो दबोचे

■ फर्जी कागजों पर बैंक चैकों के माध्यम से की थी ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/शाहपुर।** शाहपुर पुलिस ने दो ऐसे लोगों को गिरफ्तार किया है जिन्होने 28 लाख की धोखाधडी कर फर्जी बैनामा कराया था। इस घटना का मुकदमा शाहपुर थाने में दर्ज था। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर दस लाख 50 हजार रूपये बरामद होना बताया है।

पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि 07 जुलाई 2025 से 12 नवंबर 2025 तक भूमि के फर्जी कागजात तैयार कर ग्रामीण से 28 लाख की धोखाधडी की गई थी। यह मुकदमा सबाकरीम पुत्र फैज मौहम्मद निवासी ग्राम सोरम थाना शाहपुर ने दर्ज कराया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद विवेचना शुरू करते हुए घटना से संबंधित साक्ष्यों को इकट्ठा किया। उन्होने बताया कि छानबीन के बाद पुलिस ने 14 नंवबर 2025 को इस मामले में फरार चल रहे राजवीर उर्फ राजू पुत्र जयभगवान निवासी ग्राम शाहडब्बर थाना बुढ़ाना और इस्लाम उर्फ मुन्ना पुत्र मौ. शमसाद निवासी लद्दावाला को गिरफ्तार किया। पुलिस कप्तान ने बताया कि आरोपियों को सोरम गेट से गिरफ्तार किया गया और उनकी निशान देही पर दस लाख पचास हजार रूपये भी बरामद किए गए। पुलिस कप्तान ने यह भी जानकारी दी कि ग्राम बसीकलां स्थित अतीक बैग व तौफीक बैग की भूमि के फर्जी कागजात तैयार किए गए थे और दस जुलाई 2025 को 13 बीघा भूमि का एग्रिमेंट 7,55,000 रूपये प्रति बीघा की दर से आठ महीने में रजिस्ट्री कराने को दिए गए था इसके अवज में दो बैंको के चैक भी प्राप्त किए गए तथा हासिम को तौफिक पुत्र रफीक बैग व इस्लाम को अतीक बैग पुत्र रफीक बैग बनाकर फर्जी आधार कार्ड बनाकर गए थे। फर्जी पहचान पत्र एवं फर्जी बैंक खाता खुलकर चैकों की धनराशि खातों में डलवाई गई और बाद में धीरे-धीरे उन्होने आपस में बांट ली थी। पुलिस ने पूर्ण कार्यवाही करते हुए उन्हे जेल भेज दिया।



# चालक की लापरवाही से हुई मौत, पत्नी ने कराया मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** जोली गंग नहर पुल के पास हुए सड़क हादसे में युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक की पत्नी द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

भोपा थाने पर दी तहरीर में दरकशा ने बताया कि उसका पति राजा उर्फ रिजवान पुत्र शमशूदीन निवासी मोहल्ला खिड़की आगा, फतेहपुर सीकरी आगरा बीते 20 दिसंबर को नोएडा से भगवानपुर रुड़की जाने के लिए कार संख्या यूपी 16 डीएफ 4277 किराये पर लेकर जा रहे थे। कार में राजा उर्फ रिजवान के साथ चालक विनोद निवासी नोएडा तथा शिवम सवार थे। आरोप है कि चालक विनोद तेज गति व लापरवाही से वाहन चला रहा था। रात्रि करीब 11 बजे चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर गांव जौली के पास कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे सरकारी नल से टकरा गई थी।

हादसे में राजा उर्फ रिजवान गंभीर रूप से घायल हो गए थे।पुलिस ने उन्हें सरकारी अस्पताल भोपा पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। परिवार में शोक के चलते पहले रिपोर्ट नहीं दर्ज कराई जा सकी थी। मृतक की पत्नी दरक्शा की तहरीर पर पुलिस ने कार चालक विनोद निवासी नोएडा के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# खेत को खुर्द बुर्द कर किसान को मारपीट कर किया घायल

**मोरना।** खेत को खुर्द बुर्द करने व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कार्यवाही की गुहार पुलिस से लगाई है। मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव नरा निवासी अमीरहसन ने बताया की भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर के पास लुकादडी के जंगल में खसरा न. 298 म में 32 बिघा जमीन खरीद रखी है जिसका बैनामा मेरे और मेरी घरवाली जन्नती के नाम है। दस वर्षो से इस जमीन को नितिन निवासी हाजीपुर को ठेका पर दे रखी है। बुधवार की दोपहर मजलिसपुर निवासी आरोपी अपने साथ दस अज्ञात लोगों को लेकर हाथो में लाठी-डन्डे ओर देशी तमन्चे व तलवार लेकर उसके खेत पर आये आरोपियों ने दबंगता दिखाते हुए खेत को जबरदस्ती ट्रैक्टर से जोत दिया वहाँ पर मौजूद ठेकेदार के भाई टीटू व विकास ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ मारपीट कर तमंचे से फायर कर दिया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म में उम्रकैद

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने किशोरी के अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को उम्र कैद की सजा और उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना लगाया है न्यायाधीश ने यह फैसला सबूत व गवाहों के आधार पर सुनाया है। तितावी पुलिस को एक पीड़ित ने 10/11 अप्रैल 2021को एक तहरीर देकर अवगत कराया था कि सुमित कुमार पुत्र करण सिंह निवासी ग्राम धोलरी थाना तितावी उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया है तहरीर में दुष्कर्म की घटना होना भी बताया गया था पुलिसने इस मामले को धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 3/4 पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था इसके बाद पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 27 मई 2021 को आरोपी सुमित कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद मुकदमे के विवेचक ने कार्यवाही को आगे बढ़ाया और पूर्ण सबूत व छानबीन कर 28 मई 2021 में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया गया। यह मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट में विचाराधीन था इस मुकदमे की पैरोकारी एडीजीसी विक्रांत राठी और कोर्ट पैरोकार प्रमोद कुमार द्वारा की गई। कोर्ट ने दोनो पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीले सुनी दोनो ही ओर से न्यायाधीश के समक्ष अपने-अपने तर्क रखे गए। कोर्ट में घटना से संबधित सबूत व गवाह भी पेश किए गए जहां सबूत व गवाहो के आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी सुमित कुमार को बीस वर्ष की कैद की सजा सुनाई है और उस पर बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है।

# कड़े विरोध के बीच रास्ते को किया गया खुर्द बुर्द, ग्रामीणों में रोष

**भोपा।** गांव रहकडा मे भोपा- मुज़फ्फरनगर मार्ग के निकट शमशान भूमि की पेमाईश के उपरांत राजस्व विभाग की टीम द्वारा चिन्हाकन किया गया। जेसीबी मशीन द्वारा शमशान भूमि की मेढ़ लगाई गयी।तथा शमशान भूमि पर बने रास्ते को बंद कर दिया गया वही वही ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। भोपा थाना क्षेत्र के गांव रहकडा में शमशान भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत ग्रामीणों द्वारा की गई थी।जिसके बाद राजस्व विभाग की टीम द्वारा शमशान भूमि की पेमाईश की गयी। बुधवार को राजस्व विभाग की टीम द्वारा भोपा पुलिस की मौजूदगी मे जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई कर शमशान भूमि की मेंढ लगाई गयी। नायब तहसीलदार अजय कुमार ने बताया की खसरा नंबर 1531 मे जिसका रकबा रकबा 0.4500 है का चिन्हाकन किया गया है।साथ ही शमशान भूमि पर ग्राम पंचायत द्वारा बनाये गये सरकारी रास्ते को उखाड़ कर अवरुद्ध कर दिया गया।

रास्ते को पंचायत का बताकर उखाड़कर अवरुद्ध करने को लेकर कुछ ग्रामीणों ने विरोध करने का प्रयास किया जिसपर पुलिस ने उन्हें मौके से हटा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि इस रास्ते पर लगभग 50 वर्षो से चलते आ रहे हैं और यह मामला कोर्ट में विचारधीन चल रहा है इसके बीच भी प्रशासन ने अपनी हर धर्मी से रास्ते को खुर्द बुर्द करा दिया इस दौरान नायब तहसीलदार विपिन कुमार, राजस्व निरीक्षक प्रमोदपाल लेखपाल सचिन बालियान, अंकित कुमार व ग्राम सचिव योगेश धीमान मौजूद रहे।





### 50 साल पुराने रास्ते को बंद करने से ग्रामीण नाराज

**भोपा।** हालांकि, ग्रामीण इस कार्रवाई से सहमत नहीं हैं। उनका आरोप है कि इस प्रक्रिया में एक ऐसा रास्ता बंद हो गया है जो पिछले करीब 50 वर्षों से चला आ रहा था और गांव के लिए अत्यंत उपयोगी था। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व तत्कालीन ग्राम प्रधान ने इस रास्ते पर ईंटों का खदांचा लगवाया था और बाद में इंटरलॉकिंग भी करवाई गई थी। उन्होंने कहा कि यह रास्ता सार्वजनिक हित में बनाया गया था और इससे उन्हें काफी लाभ था। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इस रास्ते को तुरंत खोलने की मांग की है।

### प्रधान पति बोले- कार्रवाई गलत, हाई कोर्ट में दायर करेंगे याचिका

ग्राम प्रधान पति परवेज आलम ने भी प्रशासन की इस कार्रवाई पर असहमति जताते हुए कहा, ष्यह रास्ता आधी सदी से अधिक समय से अस्तित्व में है और पूर्व प्रधान ने इसे विकसित करवाया था।रास्ते का मामला अभी कोर्ट में विच. ाराधीन है, फिर भी प्रशासन ने रास्ता बंद कर दिया, जो कि गलत है। हम इस संबंध में अदालत में याचिका दायर करेंगे

# गौकशी से अर्जित की करोड़ों की संपत्ति होगी कुर्क

## बुढ़ाना सीओ के निर्देश पर पुलिस ने की कार्यवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गौकशी के काले कारोबार से अर्जित की गयी करोड़ों रुपये की सम्पत्ति कुर्क करने के आदेश रतनपुरी पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी से प्राप्त कर लिए हैं। बताया जाता है कि बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर थाना रतनपुरी के प्रभारी निरीक्षक के द्वारा सजाया"ता गैंगस्टर अपराधी जाहिद पुत्र मुनफैत निवासी ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा थाना रतनपुरी मुजफ्फरनगर द्वारा अपराध से अवैध धन अर्जित कर स्वयं एवं अपने परिजनों के नाम खरीदी गयी करीब 15 करोड 50 लाख रुपये की सम्पत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) में कुर्क कराने के आदेश सक्षम प्राधिकारी से पारित कराये गये।

सजायाफ्ता अभियुक्त जाहिद गैंग लीडर है। जिसके सदस्य उसके पुत्र खालिद, आमिर और अन्य लोग हैं जिनके द्वारा हत्या, गौकशी, हत्या का प्रयास जैसी संगीन घटनाएं की गयी हैं। गैंग लीडर जाहिद ने अपराध से अर्जित अवैध सम्पत्तियों को अपनी पत्नी और पुत्रों के नाम किया हुआ था। कुर्क सम्पत्तियों में ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा मे दो अलग अलग कृषि भूमि, ग्राम रियावली नंगला मे एक और कृषि भूमि, ग्राम हुसैनाबाद भनवाडा में फिर दो अलग अलग कृषि भूमि, एक पिकअप गाड़ी और दो मोटर साइकिले हैं। इस सभी संपत्ति की कीमत साढ़े 15 करोड़ रूपये आंकी गयी है। इन सभी लोगों पर 18 अपराधिक मामले दर्ज हैं। रतनपुरी पुलिस ने इन सभी संपत्तियों को कुर्क करने की कार्यवाही शुरु कर दी है।

### तितावी पुलिस ने वापस कराए 1,60,000/-

**बघरा।** सारइबर हेल्प डेस्क थाना तितावी पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर धोखाधडी से निकाली गई 1,60,000/- की नगदी वापस कराई है।

तितावी पुलिस ने बताया कि ग्राम हैदरनगर निवासी मांगेराम पुत्र जय सिंह ने सात जनवरी को तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात लोगों ने साइबर धोखाधडी करते हुएउसके खाते से 1,60,000/- रूपये की नगदी निकाली है। पुलिस ने सबसे पहले बैंक से सम्पर्क कर धनराशि को फिर्ज कराया और इसके बाद छानबीन व भागदौड कर मांगेराम के 1,60,000/- यानि की पूर्ण धनराशि वापस कराई है। बता दे कि शासन प्रशासन द्वारा जनता को लगातार जागरूक किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी लापरवाही का नतिजा है कि लोग ठगी का शिकार हो रहे है।

# गंगनहर घाट पर दानपात्र फिर निशाने पर, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**खतौली।** खतौली स्थित गंगनहर घाट पर असामाजिक तत्वों के हौसले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार देर रात गंगनहर महिला घाट (रोड साइड) पर लगे दानपात्र को ईंट मारकर तोड़ने का प्रयास किया गया, जबकि घाट के गेट को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना से श्रद्धालुओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

बताया जा रहा है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी करीब दो सप्ताह पूर्व इसी घाट पर मंदिर के दानपात्र को तोड़कर चोरी करने की कोशिश की गई थी, लेकिन पुलिस अब तक अज्ञात आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा सकी है। बार-बार हो रही घटनाओं ने स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ा दी है। सूचना मिलने पर गंगनहर सेवा समिति के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। समिति ने चोरी के प्रयास में शामिल शरारती तत्वों की जल्द पहचान कर कठोर कार्रवाई की मांग की है। श्रद्धालुओं का कहना है कि रात्रि के समय गंगनहर पुल पर पुलिस की मौजूदगी के बावजूद इस तरह की घटनाओं का होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद हैं। श्रद्धालुओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इन घटनाओं पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लगातार दानपात्रों को निशाना बनाए जाने से क्षेत्र में भय और असंतोष का माहौल बना हुआ है।

# डा. सोनू कश्यप के नेतृत्व में निकाला केंडल मार्च





**बुढ़ाना।** मेरठ में गत दिनों सोनू कश्यप नाम के एक युवक की निर्ममतापूर्वक हत्या के विरोध में बुढ़ाना कश्यप समाज के सैंकड़ों लोगों ने बुधवार को कश्यप समाज खाप बुढ़ाना के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप के नेतृत्व मेंघ केंडिल मार्च निकाला और गहरा दुख व्यक्त कर मृतक के परिवार को आर्थिक मदद देने की मांग कर आक्रोश भी जताया।

अपने कश्यप समाज के सैंकड़ों लोगों की भीड़ का नेतृत्वघ कर रहे डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा मेरठ में सोनू कश्यप ने परिवार वालों को फोन कर उसके साथ मारपीट की सूचना दी थी। पुलिस ने एक टेंपो चालक को गिरफ्तार कर केस बंद करने का प्रयास किया। पुलिस आरोपियों को बचाने के प्रयास में लगी है। हत्या में सलावा गांव के कई लड़के भी शामिल हैं। मामले में निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों को फांसी देने, पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा दिलाने की मांग की गई और साथ ही मृतक के परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी, समाज के लोगों पर हो रहे हमलों को बंद कराने की मांग की गई। केंडिल मार्च पारसी बस अढे से शुरु हुआ जो नदी मंदिर रोड को होता हुआ पुरानी सब्जी मंडी को निकलकर महावीर तिराहे पर समाप्त हुआ। खाप चौधरी डॉक्टर सोनू कश्यप के नेतृत्व में कश्यप समाज के नेताओं ने हाथों में मोमबत्ती लेकर कैंडल मार्च निकाला। यहां मुकेश कश्यप, रोहित कश्यप, अनिल कश्यप, कल्लू कश्यप, मुकेश मनमोहन कश्यप आदि मौजूद थे। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद था।

### कुमारी अनुज ने अपनी टीम को दिलाया स्वर्ण पदक

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव रायपुर अटेरना के निवासी प्रमोद भट्ट की सुपुत्री कुमारी अनुज शर्मा ने अपनी मेहनत के बल पर एक बहुत बडी ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त करते हुए अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलवाकर गांवघ क्षेत्र का नाम रोशन किया। इसको लेकर पूरे गांव रायपुर अटेरना में खुशी का माहौल है।घ इस बारे में जानकारी देते हुए जोगिंद्र शास्त्री ने बतलाया कि कुमारी अनुज शर्मा ने हरियाणा टीम की ओर से सीनियर नैशनल नेटबॉल चौंपियनशिप 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को स्वर्ण पदक दिलाकर न केवल अपने परिवार, गांव, जनपद एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है बल्कि सम्पूर्ण भट ब्राह्मण समाज का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर उज्ज्वल किया है। यह उपलब्धि इस सत्य को प्रमाणित करती है कि प्रतिभा, परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प के समन्वय से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता। खेल के मैदान में अनुज शर्मा द्वारा प्रदर्शित साहस, समर्पण और संघर्ष आने वाली पीढ़ियों की बेटियों के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा।

# जानसठ मार्ग ओवरब्रिज पर फिसलन होने से दुर्घटना में दरोगा सहित कई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** बुधवार को जानसठ मार्ग स्थित ओवरब्रिज अचानक हादसों का गढ़ बन गया, जब सड़क पर फैले चिपचिपे पदार्थ ने यातायात को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। इस पदार्थ के कारण एक के बाद एक वाहन फिसलते चले गए और देखते ही देखते आधा दर्जन से अधिक दोपहिया व चारपहिया वाहन आपस में टकरा गए। दुर्घटनाओं में वाहन चालकों के साथ-साथ लाडपुर चौकी प्रभारी दरोगा सूर्य प्रताप भी घायल हो गए।

खतौली जानसठ मार्ग ओव. रब्रिज पर किसी अज्ञात वाहन से चिपचिपा पदार्थ फैल गया था। जैसे ही वाहन उस स्थान से गुजरने लगे, टायरों का संतुलन बिगड़ गया और वाहन फिसलते चले गए। सबसे पहले एक दोपहिया वाहन गिरा, जिसके बाद पीछे से आ रहे वाहन उसे बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर टकराते चले गए। कुछ ही पलों में ओवरब्रिज पर अफरातफरी मच गई। दुर्घटनाओं में कई वाहन सड़क पर गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि कई वाहन आपस में भिड़ गए। हादसों में लोगों को हाथ-पैर और सिर में चोटें आईं। अचानक हुई घटनाओं से ओवरब्रिज पर चीख-पुकार मच गई और राहगीरों में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही लाडपुर चौकी प्रभारी दरोगा सूर्य प्रताप पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे, लेकिन स्थिति संभालने के दौरान वे स्वयं चिपचिपे पदार्थ पर फिसलकर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को सहायता पहुंचाई। लगातार वाहनों के फिसलने और सड़क पर गिरे वाहनों के कारण ओवरब्रिज के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। घंटों तक यातायात बाधित रहा और जाम में फंसे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और यातायात को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया गया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद सड़क पर फैले चिपचिपे पदार्थ को साफ कराया और क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाया। इसके बाद यातायात को धीरे-धीरे सुचारु किया जा सका। घायल दरोगा समेत सभी घायलों को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, मुकदमा दर्ज

**मोरना।** गांव चौरावाला निवासी युवक ने एक व्यक्ति पर लाखों रुपए की ठगी का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी वकील ने बताया की मेरठ के गांव दबथुवा गढ़ी निवासी नंदकिशोर पुत्र धर्मपाल सिंह ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में संविदा पर नौकरी लगवाने का झांसा देकर 5.40 लाख रूपये ले लिए और फर्जी नियुक्ति पत्र दे दिया। पीड़ित से तीन माह तक एजुकेशन डेवलपमेंट स्टूडेंट सर्वे प्रोग्राम का काम कराया गया। लेकिन वेतन नहीं दिया गया। पीड़ित वकील ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी से अपने रुपए वापस दिलाने की मांग की है पुलिस ने आरोपी नंदकिशोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दि है।

## अवैध हथियारों के साथ दो कुख्यात बदमाश दबोचे

**खतौली।** अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खतौली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने अवैध हथियारों के साथ घूम रहे दो शातिर अपराधियों को धर दबोचते हुए उनके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस उप महानिरीक्षक के निर्देशन एवं पुलिस अधीक्षक नगर के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह कार्रवाई अंजाम दी। उप निरीक्षक आरिफ अली, पंकज चौधरी तथा कांस्टेबल मुकेश यादव, वलबीर सिंह और नवीन कुमार की टीम ने मंगलवार को जसौला चौराहे से फलावदा रोड स्थित जावन कार्टे के पास घेराबंदी कर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शादाब अली पुत्र सरफराज अली और फिरोज उर्फ अफरोज पुत्र इदरीश के रूप में हुई है, जो मोहल्ला कुंगरपटी व खालसा पटी, ग्राम सूजडु, थाना खालापार, जनपद मुजफ्फरनगर के निवासी हैं। पुलिस के मुता. बिक दोनों अभियुक्तों के खिलाफ थाना खतौली पर पूर्व से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों में हड़कंप मच गया है और पुलिस की सक्रियता की सराहना की जा रही है।

## भयंकर ठंड के चलते न्यायिक कार्यों से अलग रहे अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढाना और क्षेत्र में कडाके की ठंड को देखते हुए अघधिवक्ता न्यायिक कार्यो से पूर्णत विरत रहे। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे बार एसोसिएशन बुढ़ाना के समस्त पदाधिकारियों की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अघधिवक्ताओं ने कहा कि कडाके की ठंड के कारण वादी, प्रतिवादी व अधिवक्ता समय पर न्यायालय में नही पहुंच सकेंगे। बैठक में सबकी सहमति से न्यायिक कार्यो से पूर्णतरू विरत रहने का निर्णय लिया गया। निर्णय की कॉपी सभी न्यायालयों में भेज दी गई। बैठक में बार एसोसिएशन के पदाघधिकारी तथा अन्य अधिवक्ता भी मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रुप से बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी, महासचिवघ ओमपाल सिंह मलिक डुंगर, पूर्व अध्यक्ष विनय त्यागी, पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह वर्मा, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, पूर्व अध्यक्ष अवध बिहारी लाल गर्ग, शौ सिंह राणा, एसपी मलिक, दीपक राठी, हसरत अली राणा नंगला, प्रशांत शर्मा, फिरोज मंसूरी, अलीम सिद्दीकी, आबाद कुरैशी, मौहम्मद मियां रिजवानी, रविंद्र सिंह, संजय त्यागी और हरबीर सिंह आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## खेड़ी सराय में चक रोड से हटाया गया अवैध कब्जा

**मीरापुर।** ग्राम खेड़ी सराय में खसरा संख्या 429 पर स्थित लगभग 100 मीटर लम्बी चकरोड से हटवाये गये कब्जे से किसानों को राहत मिली है। कानूनगो संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि ग्राम खेडी सराय के जंगल में स्थित चकरोड को गांव के ही रिफाकत पुत्र रजा हुसैन द्वारा कई वर्षों से बंद कर रखा गया था। ग्रामीणों की शिकायत पर राजस्व विभाग ने कार्यवाही की और ग्राम खेड़ी सराय के जंगल में खसरा संख्या 429 सरकारी अभिलेखों में चकरोड के नाम से दर्ज है। शिकायत के बाद लेखपाल सचिन कुमार, लेखपाल सुखराम पाल, लेखपाल ओमवीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी शामिल रहे। जब कब्जा हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई तो कब्जाधारी द्वारा कड़ा विरोध किया गया, जिसके चलते राजस्व विभाग को पुलिस बल बुलाना पड़ा।

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0266/01.01.21 मे नियमों की जानकारी न होने के कारण पुत्र का नाम दर्ज नहीं कराया गया। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम पार्थ धीमान है। पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रोहित धीमान**
**निवासी - 252 रामपुरी**
**ज़िला मुज़फ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स0 6957/ 06.08.11 मे गलती से पुत्री का नाम गौरी अंकित करा दिया गया, जबकि वास्तविक नाम गौरी धीमान है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**विनोद कुमार**
**निवासी -159 नया बांस**
**ज़िला मुज़फ्फरनगर**

# मकर संक्रांति पर श्री शिव संस्कृत विद्यालय में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण

■ यज्ञशाला का वार्षिक उत्सव धूमधाम से संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर श्री शिव संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, थानेश्वर महादेव, खतौली परिसर में नवनिर्मित भवन का भव्य उद्घाटन एवं यज्ञशाला का वार्षिक उत्सव श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार और हवन-पूजन के साथ वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा अतिथियों एवं दानदाताओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ आचार्य कृष्ण गोपाल शर्मा, प्रधानाचार्य प्रदीप शर्मा, रवनीत गौड़, प्रकाश शर्मा, रविश कुमार, आचार्य शिवम्, योगेन्द्र शर्मा सहित अन्य सम्मानित जनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक महेन्द्र राणा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सहस्त्रांशु कुमार सुमन, उपनिरीक्षक संस्कृत पाठशाला सुधीर कुमार, डॉ. महेन्द्र प्रताप सिंह (उपशिक्षा निदेशक) शामिल रहे। इनके अतिरिक्त कमल लोचन, विशाल लोचन (महेशपुर फार्म), गिरीश शर्मा, विनीत शर्मा, गौरव 'बंटी' शर्मा (नगर अध्यक्ष, राष्ट्रीय लोकदल युवा), आशीष शर्मा व अन्य कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

अतिथियों ने विद्यालय के नवनिर्मित भवन की सराहना करते हुए इसे संस्कृत शिक्षा के प्रसार और संस्कार निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे शिक्षण संस्थान भारतीय संस्कृति, परंपरा और वैदिक ज्ञान को नई पीढ़ी तक पहुंच. ाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन ने सभी आगंतुकों, सहयोगियों एवं दानदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने किया निर्माणाधीन स्वास्थ्य इकाइयों का निरीक्षण, आवश्यक दिशा-निर्देश जारी

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद मुज़फ्फरनगर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया द्वारा आज विभिन्न निर्माणाधीन स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति, भवन की संरचना एवं उपयोग में लाई जा रही सामग्री का अवलोकन कर संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोहाना, शेरनगर स्थित ड्रग वेयरहाउस तथा क्रिटिकल केयर 100 बेडेड विंग, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जानसठ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय उन्होंने निर्माण कार्य से संबंधित विभिन्न पहलुओं की जांच की तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित मानकों एवं समय-सीमा के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

डॉ. सुनील तेवतिया ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने, सुरक्षा मानकों का पालन करने तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य स्वास्थ्य विभाग के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप ही किए जाएं ताकि भविष्य में इन स्वास्थ्य इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि निर्माण कार्य की नियमित समीक्षा की जाए तथा आवश्यकतानुसार तकनीकी बिंद. ुओं पर सुधार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्य को समयब) रूप से पूर्ण कराने पर विशेष ध्यान देने को कहा।

## कातिलाना हमले के एक आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**भोपा।** विधवा बेटी से छरू दिन की नवजात बच्ची को छीनकर हत्या करने के इरादे से छीना झपटी का विरोध करने पर चाकूओं से कातिलाना हमले में विधवा की मां -मौसी को घायल करने के मामले में जेठ को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। भोपा थाना गांव निवासी दिलशाद ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि बीते शुक्रवार शाम भोकरहेड़ी निवासी नजर मोहम्मद, सावेज, जावेद व भोपा निवासी फुरकान जबरदस्ती मेरे घर के अन्दर घुस आए तथा मेरी विधवा बेटी सानिया को गाली गलौज करते हुए उसकी छरू दिन की नवजात पुत्री को संपत्ति की हकदार बताते हुए हत्या करने के इरादे से छीना झपटी करने लगे। मेरी पत्नी इसराना व मेरी साली शहराना ने बच्ची को बचाने के लिए इनका विरोध किया तो इन्होंने जान से मारने की नीयत से दोनों पर चाकुओं से हमला कर दिया था। घायलों को भोपा सीएचसी पर लाया गया जहां दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी नजर मोहम्मद को मोरना राजवाहे से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

**कार्यालय मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि मुजफ्फरनगर विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र के अन्तर्गत द हैप्पी रेन्टर अधिकृत हस्ताक्षरी श्रीमती करिश्मा, पत्नी श्री आयुष चौधरी, निवासी त्रिलोकपुरम, कूकडा, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के द्वारा ऑनलाईन मानचित्र सं. -MZDA/BP/COMP/25-26/0386 के द्वारा अपनी भूमि खसरा सं0-1564म व 1562म, मौहल्ला-आनन्द विहार, जनपद-मुजफ्फरनगर, उ.प्र. के कुल क्षेत्रफल 416.00 वर्गमी. पर विद्यमान व्यावसायिक (सेक्टर शॉपिंग) ''के प्रयोजन का मानचित्र स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

प्रश्नगत स्थल खसरा सं0-1564म व 1562म, मौहल्ला-आनन्द विहार, जनपद-मुजफ्फरनगर का भू-उपयोग मुजफ्फरनगर महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) के अनुसार 25 मीटर चौडे महायोजना मार्ग का विस्तार / मार्गाधिकार छोडने के उपरान्त ''आवासीय (400 से 750 व्यक्ति / हेक्टेयर)'' भू-उपयोग में दर्शित है।

अवगत कराना है कि उ.प्र. विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियाँ तथा आदर्श जोनिंग रेगूलेशन्स-2025 के अध्याय-15 (आदर्श जोनिंग रेगूलेशन) के प्रस्तर 15.3.2 (मैट्रिक्स) के 2.3 के अनुसार ''आवासीय'' भू-उपयोग के अन्तर्गत ''शॉपिंग सेन्टर'' की क्रिया सामान्यत: अनुमन्य उपयोग के अन्तर्गत अनुमन्य है। जोनिंग रेगूलेशन / महायोजना के अनुसार प्रमुख भू-उपयोग जोन के अन्तर्गत पूर्व विकसित योजनाओं/क्षेत्रों में मूल उपयोग से इतर क्रिया/ उपयोग (भले ही जोनिंग रेगूलेशन के अनुसार ऐसी क्रिया/उपयोग सामान्यत: अनुमन्य / सशर्त अनुमन्य हो) अनुमन्य किये जाने हेतु 15 दिवस की समयावधि प्रदान करते हुए जनता से आपत्ति / सुझाव, उचित माध्यमों से आमन्त्रित किये जायेगें एवं इन आपत्तियों /सुझावों के निस्तारण के उपरान्त ही स्वीकृति / अस्वीकृति की कार्यवाही की जायेगी। अनुज्ञा से सम्बन्धित आवेदन-पत्र का निस्तारण प्राप्ति की दिनांक से अधिकतम 60 दिन में सुनिश्चित किया जायेगा।

उक्त प्रकरण के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/अन्य द्वारा अपनी आपत्ति / सुझाव प्रकाशन तिथि से 15 दिवस की अवधि के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल (mdamzn@yahoo.co.in) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि व्यतीत होने के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर विचार नहीं किया जायेगा।

**सचिव**
**विकास प्राधिकरण, मुजफ्फरनगर**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र इमरान अहमद मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। गलत संगत में पड़ गया है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ गाली गलौच व मारपीट करता है। इसलिए मैने व मेरे परिवार ने इमरान अहमद से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इमरान अहमद को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद इसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन का स्वयं जिम्मेदार होगा।

**जमील पुत्र फिरतू अहमद निवासी**
**380 नसीरपुर मार्ग, सुभाष नगर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# जल निगम की लापरवाही से चार मकान खिले



**बुढ़ाना।** कई वर्षों से चली आ रही जल निगम की छोटी बडी लापरवाही समय समय पर बुढ़ाना कस्बे के नागरिकों पर भारी पड़ रही है। अभी अंडर ग्राउंड पाइप लाइन को बिछाने के लिए जगह जगह से तोड़े गये मार्गों को सही कराए जाने का मामला ठंडा भी नहीं पडा था कि बुधवार को सायं सैंकड़ों वार्डवासी भयंकर सर्दी में उस समय गरम हो गये जब मौहल्ले के चार लोगों के मकान जल निगम की लापरवाही से खिल गये।

मौहल्ले के लोगों ने मजदूरों को काम करने से रोक दिया तो मौके पर पहुंचे जलघ निगम के जेई को आक्रोशित वार्डवासियों ने बंधक बना लिया। ईओ ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कर जांच कमैटी गठित की। उधर मकान मालिकों ने मुआवजे की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहबाडा सेन सलमानी वाली गली में जल निगम के द्वारा अंडर ग्राउंड पाइप लाइन का काम शुरु किया हुआ है। ठेकेदार जहां से जमीन खोदते हैं वहां का काम अधूरा छोड़कर आगे जमीन खोदनी शुरु कर देते हैं।घ जिसके चलते वार्डवासियों के साथ साथ आने जाने वालों को भी भारी असुविधा उठानी पड़ती है।घ बुधवार के दिन इसी मौहल्ले में जब पानी ना आने की समस्या के चलते नगर पंचायत के कर्मचारी गोविंद अपनी लेबर के साथ ग्ढा खोदकर कार्य कर रहे थे तो गढे में अचानक से पानी भर गया। तब मौहल्ले के लोगों ने इनघ कर्मचारियों से जलघ निगम के जेई व ठेकेदार को बुलाने को कहा तो वे भी मौके पर आ गये। लोगों ने बताया कि जल निगम की कारस्तानी के चलते जमीन के अंदर का पुराने पाईप का जो जोड़ है वो काफी दिनों से टूट गया है। जिसे कई बार शिकायत करने के बाद भी ठीक नहीं किया गया। परिणाम ये रहा मौहल्ले के परदेशी सेन, सुधीर सेन, राहुल सेन व खलील सलमानी का मकान नींव के अंदर पानी जाने से जगह जगह से खिल गया। इनमें परदेशी का मकान आगे की और झुक गया है ये भी आरोप लगाया गया। आक्रोशित लोगों ने भाजपा नेता हिमांशु संगल व सभासद अजय संगल के नेतृत्व में जेई को बंधक बनाकर बैठा लिया और हर्जाने की मांग की। मौके पर पहुंचे ईओ आलोक रंजन ने सभी को शांत कर 3 सदस्यीय कमैटी जांच के लिए गठित की। यहां नगर पंचायत से सुधीर कुमार भी मौजूद रहे।

## मकान खिलने से ईंटें गिरी, राहगीर-बच्चा हुआ घायल

**बुढ़ाना।** मकान की नींव में पानी भरने के कारण जमीन की और झुके मकान की मालकिन पारुल पत्नि विकास सेन ने बताया कि उनका मकान जलघ निगम की लापरवाही से झुक गया है। जो कभी भी गिर सकता है। कोई बड़ी दुर्घटना कब हो जाए कहा नहीं जा सकता है। उनका मासूम पुत्र कुंज पिछले हफ्ते मकान में जगह जगह तरेड़ आ जाने के कारण एक ईंट के पैर में गिर जाने के कारण घायल हो गया। एक राहगीर के उपर भी ईंट गिरी। जिसमे राहगीर और उनके बीच हंगामा हुआ। पारुल ने जल निगम से मकान के खिलने का मुआवजा मांगा है।

## सभासद अजय संगल ने रुकवाया था कार्य.....

**बुढ़ाना।** मौके पर मौजूद सभासद अजय संगल ने बताया जब जल निगम के कर्मचारी ठेकेदार के कहने पर जगह जगह से सड़क तोड़ने लगे तो उन्होंने मौहल्ले के लोगों की सहूलियत को देख कहा था कि जहां से मार्ग तोड़ें वहीं काम पूरा कर आगे बढ़ें मगर जेई ठेकेदार पर उनकी बातों का कोई असर नहीं हुआ तो उन्होंने वार्ड के लोगों का नुकसान देखते हुए काम बंद करा दिया था। मगर आज फिर वही स्थिति जल निगम ने पैदा कर दी। जिस कारण वार्डवासी भड़के।

## मतदाता एनएसडी लिस्ट जरुर चेक करें : कोही

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के वार्ड नंबर 13 के निवासी अनस कोही ने बुधवार के दिन एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि बुढ़ाना के सभी कस्बावासियों से अपील है कि अगर आपका नाम ड्राफ्ट वोटर लिस्ट में आ गया है तो फिलहाल चुप न बैठें। थोड़ा एक्टिव रहें। सबसे पहले अपने बीएलओ के पास जाकर एएसडी लिस्ट जरुर चेक करें कहीं आपका नाम उसमें तो नहीं है। इसके बाद बीएलओ से यह भी पूछें कि आपके नाम से कोई नोटिस तो जारी नहीं हुआ है। यह काम आप अपने वार्ड के सभासद से भी कहें ताकि समय रहते मामला क्लियर हो जाए। अगर किसी भी तरह का ऑनलाइन काम कराना हो या आपका नाम वोटर लिस्ट में नहीं मिल रहा तो अपना बीएलओ या अपने बीएलओ से तुरंत संपर्क करें। समय रहते जांच करना बहुत जरूरी है बाद में परेशानी से बेहतर है अभी थोड़ा समय निकाल लेना।

## संक्षिप्त समाचार

### ठाकरे और नेताजी जयंती एक साथ मनाएगी क्रांति सेना

**मुजफ्फरनगर।** आगामी 23 जनवरी 2026 को पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में आजाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस तथा हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे की जयंती को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा आज क्रांतिसेना / शिवसेना कार्यालय पर आयोजित बैठक में शिवसेना के पश्चिम उत्तर प्रदेश प्रमुख ललित मोहन शर्मा ने कहा कि 23 जनवरी 2026 का दिन देशवासियों के साथ-साथ शिवसेना के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है आज के दिन आजाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं व हिंदू हृदय सम्राट माननीय बालासाहेब ठाकरे जी की सभी जयंती देशभर में धूमधाम के साथ मनाई जाएगी, शिवसेना कार्यकर्ता और क्रांतिसेना कार्यकर्ता भी पश्चिम उत्तर प्रदेश में दोनों महान नेताओं की जयंती को भव्य तरीके से मनाएंगे उन्होंने पश्चिम उत्तर प्रदेश के सभी शिवसेना जिला प्रमुख ओर क्रांतिसेना अध्यक्षों को 23 जनवरी को दोनों महान नेताओं की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए, इस अवसर पर महासचिव पंडित संजीव शंकर मंडल प्रमुख शरद कपूर क्रांतिसेना जिला अध्यक्ष मुकेश त्यागी शिवसेना जिला प्रमुख बिटू से खेड़ा क्रांतिसेना महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम चौधरी आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

### डा.की लापरवाही: मौत के मुंह से लौटी मासूम इशू

**खतौली।** खतौली क्षेत्र के पमनावली गांव में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां मृत घोषित की गई मासूम बच्ची की सांसें लौटने के बाद उसकी हालत में लगातार सुधार देखा जा रहा है। इस चमत्कारिक घटनाक्रम से जहां परिवार और ग्रामीणों में खुशी का माहौल है, वहीं लापरवाह चिकित्सक और निजी अस्पताल के खिलाफ लोगों का आक्रोश भी तेज होता जा रहा है।

गांव निवासी परमानंद की मासूम पुत्री इशू की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे उपचार के लिए कस्बे के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में कई घंटों तक इलाज करने के बाद चिकित्सकों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। यह खबर सुनते ही परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन बच्ची के शव को घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इसी दौरान अचानक मासूम के शरीर में हरकत दिखाई दी और उसकी सांसें चलने लगीं। यह दृश्य देखकर परिजन और ग्रामीण स्तब्ध रह गए। कुछ ही पलों में मातम का माहौल खुशियों में बदल गया। परिजनों ने इसे ईश्वर का चमत्कार मानते हुए मिठाइयां बांटीं और प्रभु का आभार जताया। बुधवार को बच्ची की हालत में और सुधार देखा गया। परिजनों के अनुसार अब इशू आंखें खोल रही है, आस-पास मौजूद लोगों को पहचानने की कोशिश कर रही है और इशारों में प्रतिक्रिया भी दे रही है। फिलहाल बच्ची का उपचार घर पर ही चल रहा है और उसकी स्थिति पहले से बेहतर बताई जा रही है। इस घटना ने निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और चिकित्सकीय जिम्मेदारी पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। बिना पूरी चिकित्सकीय जांच और पुष्टि के किसी मरीज को मृत घोषित करना भारी लापरवाही मानी जा रही है। गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में इसको लेकर भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी चिकित्सक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मासूम के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना को लेकर ग्रामीणों ने मंदिर में पूजा-अर्चना की, प्रसाद वितरित किया और बच्ची की लंबी उम्र की दुआ मांगी।

### शुक्रताल में पुलिस थाना निर्माण को अधिकारियो ने किया भूमि का चयन

**मोरना।** शुक्रताल अथवा शुकतीर्थ मे नये पुलिस थाने की स्थापना को लेकर शासन प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास जारी हैं। बुधवार को एसडीएम जानसठ द्वारा थाने के निर्माण के लिए वनभूमि को चिन्हित किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के शुकतीर्थ में नये पुलिस थाने की स्थापना को सरकार द्वारा कई बार घोषणा की जा चुकी है।इस बार थाने की स्थापना को प्रशासन गंभीर है।थाना स्थापना मे भूमि का चयन महत्वपूर्ण था। बुधवार को उपजिलाधिकारी जानसठ राजकुमार भारती व क्षेत्राधिकारी देववृत वाजपेयी द्वारा शुकतीर्थ मे स्थित वन विभाग के कार्यालय के पास मुख्य मार्ग किनारे सुरक्षित वन्य जीव विहार की भूमि को चिन्हित किया गया।उपजिलाधिकारी ने बताया की खसरा संख्या 27 मे 6.9800 हेक्टेयर अथवा लगभग 100 बीघा भूमि को चिन्हित कर शासन अनुमति के लिए भेजा गया है। इस दौरान नायब तहसीलदार बृजेश कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह,राजस्व निरीक्षक सुनील शर्मा, लेखपाल प्रवीण कुमार, वन रक्षक अमित पुंडीर आदि मौजूद रहे।

### रविकांत की बरामदगी को सोहजनी तगान में बुलाई गई पंचायत



**मंसूरपुर।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव सोहजनी तगान स्थित सिद्ध बाबा साहब मंदिर परिसर में गांव के गुमशुदा युवक रविकांत त्यागी की बरामदगी को लेकर मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में एक पंचायत का आयोजन किया गया।पंचायत की अध्यक्षता अरविंद शर्मा ने की तथा संचालन मास्टर राजेश त्यागी द्वारा किया गया।पंचायत में उपस्थित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए गहरी नाराजगी जताई।इस दौरान मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी आनंद देव मिश्र को स्पष्ट रूप से अल्टीमेटम देते हुए मांगेराम त्यागी ने कहा गया कि पुलिस के पास युवक को खोजने के लिए अब केवल 10 दिन का समय है।यदि तय समयसीमा में रविकांत त्यागी की बरामदगी नहीं होती है,तो गांव और क्षेत्र के सम्मानित लोग आगे की रणनीति स्वयं तय करेंगे। पंचायत को संबोधित करते हुए मांगेराम त्यागी ने कहा कि पुलिस प्रशासन गांववासियों को कमजोर न समझे।उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अब तक बहुत संयम रखा गया है,लेकिन यदि जरूरत पड़ी तो आगे होने वाला धरना लंबा और निर्णायक होगा।उन्होंने कहा कि एक माह से अधिक समय बीत चुका है,लेकिन पुलिस अब तक युवक का कोई सुराग लगाने में असफल रही है। मांगेराम त्यागी ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर भी तीखा प्रहार करते हुए कहा कि सभी केवल वोट की राजनीति में लगे हैं।अब तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने यह जानने की कोशिश नहीं की कि युवक की बरामदगी को लेकर पुलिस क्या कार्यवाही कर रही है। उन्होंने कहा कि अबकी बार जनप्रतिनिधियों को वोट की चोट देकर सबक सिखाया जाएगा। बताया गया कि कुछ माह पूर्व गांव में हुई एक बाइक चोरी के मामले में पड़ोसी अनिल त्यागी के पुत्र पर आरोप लगा था।आरोप है कि पुलिस द्वारा बार-बार दबिश दिए जाने और दबाव बनाए जाने के चलते 8 दिसंबर को अनिल त्यागी की पत्नी ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली थी।उसी दिन दोपहर में अनिल त्यागी का छोटा पुत्र रविकांत त्यागी घर आया था,लेकिन पुलिस के भय के कारण थोड़ी देर रुकने के बाद चला गया,तब से वह लापता है। इस मामले को लेकर पूर्व में मांगेराम त्यागी के नेतृत्व में एसएसपी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन भी किया गया था, जिसके बाद राखी पब्लिक स्कूल पुलिस चौकी प्रभारी अमित चौधरी को लाइन हाजिर कर दिया गया था।उस समय पुलिस ने 5 दिन के भीतर युवक को बरामद करने का आश्वासन दिया था, लेकिन तय समय बीतने के बावजूद पुलिस के हाथ अब भी खाली हैं। बुधवार की पंचायत में गांव तथा आसपास के क्षेत्र से सैकड़ों लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में युवक की शीघ्र बरामदगी की मांग की।

# पीडीए प्रहरी एक्सप्रेस के जरिए गांव-गांव मतदाताओं को जगाएगी समाजवादी पार्टी: हरेंद्र

## साजिश के तहत कटने नहीं दिया जाएगा एक भी पात्र वोट: पंकज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आगामी चुनावों के मद्देनजर समाजवादी पार्टी ने अपनी चुनावी तैयारियों और मतदाता जागरूकता अभियान को तेज कर दिया है। इसी क्रम में 'पीडीए प्रहरी एक्सप्रेस' वाहन को रवाना किया गया, जो जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर जनता को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक कर रहा है।

कार्यक्रम के दौरान सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) प्रहरी एक्सप्रेस का मुख्य उद्देश्य हर व्यक्ति को उसके वोट की ताकत समझाना है। उन्होंने कहा कि यह वाहन गाँव-गाँव, गली-गली जाकर लोगों को बताएगा कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए सही समय पर वोट बनवाना और उसका प्रयोग करना कितना अनिवार्य है।

चरथावल विधायक पंकज मलिक ने कड़े शब्दों में कहा कि प्रशासन और विपक्षी दलों की किसी भी प्रकार की लापरवाही या साजिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश देते हुए कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि सूची से एक भी पात्र मतदाता का वोट कटने न पाए। यदि कहीं धांधली की कोशिश हुई, तो समाजवादी पार्टी सड़क से सदन तक आवाज उठाएगी।

इस अभियान के संयोजक और पीडीए प्रहरी सपा नेता शमशेर मलिक के नेतृत्व में पीडीए प्रहरी वाहन निरंतर सक्रिय है।

शमशेर मलिक ने बताया कि वाहन के साथ मौजूद टीम नई वोट बनवाने में आ रही तकनीकी और प्रशासनिक परेशानियों को दूर करने में जनता की मदद कर रही है। जिन मतदाताओं के नाम कट गए हैं या फॉर्म भरने में दिक्कत आ रही है, उनका समाधान मौके पर ही करने का प्रयास किया जा रहा है।

इस दौरान मुख्य रूप से डॉक्टर नूरहसन सलमानी, कपिल मलिक, योगेंद्र बालियान, वसीम राणा, सनव्वर खान, सागर कश्यप, दीपक कुमार आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट

**मोरना।** क्षेत्र के गांव ढासरीं में सड़क निर्माण को लेकर दो पक्षों में कहासुनी के होने के बाद जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार चले दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज किया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढासरीं निवासी वेदपाल ने बताया कि बीते शनिवार को उसका भतीजा अर्पित घर के दरवाजे पर बैठा था तथा घर के सामने सीसी सड़क का निर्माण हो रहा था तभी पड़ोस के युवक ने फावड़े से नाली का पानी बंद कर दिया जिसका विरोध अर्पित ने किया तो आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़ित के भतीजे के ऊपर जान से मारने की नीयत से फावड़े से सिर पर वार कर दिया जिससे अर्पित गंभीर रूप से घायल हो गया पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ ककरौली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।



मुजफ्फरनगर: पीडीए वाहन को रवाना करते पंकज मलिक।

## भगवंत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज में च्यवनप्राश अवलेह उत्पाद का औपचारिक शुभारंभ

**मीरापुर।** भगवंत आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में आयुर्वेदिक औषध निर्माण एवं व्यावहारिक शिक्षण को नई दिशा देते हुए च्यवनप्राश अवलेह उत्पाद का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह उपलब्धि कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय च्यवनप्राश निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राप्त हुई, जिसमें आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में वर्णित शास्त्रीय विधि के अनुसार इस औषधि का निर्माण किया गया।

च्यवनप्राश अवलेह का निर्माण रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग के अंतर्गत वैद्य डॉ. शेखर सोलंकी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, डायरेक्टर डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, डिप्टी डायरेक्टर डॉ. पुष्पनील, जी.एम.सी.ए. दुष्यंत कुमार, प्रिंसिपल डॉ. संजय गुप्ता, डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, डॉ. शीतल राजपूत, डीन डॉ. अजय सिंह तथा डॉ. अभय वैश द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। उत्पाद लॉन्च के अवसर पर चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह ने निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए विभाग के इस शैक्षणिक, व्यावहारिक और नवाचारपूर्ण प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे उत्पाद-आधारित कार्यक्रम विद्यार्थियों को आयुर्वेदिक औषध निर्माण की वास्तविक प्रक्रिया से जोड़ते हैं, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर एवं कुशल वैद्य बन सकेंगे। रस शास्त्र एवं भैषज्य कल्पना विभाग ने भविष्य में भी इसी प्रकार अन्य आयुर्वेदिक औषधियों के निर्माण एवं उनके उत्पाद लॉन्च से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. नीरज गाहल्यान, डॉ. आशीष, डॉ. नितिन, डॉ. राहुल, डॉ. प्रीति, डॉ. पूजा, डॉ. नेहा, डॉ. कमल, डॉ. शमशेर सिंह, डॉ. हिमांशु राज एवं योगेंद्र कुमार सहित अनेक शिक्षक, चिकित्सक और विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

# पार्टी का दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है जनाधार : मौलाना इमरान



**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी ने कहा कि पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं आप किसी को भी हताश और निराश होने की कोई जरुरत नहीं है।

दिन प्रतिदिन सांसद असदुद्दीन ओवैसी का काफिला बढ़ता ही जा रहा है और एक दिन ऐसा आएगा कि यह पार्टी पूरे भारत देश में अपना जबरदस्त परचम लहराकर रहेगी क्योंकि अधिकांश पार्टियों के सुप्रीमो सांसद असदुद्दीन औवेसी से घबराए हुए हैं और उनके संपर्क मे हैं।

एआईएमआईएम जिला अध्यक्ष मौलाना इमरान कासमी बुधवार के दिनघ कस्बा बुढ़ाना के पुल पार स्थित फ़ैज़ गार्डन में एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं से रूबरु होकर पार्टी के बढ़ते जनाधार को संबंध में बातचीत कर रहे थे। वे यहां एआईएमआईएम के जिला महासचिव आजम फारुकी के भतीजे बहदत फारुकी की शादी में आए थे। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में अभी से ही जुट जाने के निर्देशघ दिए। वलीमे में शमीम फारुकी, शहरुल त्यागी, खालिद मलिक, हाजी दीन मुहम्मद अब्बासी, राव कुंवर उस्मान, अब्दुल माजिद, सै"यद बाबर, युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान, सपा नेता वसीम राणा जोला, तोसीफ राही, भीम आर्मी के जिला संगठन मंत्री हाजी नसीम अंसारी, भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार अहमद, अब्दुल रहीम, कारी गफ्फार राणा और पत्रकार नसीम कुरैशी आदि शामिल रहे।

# तितावी चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर होने लगी है घटतौली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** किसानों को क्यू नहीं मिल रहा हे न्याय, किसकी शह पर किसानों के साथ की जा रही हे गन्ना क्रय केन्द्रो पर घटतोली प्रदेश मे जहाँ गन्ना पैराई सत्र चालू हुए कई माह बीत चुके है और प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने के मूल्य मे भी बढ़ोतरी कर किसानों को कुछ हद तक राहत दी है।

हालांकि महंगाई को देखते हुए किसानों द्वारा गन्ना मूल्य मे और अधिक बढ़ोतरी की मांग की जा रही थी जिससे किसानों को कुछ राहत मिले और गन्ने का मूल्य किसानों द्वारा साढ़े चार सौ रुपए करने की मांग की जा रही थी।

हालांकि यह बढ़ोतरी कई वर्ष बाद की गयी हे पिछले वर्ष गन्ना मूल्य मे कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी थी वही गन्ना पैराई सत्र चालू होते ही गन्ना किसानों के साथ गन्ना क्रय केन्द्रो पर घटतोली की शिकायते आनी शुरू हो गयी और तीतावी चीनी मिल के अनेको गन्ना क्रय केंद्र पर किसानों द्वारा घटतोली करने का आरोप लगाया गया हे वही किसानों ने प्रत्येक किसान के साथ हर गन्ना बुग्गी पर घटतोली करने का आरोप तीतावी शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर लगाया हे वही अनेको किसान नेता व प्रगतिशील किसान यामीन त्यागी ने भी तीतावी शुगर मिल के गन्ना क्रय केंद्रों पर घटतोली रोकने की मांग करते हुए किसानों को घटतोली से निजात दिलाने की मांग की है

## 24 जनवरी को आयोजित होगा कृषक वैज्ञानिक संवाद : उप कृषि निदेशक

**मुजफ्फरनगर।** कृषि निदेशक प्रमोद सिरोही ने बताया है कि जनपद में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस का आयोजन नुमाइश मैदान मुजफ्फरनगर में किया जा रहा है । उप कृषि निदेशक द्वारा अवगत कराया गया की जिलाधिकारी के निर्देशानुसार 24 जनवरी को आत्मा योजना अंतर्गत कर्षक- वैज्ञानिक संवाद एव कृषि सूचना तंत्र के सुख्रढ़ीकरण एव कृषक जागरूकता कार्यक्रम अन्तर्गत विकासखंड स्तरीय रबी मेले एव कृषि प्रदर्शनी का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें किसानो को उन्नत खेती , सहफसली कृषि तकनीक आदि की जानकारी देने के साथ साथ विभिन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों सम्मानित किया जाएगा ।

# ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को राजकीय पुस्तकालय से जोड़ने की चलेगी मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमलकिशोर देश भूषण की अध्यक्षता में राजकीय जिला पुस्तकालय समिति की जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया बैठक में राजकीय जिला पुस्तकालय के प्रभारी डॉ रणवीर सिंह ने एजेण्डा रखते हुए कहा कि पुस्तकालय परिसर में खाली पड़ी भूमि में टाइलीकरण ,समस्त भवन की रंगाई पुताई,बालिका शौचालय का निर्माण,और गार्ड रूम आदि की आवश्यकता है इस हेतु शासन से बजट की माँग की जाएगी । पुस्तकालय भवन के सामने लगे होर्डिंग हटाने , भवन के सामने लगातार बसों के शोर से छात्र छात्राओं को होने वाली परेशानियों , पुस्तकालय के समय परिवर्तन, पाठकों से लिए जाने वाले शुल्क,परिसर में संचालित अभ्युदय कोचिंग को भी अन्य स्थान पर संचालित करने,शौचालयों की सफ़ाई हेतु एक नियमित सफ़ाई कर्मी रखने पर भी विचार किया गया मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सभी समस्याओं और सुझावों पर गंभीरता से हल करने का आश्वासन दिया ।पुस्तकालय प्रभारी डॉ रणवीर सिंह ने बताया कि वर्तमान में लाइब्रेरी में आने वाले विद्यार्थियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं और नियमित रूप से कैरियर काउन्सलिंग और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता सम्बन्धी कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है बैठक में लाइब्रेरी से संबंधित लघु वीडियो और पी पी टी के माध्यम से जानकारी दी गई।

बैठक में सतेन्द्र कुमार,विजय कुमार,जिला सूचना अधिकारी,बाबू सिंह, प्राचार्य डायट श्विवदीपक त्रिपाठी, उषा अग्रवाल, विपिन त्यागी, डॉ राजीव कुमार, डॉ के पी सिंह, सुभाष चंद, मनोज राजपूत, आशीष द्विवेदी उपस्थित रहे ।

# नई मंडी में व्यापारियों ने जोश-खरोश से मनाई लोहड़ी

**मुजफ्फरनगर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा नई मंडी स्थित चौडी गली पर लोहड़ी का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर व्यापारियों ने ढोलकी थाप पर नृत्य कर एक दूसरे को लोहड़ी की बधाइयां दी। मुख्य अतिथि संजय मित्तल ने कहा कि इस पावन पर्व पर नई फसल का आगाज होता है तथा बड़े दिन की भी शुरुआत होती है कार्यक्रम में अग्नि प्रज्वलित कर तिल रेवड़ी पॉपकॉर्न और मूंगफली का प्रसाद वितरण कर सभी की सुख शांति की कामना की गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से आशुतोष गुप्ता,मुदित जैन, महेश चौहान, राजेंद्र सिंघल, मो. हनलाल, आलोक जैन, अनुराग सिंघल, संजीव बत्रा,विपिन मित्तल,



नीरज गांधी, सुभाष, विवेक अग्रवाल रमेश शर्मा, नवीन बिंदल, पंकज जैन, ऋषभ जैन, सचिन गोयल, मदनलाल, दिनेश बंसल, मनोज खट्टर, लवी गोयल, विवेक गर्ग, सुशील सिंगला राहुल सिंगल, मदन बंसल, अचिन सागर, भारत जैन, अनुज जैन, सतपाल जैन, मनी तायल, संजय बंसल, लोकेश मल्हन, मनोज शर्मा, अजय गर्ग नवीन बंसल विपिन जैन, सुनील कुच्छल, अभिषेक कुच्छल, आदित्य भरतिया सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे

# 725 किसानों ने बेचा 1614 मीट्रिक टन धान

**मुजफ्फरनगर।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जनपद मुजफ्फरनगर में जिलाधिकारी द्वारा 06 धान क्रय केन्द्र सदर एट नवीन मण्डी मुजफ्फरनगर, चरथावल एट नवीन मण्डी मुजफ्फरनगर,जानसठ एट मीरापुर मण्डी, मोरना, पुरकाजी एवं बढीवाला) स्थापित किये गये हैं। 12 नवम्बर तक 725 किसानो द्वारा धान विक्रय हेतु अपना पंजीकरण कराया गया है। किसानों द्वारा कराये गये पंजीकरण के सापेक्ष 569 किसानो का सत्यापन सम्बंधित तहसील द्वारा किया जा चुका है। दिनांक 12.11.2025 तक जनपद में 1614.51 मी0टन धान का क्रय किया जा चुका है एवं 353 किसानों को मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत एम0एस0पी0 पर धान विक्रय करने का लाभ प्राप्त हो चुका है। जनपद में स्थापित सभी क्रय केन्द्रों पर धान क्रय सम्बन्धी समस्त आवश्यक व्यवस्थायें उपलब्ध हैं। जनपद का कोई भी किसान अपनी सुविधानुसार जनपद के किसी भी क्रय केन्द्र पर पर प्रात: 09 बजे से सांय 05 00 तक अपना धान विक्रय कर सकता है।

## मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सोनू के परिजनों को दिये एक लाख

मुजफ्फरनगर। मेरठ जिले के सरधना क्षेत्र में हुई युवक सोनू कश्यप की हत्या के बाद बुधवार को उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री (दिव्यांगजन) एवं ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने मृतक सोनू के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की तथा मौके पर मौजूद पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को मामले में निष्पक्ष एवं गंभीर जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार न्याय और कानून के आधार पर चल रही है, इसलिए किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। परिवार को एक लाख की निजी सहायता, सरकारी मदद का भी आश्वासन दिया।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन होंगे।

# बढ़ती ठंड से कांपा जनजीवन, शीत लहर ने तोड़ा रिकॉर्ड

## किड़किड़ाते दांत, ठिठुरते हाथ पैर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में लगातार बढ़ती ठंड और तेज शीत लहर ने आम जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। जनवरी के मध्य में ठंड अपने चरम पर पहुंच गई है। दिन निकलते ही घना कोहरा और ठंडी हवाएं लोगों को घरों में कैद कर देती हैं, जबकि शाम ढलते ही सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। तापमान में लगातार गिरावट के कारण लोग सुबह-शाम ही नहीं, बल्कि दिनभर ठिठुरते नजर आ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि लोग कई परतों में गर्म कपड़े पहनने के बावजूद ठंड से राहत महसूस नहीं कर पा रहे हैं।

शीत लहर का सबसे अधिक असर गरीब, मजदूर, फुटपाथ पर रहने वाले और दिहाड़ी मजदूरों पर देखने को मिल रहा है। सुबह-सुबह काम की तलाश में निकलने वाले मजदूर अलाव के आसपास सिमटे नजर आते हैं। बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, चौराहों और बाजारों में जगह-जगह लोग लकड़ी और कचरा जलाकर खुद को गर्म रखने की कोशिश कर रहे हैं। किड़किड़ाते दांत और सुन्न पड़ते हाथ इस बात की गवाही दे रहे हैं कि ठंड ने लोगों की सहनशक्ति की परीक्षा लेनी शुरू कर दी है।

ठंड के चलते बाजारों की रौनक फीकी पड़ गई है। आम दिनों की तुलना में दुकानों पर ग्राहकों की संख्या काफी कम नजर आ रही है। शाम होते ही अधिकांश दुकानदार जल्दी दुकानें बंद कर घर लौट जाते हैं। ठेला लगाने वालों की कमाई पर भी ठंड का सीधा असर पड़ा है। उधर, ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी गंभीर हैं, जहां खुले खेतों और कच्चे मकानों में रहने वाले लोग ठंड से बचाव के लिए सीमित संसाधनों के सहारे रात गुजारने को मजबूर हैं।ठंड का प्रकोप बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। अस्पतालों और निजी क्लीनिकों में सर्दी-जुकाम, खांसी, बुखार और सांस संबंधी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। चिकित्सकों का कहना है कि शीत लहर के दौरान लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें, गर्म कपड़े पहनें, गरम तरल पदार्थों का सेवन करें और बच्चों व बुजुर्गों को विशेष सावधानी के साथ रखें। प्रशासन की ओर से कुछ स्थानों पर अलाव जलाने और रैन बसेरों की व्यवस्था की गई है, लेकिन स्थानीय लोगों का कहना है कि यह इंतजाम जरूरत के हिसाब से नाकाफी हैं। ठंड की तीव्रता को देखते हुए अलाव की संख्या बढ़ाने और गरीबों को कंबल वितरण की मांग भी उठ रही है। जिससे कुछ राहत मिल सके। अनुभवी लोगों ने आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की बात कही है। उनके अनुसार शीत लहर का प्रकोप अभी जारी रहेगा और तापमान में और गिरावट आ सकती है। ऐसे में लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। कुल मिलाकर बढ़ती ठंड और शीत लहर ने आम जनजीवन को जकड़ लिया है और हर कोई अलाव की आग के सहारे इस कड़ाके की सर्दी से जूझता नजर आ रहा है।



## कोहरे के कारण ट्रक की टक्कर से अंडों से भरी पिकअप क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** घने कोहरे के कारण बुधवार सुबह नेशनल हाइवे बाईपास रोड पर अंडरपास के नीचे सड़क हादसा हो गया। अंडों से भरी एक पिकअप गाड़ी को पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप चालक और अंडा व्यापारी की जान बाल-बाल बच गई, लेकिन वाहन में लदे दर्जनों कैरेट अंडे टूट गए, जिससे व्यापारी को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह कैराना से शामली की ओर जा रही पिकअप गाड़ी द्धसंख्या एचआर 67 डी 2472ऋ में करीब 800 कैरेट अंडे लदे हुए थे, जिन्हें मुजफ्फरनगर के रास्ते बिजनौर भेजा जा रहा था। जैसे ही पिकअप कैराना-शामली नेशनल हाइवे बाईपास पर अंडरपास के नीचे पहुंची, घने कोहरे के कारण .श्यता बेहद कम हो गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक ट्रक ने पिकअप में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि पिकअप चालक और अंडा व्यापारी सुरक्षित रहे, लेकिन झटके से बड़ी संख्या में अंडे टूट गए। अंडा व्यापारी मोहम्मद आरिस ने बताया कि हादसे में उन्हें काफी नुकसान उठाना पड़ा है। शेष बचे अंडों को दूसरी गाड़ी मंगवाकर आगे भेजने की व्यवस्था की जा रही है। हादसे की सूचना मिलने पर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। कोहरे के कारण बाईपास पर लगातार .श्यता कम बनी हुई है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से कोहरे के समय यातायात व्यवस्था को और सख्त करने की मांग की है।

## सड़क किनारे बेहोश मिला वृद्ध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बुधवार की सुबह को राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी कि गांव पजोखरा के निकट सड़क किनारे एक व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बेहोशी की हालत में पड़े मिले व्यक्ति को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान न होने पर पुलिस ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर पहचान करने का प्रयास किया। बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति की पहचान इमरान पुत्र इस्लाम निवासी बघरा जनपद मुजफ्फरनगर के रूप में हुई। सूचना पर बेहोशी की हालत में मिले व्यक्ति के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए थे।

## चुनाव की रंजिश में ट्रांसपोर्ट कारोबारी को जान से मारने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** प्रधानी चुनाव को लेकर चली आ रही रंजिश के चलते एक ट्रांसपोर्ट कारोबारी और उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली कैराना पुलिस ने प्रधान पुत्र सहित तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बरनावी निवासी रिजवान पुत्र आबिद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ट्रांसपोर्ट का कारोबार करता है तथा उसका कार्यालय हरियाणा के करनाल में स्थित है, जिसके चलते उसे रोजाना बाहर आना-जाना पड़ता है। आरोप है कि गांव के ही इरफान, इंतजार पुत्रगण मंजूरा तथा इसराईल पुत्र इरफान प्रधान उससे प्रधानी चुनाव को लेकर रंजिश रखते हैं।पीड़ित के अनुसार आरोपी आए दिन गाली-गलौच करते हुए उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देते रहते हैं। आरोपियों पर दबंग और झगड़ालू प्रवृत्ति का होने का आरोप लगाते हुए बताया गया कि पूर्व में भी वे गांव में सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश कर चुके हैं। कई बार बाहर के युवकों को बुलाकर डराने-धमकाने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने बताया कि उसके भतीजे अफजाल पुत्र इकराम, जो दूध की सप्लाई का कार्य करता है, को भी दूध बांटने के दौरान जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। इससे पूरा परिवार भय और मानसिक तनाव में है। चार दिन पूर्व भी आरोपियों द्वारा बाहर के युवकों को बुलाकर जान से मरवाने की धमकी देने की बात कही गई है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि आरोपी किसी भी समय गंभीर वारदात को अंजाम दे सकते हैं तथा पुलिस से सुरक्षा और सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन दीवार तोड़ने का मामला तीन पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव रोटन में भूमि पर चारदीवारी तोड़ने को लेकर विवाद सामने आया है। हरियाणा के पानीपत निवासी गगनीश भाटिया ने भूमि पर कब्जा करने की नीयत से कुछ लोगों पर दीवार को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीडित गगनीश भाटिया निवासी पानीपत हरियाणा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने ग्राम रोटन में खसरा संख्या 270, रकबा 28.50 बीघा भूमि क्रय की है। उक्त भूमि पर चारदीवारी के लिए रेडीमेड बाउंड्री का कार्य चल रहा था। आरोप है कि 12 जनवरी 2026 को ग्राम मंसूरा निवासी आलीशान, बैसर मुस्तकीम सहित अन्य लोगों ने उनकी भूमि पर जबरन कब्जा करने की नीयत से निर्माणाधीन दीवार को तोड दिया। पीडित के अनुसार जब उन्होंने विरा. ध किया तो आरोपियों ने गाली गलौच की और जान से मारने तथा जमीन पर कब्जा कर भगा देने की धमकी दी। दीवार तोडे जाने से उन्हें करीब तीन से चार लाख रूपए की आर्थिक हानि हुई है। पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### कार सवार युवक हजारों रुपये का सामान लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी एक युवक से कार सवार चार युवकों ने हजारों रूपए की शॉपिंग कर ली और स्कैनर में पैसे डालने के बहाने कार लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस चारों लोगों की तलाश कर रही है।थाना क्षेत्र के गांव नाला निवासी आबिद पुत्र अजमुद्दीन ने दिल्ली सहारनपुर रोड पर स्थित खाटू श्याम होटल के बाहर जुटे और लोअर टी-शर्ट की सेल लगा रखी है। बुधवार को पुलिस की दुकान पर कार में सवार चार लोग पहुंचे, चारों लोगों ने चार जोड़ी जूते, पांच जोड़ी चप्पल, पांच जोड़ी लोअर और टी शर्ट खरीदी। आरोग्य की तीन युवक सामान लेकर गाड़ी में बैठ गई एक युवा किसके अंदर पर पैसे डालने की बात कहते हुए गाड़ी में बैठ गया। फिर कितने रूपए बार डालने की बात पूछी तो आरोप है कि चारों युवक कार लेकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने चारों लोगों के खिलाफ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार को कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। शीघ्र ही आरो. पियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

### तनु चौहान का चयन आर्मी डे की मुख्य परेड के लिए हुआ

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की पूर्व छात्रा तनु चौहान का चयन 15 जनवरी को जयपुर में आयोजित होने वाली आर्मी डे की मुख्य परेड के लिए किया गया है। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने बताया कि तनु चौहान ग्राम बलवा की निवासी हैं और वह सरस्वती बालिका विद्या मंदिर की मेधावी एवं परिश्रमी पूर्व छात्रा रही हैं। उनका सपना है कि वे अपने कार्यों से एक दिन देश का नाम रोशन करें। जयपुर के महल रोड पर होने वाली आर्मी डे की मुख्य परेड में उनका चयन होना उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि शामली जनपद से चयनित दो बालिकाओं में तनु चौहान भी शामिल हैं, जो जनपद के लिए भी गौरव की बात है। विद्यालय परिवार ने तनु के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### 25 को होने वाली विराट हिन्दू सम्मेलन के प्रचार के लिए फेरी निकाली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हिंदू जागरण एवं सामाजिक समरसता के उद्देश्य से केशव बस्ती शामली में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के प्रचार-प्रसार के लिए बुधवार को एक भव्य फेरी निकाली गई। फेरी का शुभारंभ गंगा मंदिर से होकर मुरारी वाला कुआं, बड़ा बाजार, छोटी शिव मूर्ति होते हुए पुन: गंगा मंदिर पर संपन्न हुआ। फेरी के दौरान श्रद्धालुओं ने जय राम के जयकारे लगाए।बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोगों ने फेरी में भाग लेकर सम्मेलन के प्रति समर्थन और जागरूकता का संदेश दिया। आयोजकों ने बताया कि यह फेरी 25 जनवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन के लिए जनसमर्थन जुटाने और हिंदू एकता को सशक्त करने के उद्देश्य से निकाली गई। विराट हिंदू सम्मेलन दोपहर 2 बजे ब्राह्मण धर्मशाला, हलवाईहट्टा में किया जाएगा, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में स्वामी यशवीर उपस्थित रहेंगे। आयोजक समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर धर्म एवं समाज हित में सहयोग करने की अपील की है। संध्या फेरी में प्रवीन संगल, अतुल बंसल, रोबिन गर्ग, अतुल विक्रम कौशिक, राहुल कुमार, दीपक सैनी, चरत गिरी, रचित, 8मोहित कुमार, बिजेंद्र कम्बोज, प्रमोद गर्ग, नीलेश वशिष्ठ, राहुल नामदेव, महेंद्र उपस्थित रहे।

### डोर-टू-डोर पहुंची विद्युत विभाग की टीमे, बिल भुगतान को कड़ी चेतावनी

**चौसाना।** चौसाना बिजली उपकेंद्र के अन्तर्गत आने वाले गावों में विद्युत विभाग की टीमो ने अभियान चलाकर राजस्व वसूली की कार्यवाही की। विद्युत विभाग की टीम के साथ एंटी थेफ्ट टीम भी मौजूद रही।कार्यवाही के दौरान पॉच लाख रूपयों तक बकाएदारो को शामिल किया गया। टीम ने डोर टू डोर बकाएदारो से मिलकर बिल भरने की पेशकश की और साथ ही चेतावनी दी कि अगर बिल नही भरा गया तो कानूनी कार्यवाही को अमल मे लाया जाएगा।कार्यवाही करने वाली संयुक्त टीम में जेई आजम अकबर, टीजीटू रंजीत कुमार तथा एंटी पावर थेफ्ट टीम से उप निरीक्षक राजीव कुमार और कांस्टेबल अमित कुमार मौजूद रहे।

## फेसबुक पोस्ट के जरिए धर्मिक उन्माद फैलाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों से जुड़े कुछ आरोपियों की जमानत पर रिहाई को लेकर सोशल मीडिया पर की गई एक फेसबुक पोस्ट से कैराना क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। हिंदू संगठनों ने पोस्ट को आपत्तिजनक बताते हुए विरोध जताया, जिसके बाद पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, दिल्ली दंगों के मामले में आरोपी गुलफिशा फातिमा, फातमा हैदर, शिफा-उर-रहमान सहित पांच लोगों को पांच जनवरी को माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जमानत प्रदान की गई थी। इसके बाद एसडीपीआई की वूमेन विंग 'वूमेन इंडिया मूवमेंट' की उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मोहसीना चौधरी, निवासी ग्राम पांवटी कला थाना कैराना, द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर अंग्रेजी भाषा में एक पोस्ट की गई। बताया गया कि पोस्ट में आरोपियों की रिहाई पर बधाई दी गई थी तथा एक आरोपी को साहस और प्रतिरोध का प्रतीक बताते हुए 'राष्ट्र की पुत्री' जैसे शब्दों का प्रयोग किया गया। पोस्ट के सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद विश्व हिंदू रक्षा संगठन समेत अन्य हिंदू संगठनों ने आपत्ति जताई और इसे धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला बताया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। उपनिरीक्षक यशपाल सिंह सोम की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर थाना कैराना में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पोस्ट की जांच की जा रही है। किसी भी प्रकार से कानून व्यवस्था बिगाड़ने या साम्प्रदायिक सौहार्द को प्रभावित करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अवैध वसूली का आरोप, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** जिला पंचायत की वसूली को लेकर एक बार फिर गंभीर आरोप सामने आए हैं। हरियाणा निवासी एक ट्रक चालक ने जिला पंचायत के नाम पर वसूली कर रहे युवकों पर लाठी-डंडों के बल पर अवैध वसूली करने का आरोप लगाते हुए सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है। वायरल वीडियो में मेरठ-करनाल हाईवे पर स्थित बिडौली चौकी के निकट कुछ युवक ट्रक चालक से जबरन 200 रूपए की मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि मांग पूरी न होने पर चालक को डराया-धमकाया गया और लाठी-डंडों का प्रयोग किया गया।

पीड़ित ट्रक चालक का कहना है कि जिला पंचायत के नाम पर आए दिन इस तरह की वसूली की जाती है और मना करने पर वाहन चालकों के साथ अभद्रता व मारपीट तक की जाती है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और वाहन चालकों में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेरठ-करनाल हाईवे पर जिला पंचायत के नाम से वसूली को लेकर आए दिन ट्रक चालकों व अन्य वाहन चालकों के साथ विवाद होता रहता है। इससे पहले भी कई बार इस मुद्दे को लेकर हंगामा हो चुका है, लेकिन स्थाई समाधान नहीं निकल पाया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष भी जिला पंचायत की कथित अवैध वसूली का ठेका विवादों में रहा था। उस दौरान भी कई बार वाहन चालकों और वसूली करने वालों के बीच झड़पें हुई थीं, जिसकी शिकायतें प्रशासन तक पहुंची थीं। इसके बावजूद स्थिति में कोई खास सुधार नहीं हो सका।

वायरल वीडियो के बाद अब एक बार फिर जिला पंचायत की वसूली व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और हाईवे पर हो रही कथित अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

## सड़क दुर्घटना में मृतक की पत्नी को 40 लाख का एक्सीडेंटल क्लेम सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**कांधला।** जनपद बागपत के गांव भगवानपुर मौजिजाबाद नागल निवासी हरबीर ट्रक चालक थे। उन्होंने कस्बा एलम स्थित भारतीय स्टेट बैंक में अपना बचत खाता खुलवा रखा था, जिसके साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस भी लिया हुआ था। 25 मई 2025 को असम राज्य में सड़क दुर्घटना के दौरान हरबीर की मौत हो गई थी।बीमा दावा स्वीकृत होने के बाद बुधवार को एसबीआई एलम शाखा में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मृतक की पत्नी सोनी को 40 लाख रूपए का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार, रीजनल मैनेजर राकेश कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष रीना अश्वनी पंवार, चीफ मैनेजर मिर्नाल सिंह एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एरिया मैनेजर प्रफुल राय मौजूद रहे।ब्रांच मैनेजर सुमित कुमार ने बताया कि मृतक हरबीर ने अपने बचत खाते के साथ एसबीआई जनरल इंश्योरेंस लिया हुआ था, जिसके अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु होने पर 40 लाख रूपए का बीमा लाभ उसकी पत्नी को प्रदान किया गया है।

## झूठी बाइक चोरी की रिपोर्ट का खुलासा, शिकायतकर्ता पर मुकदमा

**थाना भवन।** थाना भवन पुलिस की जांच में बाइक चोरी की एक घटना पूरी तरह झूठी पाई गई है। पुलिस ने झूठी सूचना देकर मुकदमा दर्ज कराने वाले अवकेश पुत्र वेदपाल, निवासी ग्राम कैल शिक. ारपुर, थाना गढ़ीपुख्ता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अवकेश ने 7 जनवरी को थाना भवन में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि काजीपुरा और मस्तगढ़ के बीच सड़क किनारे खड़ी उसकी बाइक को दो अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर थाना भवन पुलिस ने मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की जांच थाना भवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत एवं हल्का इंचार्ज वीरेंद्र सिंह राणा द्वारा की गई। जांच के दौरान सामने आया कि अवकेश पेशे से राशन डीलर है। उसने मस्तगढ़ निवासी ब्रजवीर सिंह और श्याम कुमार से राशन कार्ड बनवाने के नाम पर कुछ धनराशि ली थी। जब दोनों ने अपने पैसे वापस मांगे, तो अवकेश ने यह कहकर अपनी बाइक उन्हें दे दी कि वह अभी पैसे लेकर आता है। इसके बाद अवकेश ने थाना भवन पहुंचकर ब्रजवीर सिंह और श्याम कुमार को अज्ञात व्यक्ति दर्शाते हुए बाइक चोरी की झूठी रिपोर्ट दर्ज करा दी। पुलिस जांच में मामला पूरी तरह फर्जी पाए जाने पर थाना निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने अवकेश के खिलाफ झूठी सूचना देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं, ब्रजव. ीर सिंह और श्याम कुमार ने निष्पक्ष जांच के लिए थाना भवन पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यदि पुलिस द्वारा सही जांच नहीं की जाती, तो वे निर्दोष होते हुए भी आरोपी बन सकते थे। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## झूठे मुकदमे की साजिश फेल, असली गुनहगार गिरफ्तार

**झिंझाना।** 27 सितंबर 2025 को सरवर नामक शख्स ने आरोप लगाया था कि अब्बास, नौशाद और शहजाद ने उसके और उसके मामा वासिद पर फायरिंग की, जिसमें वासिद घायल हो गए। मगर जांच में खुलासा हुआ कि सरवर ने खुद ही अपने मामा को गोली मारी और प्रधान पद के चुनाव में वोट सत्यापन को लेकर हुए विवाद का बदला लेने के लिए विरोधी पक्ष को फंसाने की साजिश रची। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सरवर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म कुबूल किया। उस पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## घोड़े देवरूप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारवाड़ी स्टेलियन कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** हरियाणा के कुरुक्षेत्र में 9 से 12 जनवरी 2026 तक आयोजित सातवें राष्ट्रीय हॉर्स शो में शामली के मोहल्ला माजरा निवासी सौरभ सिंह निर्वाल के घोड़े देवरूप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारवाड़ी स्टेलियन कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। घोड़े के स्वामी सौरभ निर्वाल ने बताया कि नौ वर्ष का मारवाड़ी नस्ल का देवरूप इससे पहले भी देशभर में आयोजित गई राष्ट्रीय स्तरीय हॉर्स शो में विजेता रह चुका है। इनमें पुष्कर मेला, चौंपियन ऑफ द चौंपियंस मेवाड़, हनुमानगढ़ हॉर्स शो, स्टेट ग्लोरी शो अहमदाबाद के अलावा जोधपुर, जसरा गुजरात, सारंगखेड़ा महाराष्ट्र, पंजाब और बालोतरा में आयोजित प्रतियोगिताएं शामिल हैं। हॉर्स शो जीतकर शामली लौटने पर देवरूप को देखने के लिए लोगों का तांता लग गया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, धुरेन्द्र निर्वाल, सुधीर निर्वाल, बॉबी निर्वाल, विपिन सैनी, संदीप नामदेव, शिवा निर्वाल और बिजेंद्र मलिक सहित कई लोगों ने सौरभ निर्वाल और उनकी टीम का स्वागत कर बधाई दीं।

## कैराना से मुरादाबाद-अमरोहा के लिए रोडवेज बस सेवा नियमित कर दी यात्रियों को बड़ी राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना से मुरादाबाद-अमरोहा के लिए रोडवेज बस सेवा के नियमित रूप से शुरू होने से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिली है। सामाजिक संगठन की पहल पर अमरोहा डिपो द्वारा इस मार्ग पर समय सारिणी के अनुसार बस संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। बुधवार से बस नियमित रूप से अपने निर्धारित समय पर चलने लगी है।

बताया गया कि सामाजिक संगठन निरन्तर ततपर के पदाधिक. ारियों ने गत चार दिसंबर को अमरो. हा डिपो से कैराना-मुरादाबाद व अमरोहा मार्ग पर बस संचालन की मांग की थी। इसके बाद करीब गत 20 दिसंबर से बस का संचालन शुरू तो हो गया था, लेकिन नियमित व्यवस्था नहीं बन सकी थी। अब अमरोहा डिपो ने तय समय के अनुसार नियमित बस सेवा शुरू कर दी है। अमरोहा डिपो की यह बस सुबह 5:45 बजे कैराना रोडवेज बस स्टेशन से मुरादाबाद के लिए रवाना होगी। बस सुबह 7:20 बजे मुजफ्फरनगर, 9 बजे बिजनौर होते हुए 11:30 बजे मुरादाबाद पहुंचेगी। इसके बाद बस मुरादाबाद से अमरोहा डिपो जाएगी। दोपहर 3 बजे अमरोहा बस स्टेशन से कैराना के लिए प्रस्थान कर यह बस शाम 4 बजे नूरपुर, 5:30 बजे बिजनौर, 7:20 बजे मुजफ्फरनगर, 8:50 बजे शामली होते हुए रात 9:15 बजे कैराना पहुंचेगी। कैराना से मुरादाबाद की ओर यात्रा करने पर बघरा का किराया 59 रूपए, मुजफ्फरनगर 93 रूपए, जानसठ 122 रूपए, मीरापुर 146 रूपए, बिजनौर 182 रूपए, नूरपुर 238 रूपए, उमरी चौराहा 267 रूपए तथा मुरादाबाद का किराया 312 रूपए निर्धारित किया गया है। वहीं अमरोहा से कैराना की ओर नौगांवा सादात का किराया 26 रूपए, नूरपुर 52 रूपए, बिजनौर 111 रूपए, मुजफ्फरनगर 194 रूपए और कैराना का किराया 284 रूपए रहेगा। इस बस सेवा के शुरू होने से कैराना से मुजफ्फरनगर, बिजनौर और मुरादाबाद जाने वाले यात्रियों को सुविधा मिलेगी। साथ ही अमरो. हा, नूरपुर, बिजनौर, मुजफ्फरनगर और शामली से देर शाम कैराना आने वाले यात्रियों को भी राहत मिलेगी। क्षेत्र के कई लोग शिक्षा विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य सेवाओं में इन जनपदों में कार्यरत हैं। पारिवारिक संबंधों के कारण भी लोगों का इन जिलों में आना-जाना लगा रहता है। रोडवेज अधिकारियों के अनुसार सर्दी के बाद इस मार्ग पर अन्य बसों के संचालन की भी संभावना है। वर्तमान में कैराना रोडवेज बस स्टेशन से मुरादाबाद के लिए दोपहर 12:30 बजे संभल वाया मेरठ और दोपहर 2:45 बजे अमरोहा वाया मुजफ्फरनगर-बिजनौर की बसें पहले से संचालित हो रही हैं।

## परशुराम युवा जागृति मंच का स्थापना दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** परशुराम युवा जागृति मंच शामली द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व और परशुराम युवा जागृति मंच के स्थापना दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर स्थित भगवान परशुराम जी के मंदिर प्रांगण में परशुराम युवा जागृति मंच के सम्मानित सदस्य एवं ब्राह्मण समाज के सभी विप्र बन्धुओ द्वारा हवन यज्ञ का आयोजन कर विश्व कल्याण की कामना के साथ मकर संक्रांति की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए परशुराम युवा जागृति मंच के 9 वर्ष पूर्ण होने पर दसवां स्थापना दिवस मनाया हर्षोल्लास के साथ मनाया । परशुराम युवा जागृति मंच के संस्थापक अध्यक्ष योगेश भारद्वाज द्वारा आगंतुक सभी विप्र बन्धुओ का



स्वागत अभिनंदन करते हुए बताया कि आज से 9 वर्ष पूर्व परशुराम युवा जागृति मंच नामक संगठन की स्थापना की गई थी जिसके द्वारा समय-समय पर समाज से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों को सामाजिक, राजनीतिक एवं प्रशास. निक सहयोग से हल करने में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन किया तथा भगवान परशुराम जी के आशीर्वाद एवं समाज के सभी आदरणीय ,सम्मानित विप्रजन के सहयोग एवं आशीर्वाद से भविष्य में भी संगठन समाज हित के कार्य हेतु समर्पण एवं सेवा भाव के लिए संकल्पित है । कार्यक्रम में पधारे विप्र समाज के सम्मानित बन्धुओ द्वारा संगठन की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी संगठन को अपना समर्थन सहयोग एवं आशीर्वाद देकर संगठन के विस्तार पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम के अध्यक्ष सलिल द्विवेदी ,विजय कौशिक ,ओम प्रकाश शर्मा ,अंकित कौशिक, मनोज शर्मा कांधला ,अनिल भार्गव, विक्रांत भार्गव ,दीपक वशिष्ठ, राजू शर्मा, दीपक शर्मा किसान, महेश शर्मा , आदेश शांडिल्य, अरविंद कौशिक, विवेक भारद्वाज, सत्य प्रकाश कौशिक ,शिवकुमार शर्मा , निवास शर्मा ,पुनीत शर्मा ,सनुज शर्मा, विकास शर्मा, उदयभान शर्मा ,निशांत भार्गव ,सुशील शर्मा, अश्वनी शर्मा, विशु शर्मा विपिन शांडिल्य सहित सैकड़ो विप्रगण उपस्तिथ रहे।

# 450 रूपये प्रति कुन्तल हो गन्ना मूल्य: टिकैत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों की फसलों के उचित दाम की जोरदार मांग उठाते हुए कहा कि किसानों को हर हाल में गन्ने का न्यूनतम मूल्य 450 रुपये प्रति क्विंटल मिलना चाहिए, ताकि उनकी लागत निकल सके और आर्थिक स्थिति मजबूत हो।

दिल्लीखयमुनोत्री हाईवे पर भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी धर्मवीर गुर्जर के नेतृत्व में चौधरी राकेश टिकैत का कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय किसान यूनियन हमेशा किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से उठाती रही है और उनके समाधान के लिए संघर्ष करती रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि चाहे गन्ना भुगतान का मामला हो या किसानों से जुड़ी कोई



अन्य समस्या, भाकियू हर परिस्थिति में किसानों के साथ खड़ी है। इसके बाद शहरीपुल पर पहुंचने पर भी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव ठाकुर ऋषिपाल आडवाणी, युवा तहसील अध्यक्ष चौधरी शैलेंद्र सिंह, ब्लॉक संगठन मंत्री संजीव कुमार कश्यप, तहसील अध्यक्ष चौधरी गालिब प्रधान, तहसील प्रवक्ता मांगेराम कश्यप सहित अनेक किसान नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों की समस्याओं और संगठन की मजबूती पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

## अवैध खनन के पांच वाहन पकडे

**शाह टाइम्स संवाददात**

**सढौली कदीम।** पुलिस, प्रशासन व खनन विभाग की संयुक्त टीम ने सघन चैकिंग अभियान चलाकर खनन का अवैध परिवहन कर ले जा रहे 5 वाहनों को पकड़ा है। टीम की इस कार्यवाही से खनन तस्करों में हड़कंप मचा रहा।

मंगलवार की रात एसडीएम बेहट मानवेंद्र सिंह, पुलिस उपाधीक्षक बेहट एस एन वैभव पांडेय, खान निरीक्षक अभिलाष चौबे, इंस्पेक्टर बेहट सतपाल भाटी, सब इंस्पेक्टर लोकेंद्र सिंह, कांस्टेबल रवि कुमार व रोहित कुमार की टीम ने क्षेत्र में सघन चौकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने अलग अलग स्थानों से खनिज लेकर जा रहे 5 वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गए वाहनों के चालक मौके पर कोई भी वैध प्रपत्र नहीं दिखा सके जिसके बाद सभी वाहनों को कोतवाली बेहट पुलिस के सुपुर्द कर दिया। टीम की इस कार्यवाही से खनन तस्करों में हड़कंप मचा रहा।

# महिलाओं से संवाद कर बताए गए हैल्पलाईन नम्बर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** थाना महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा नगर के मुख्य बाजारो, स्थानों, नुक्कड़, चौराहों पर आने जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित कर उनकी सुरक्षा व साइबर फ्रॉड के प्रति जागरूक करते हुए सरकार द्वारा जारी किये गये हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी दी।

बुधवार को मिशन शक्ति टीम इंचार्ज महिला उपनिरीक्षक सुमन के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक माधुरी शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी सुनिता द्वारा नगर के मुख्य चौराहों, बाजार, बस स्टैंड व बैंकों पर आने जाने वाली महिलाओं से संवाद स्थापित कर उन्हें सरकारी योजनाओ, सायबर फ्रॉड तथा डिजिटल अरेस्टिंग के बारे में जानकारी दी गयी। महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं तथा बालि. काओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को उनकी सुरक्षा के साथ साथ स्वावलंबन, सशक्तिकरण के लिए प्रोत्साहित किया गया। टीम द्वारा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए उन्हें पम्पलेट भी वितरित किये गये।

# रूकमणी मंगल का वृतांत सुनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** हरियाणा राज्य की सीमा से सटे गांव घोडापीपली में हरीश चौधरी की माता शुशीला देवी के एकादशी व्रत उद्यापन के उपलक्ष तथा श्री माध्वानन्द महाराज की उपस्थिति में चल रही श्री मद भागवत कथा व अखंड भंडारे के नोंवे दिन कथा वाचक आचार्य अतुल कृष्ण के कमलमुख से सुदामा चरित्र व रूक्मणी मंगल का वृत्तांत सुनकर श्रोतागण भाव विभोर हुए।



कथा वाचक आचार्य अतुल कृष्ण जी ने सुदामा चरित्र का वृत्तांत सुनाते हुए बताया कि सच्ची मित्रता में धन-दौलत मायने नहीं रखती, बल्कि प्रेम और विश्वास महत्वपूर्ण है, जैसा कि कृष्ण और सुदामा की कहानी दिखाती है। जहाँ कृष्ण अपने गरीब मित्र सुदामा की दीन-हीन दशा देखकर भावुक होकर बिना मांगे ही उसे धन-दौलत देकर उसके जीवन को बदल देते हैं। जिससे हमें सीख मिलती है कि जीवन में भक्ति और प्रेम ही सबसे बड़ा खजाना है।

उन्होंने रुक्मणि मंगल कथा की महिमा के बारे में बताते हुए कहा कि जो इस कथा का श्रवण करता है, उसके घर में विवाह की सारी बाधाएं दूर हो जाती हैं और परिवार मंगलमय जीवन व्यतीत करता है। कथा का वृत्तांत सुनकर उपस्थित सभी श्रोतागण हरि नाम में भक्तिमय होकर झूमने लगे और अन्त में प्रसाद वितरण किया गया।

महाराज ने बताया कि गुरुवार को कथा की पूर्णाहुति के साथ साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# मेरठ कूच करते मंजीत नोटियाल को पुलिस ने रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट मेरठ के कपसाड में मां की हत्या कर युवती का अपहरण करने व ज्वालागढ़ में सोनू कश्यप को जिंदा जलाने की घटना के बाद परिजनों से मिलने जाने के दौरान बेहट पुलिस ने भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत नौटियाल को उनके घर से निकलते ही रोक लिया। पुलिस द्वारा रोके जाने के बाद मंजीत नौटियाल ने इंस्पेक्टर सतपाल भाटी को महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

बुधवार को भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत नौटियाल का मेरठ जाने का कार्यक्रम था। सुबह से ही उनके आवास पर समर्थक इकट्ठा होने शुरू हो गए थे। खबर लगते ही कोतवाली बेहट



पुलिस और पीएसी बल उनके आवास के बाहर तैनात कर दिया। जैसे ही मंजीत नौटियाल मेरठ जाने के लिए घर से निकले तो पुलिस ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने मेरठ जाने देने का आग्रह किया लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया। इस दौरान उनके समर्थकों ने जमकर नारेबाजी की। बाद में मंजीत नौटियाल ने महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन कोतवाली बेहट प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी को सौंपा। इस मौके पर भीम आर्मी जय भीम संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजीत नौटियाल ने कहा कि मेरठ के कपसाड गांव में एक दलित बेटी का अपहरण कर उसकी मां ने अगर विरोध किया तो उसको फरसे से काटकर हत्या कर दी गई और इस घटना को सत्ता संरक्षण में दबाने का प्रयास किया जा रहा है अब तक परिवार को न कोई सुरक्षा दी गई है न ही सशस्त्र लाइसेंस और ना हीं कोई मुआवजा दिया गया। कहा कि अगर इस तरह की घटनाएं होती रही तो कानून व्यवस्था और संविधान की गरिमा कहीं नहीं बचेगी हमारा देश संविधान से ही सुरक्षित है अखंड भारत है इसके निर्माण हेतु हम संकल्प बद्ध है परंतु इस घटना को गंभीरता से लेना बेहद जरूरी है। कहा कि मेरठ जनपद के ज्वालगढ़ में सोनू कश्यप को म्यूजिक का वॉल्यूम बढ़ाने एवं मजदूरी मांगने पर उसको जिंदा जला दिया गया। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो भीम आर्मी जय भीम संगठन राष्ट्रीय आंदोलन के लिए मजबूर होगा।

# गांव में घुसे दो संदिग्धों को पकड़ पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तीतरो।** चोरी की नियत से गांव में घुसे दो संदिग्ध व्यक्तियों को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। चोरी की बढ़ती घटनाओं से क्षेत्रवासियों में डर का माहौल है।

**चोरी की बढती वारदातों से ग्रामीणों में बना डर का माहौल**

थाना से कुछ ही दूरी पर गांव ककराला में खड़क सिंह, मामचंद, सुलेख चंद, महिपाल, कर्मजीत के मकान है। रात के समय दो लोग चोरी करने की नियत से गांव में घुस गए। सलेक चंद ने बताया कि रात के समय वह अपने घर में लेटे हुए थे। उनके बराबर में ही उनके भाई वेदपाल का घर है जिसमें किवाड़ नहीं लगे हुए हैं।

रात के समय उन्हें लगा कि घर में कोई आ गया है। वह कमरे से बाहर निकले तो दो संदिग्ध व्यक्ति उन्हें देखकर दूसरी और भाग पड़े लेकिन सामने गली बंद होने के कारण उन्हें वापस लौट पड़ा इसी दौरान ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें पकड़ लिया गया।

रात के समय पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों को अपने साथ ले गई। पीड़ितों ने पुलिस को मामले की तहरीर दे दी है। इससे दो दिन गांव कोलाखेड़ी में तीन मवेशी चुरा लिए गए थे। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार ने बताया कि पकड़े गए दोनों व्यक्ति शराब के नशे में थे। वह चोरी करने की इरादे से नहीं गए थे।

# सुपर किंग्स ने डोमिनटेर्स को हरा जीता खिताब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** नानौता प्रिमियम लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में नानौता सुपरकिंग्स व नानौता डोमिनेटर्स के खिताबी मुकाबले में हुकुम सिंह डिग्री कॉलेज नानौता के चेयरमैन राज प्रताप सिंह की ओनरशिप वाली नानौता सुपरकिंग्स व अल्पाइन विद्यापीठ नानौता के निदेशक हर्ष चौधरी की ओनरशिप वाली नानौता डोमिनेटर्स के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया।

नानौता प्रीमियर लीग के फाइनल मुकाबले में राजप्रताप सिंह व हर्ष चौधरी के द्वारा टॉस कराया गया। टॉस नानौता सुपरकिंग्स के कप्तान तनिष्क ठाकुर ने जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। ओर नानौता डोमिनेटर्स को 20 ओवर में 283 रन का लक्ष्य दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान तनिष्क ठाकुर ने 13 गेंदों पर 27 रन अभिषेक राणा ने 43 गेंद पर 58 रन आकाश कुमार ने 16 गेंद पर 38 रन व शुशांत ने 13 गेंद पर 49 रन की तूफानी पारी खेली। नानौता डोमिनेटर्स की ओर से बॉलिंग





करते हुऐ नानौता डोमिनेटर्स के कप्तान आमान खान ने 4 ओवर मे 42 रन देकर 2 विकेट लिए व तनमय ने 4 ओवर मे 48 रन देकर 2 विकेट लिये। जवाबी बल्लेबाजी करते हुए नानौता डोमिनेटर्स की और से सागर ने 20 गेंद पर 40 रन बनाये व तन्मय ने 17 गेंद पर 37 रन की पारी खेली। नानौता सुपर किंग्स की ओर से बोलिंग करते हुऐ नानौता डोमिनेटर्स को 14.4 ओवर में 117 रन पर ढेर कर दिया। उज्जवल धीमान ने 3 ओवर में केवल 7 रन देकर 5 विकेट लिये निखिल बाटिवान ने 3.4 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट लिये। नानौता सुपरकिंग्स ने ये फाइनल मैच 165 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। इस फाइनल मुकाबले के मैन ऑफ द मैच उज्ज्वल धीमन को घोषित किया गया। फाइनल मैच के अंपायर रोहित वर्मा व विक्रांत शर्मा रहे। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट व बॉलर ऑफ द टूर्नामेंट नानौता डोमिनेटोर्स के खिलाड़ी तन्मयत को घोषित किया गया। बैट्समैन ऑफ द टूर्नामेंट अमान खान व अभिषेक राणा को संयुक्त रूप से दिया गया।

इस अवसर पर कोच रोहित वर्मा,कोच सौरभ सैनी, शक्ति राणा, अरुण पंवार, संदीप राणा, डॉ. ललित, रविन्द्र, धर्मवीर, प्रमोद चौधरी, कोच शादाब अली,अर्जुन सिंह चोटाला आदि उपस्थित रहे।

## मादक पदार्थ तस्करी व गौकशी करने वाले की हिस्ट्रीशीट खोली

**गंगोह।** मादक पदार्थो की तस्करी व गौकशी करने वाले शातिर अभियुक्त कोतवाली अर्न्तगत ग्राम बल्लामाजरा निवासी नौशाद पुत्र दिलशाद उम्र 35 वर्ष की निगरानी हेतू हिस्टीसीट खोली गई है।

मादक पदार्थो की तस्करी, गौकशी व जघन्य अपराधों की रोकथाम के लिए चलायें जा रहे अभियान के तहत उपमहानिरीक्षक के अनुमादन उपरान्त एसएसपी के आदेश पर उक्त कार्यवाही की गई है। अभियुक्त के खिलाफ जनपद भर के कईथानों में पशुक्रुरता अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, मारपीट व शस्छ्त्र अधिनियम के तहत एक दर्जन से ज्यादा मुकदमें दर्ज है।

# कोर्ट रोड पर हटवाया अतिक्रमण, वसूला जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम के अतिक्रमणरोधी दस्ते ने नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर आज कोर्ट रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा से दिल्ली रोड स्वाति होण्डा तक तथा कोर्ट रोड से चंद्र नगर की ओर जाने वाली गलियों में अतिक्रमणरोधी अभियान चलाया। इस दौरान 16 दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया और 10 दुक. ानदारों का सड़क पर रखा सामान जब्त किया गया।

नगरायुक्त शिपू गिरि ने अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा को लिखित निर्देश देते हुए कहा था कि स्वाति होण्डा के बराबर वाली गली, चंद्रनगर में आशा मॉडर्न वाली गली तथा पार्श्वनाथ प्लाजा के बराबर में टेलीफोन एक्सचेंज वाली गली में दुकानों पर आने वाले लोगों द्वारा अव्यवस्थित रुप से अपने वाहन खडे



करने तथा दुकानदारों द्वारा सड़क पर सामान रखकर किये गए अतिक्रमण से आने जाने वाले बुजुर्गो और महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उक्त तीनों गलियां प्रमुख स्कूलों की ओर जाती हैं,जिससे स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसी क्रम में नगरायुक्त ने उक्त तीनों गलियों से तथा कोर्ट रोड़ पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे।

नगरायुक्त के उक्त निर्देशों के अनुपालन में अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में आज अतिक्रमण रोधी दस्ते ने कोर्ट रोड पर पार्श्वनाथ प्लाजा से दिल्ली रोड स्वाति होण्डा तक तथा उक्त तीनों गलियों में अतिक्रमण रोधी अभियान चलाया। अभियान के तहत सड़क पर रखे पुतले, काउण्टर, बोर्ड, लोहे व प्लास्टिक की जालियां, पेंट के डिब्बे व एल्यूमीनियम की सीढ़ी आदि 20 दुकानों का सामान जब्त किया गया। दस दुकानदारों का सामान मौके पर ही जुर्माना राशि अदा करने पर चेता. वनी के साथ लौटा दिया गया। दो बाइक भी जब्त की गयी, जिन्हें जुर्माना अदा करने पर वापिस कर दिया गया। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि कुल 16 दुक. ानदारों से 16 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया और 10 दुकानदारों का सामान जब्त कर ट्रैक्टर ट्राली में भरकर निगम लाया गया। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग व प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।

# खड़ी कार में अज्ञात युवकों ने लगाई आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** डेंटर की दुकान के बाहर खड़ी इनोवा कार में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और बामुश्किल आग बुझवाई। घटना में कार पूरी तरह जल गई। पीड़ित डेंटर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

दरअसल, कोतवाली बेहट इलाके के गांव पथरवा निवासी मौ. शाहनवाज पुत्र जरीफ की बेहट कस्बे की आनंद बाग कालोनी के 48 फूटा रोड पर दुकान है। मंगलवार की रात शाहनवाज अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। रात करीब 11 बजे 2 अज्ञात लोगों ने कार में आग लगा दी। घटना की सूचना वहां तैनात चौकीदार मेहरबान ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बामुश्किल आग बुझवाई। पीड़ित



डेंटर शाहनवाज का कहना है कि सीसीटीवी में दो लोग दिखाई दे रहे है लेकिन कोहरा होने के कारण तस्वीर साफ दिखाई नहीं दे रही। पीड़ित डेंटर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र भूपेन्द्र कुमार व पुत्रवधू शालू सैनी को नाफरमानी के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**श्रीमती अनीता पत्नि स्व. सुरेन्द्र कुमार निवासी 88 न्यू शारदा नगर निकट तलवार आटा चक्की वाली गली, थाना सदर बाजार, जिला सहारनपुर।**

**सूचना**

मैने अपने पुत्र आस मौहम्मद को गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर आस मौहम्मद व उसकी पत्नि सबीना से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**मौ. इकराम पुत्र जिन्दा हसन निवासी मौ. अहमद नगर निकट रहमानी मस्जिद, खाताखेडी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**

# जिलेभर में हर्षोल्लास व पारम्परिक रीति रिवाजों से मनाया गया लोहड़ी का पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर भर में परंपरागत रीति-रिवाजों व हर्षोल्लास के साथ लोहडी मनाई गई।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व पार्षद चंद्रजीत सिंह निक्कू के रेलवे कॉलोनी आवास पर कार्यक्रम की शुरुआत विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें पूर्व पार्षद सुखविंदर कौर ने लोहड़ी जलाने की रस्म अदा की और सभी की सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने लोहड़ी के पारंपरिक गीतों के बीच एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दिया। आयोजन में सैकड़ों लोगों की सहभागिता रही, जिससे वातावरण उल्लास और उत्साह से भर गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के सचिव प्रवीण चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, अपर्णा सैनी एडवोकेट, आयशा एडवोकेट, मनजीत कोका, प्रवीण सैनी, राजेश यादव एडवोकेट, मधु सोंधी, मीनाक्षी वर्मा, बाला शर्मा, कमलेश शर्मा, अश्वनी मिंटा, आदित्य आर्य, राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

सुभाष नगर में पारंपरिक तरीके से सिख समाज के लोगों को लोहडी का पर्व मनाया। जितेंद्र खालसा, गुरमेल खालसा, गुरवीर सिंह, करनप्रीत सिंह, सरणदीप सिंह, पलक प्रीत कौर, बिमोहित सिंह, प्रीति कौर, सोनू खालसा, अंशदीप कौर आदि ने एक दूसरे को लोहडी पर्व की बधाई दी।

**चिलकाना।** नगर में पवन गुम्बर के आवास पर लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। लोहड़ी पर्व पर नगर के गणमान्य लोगो ने



लोहड़ी का पूजन कर एक दुसरे को बधाई दी।

मंगलवार रात्रि के समय लोहड़ी पर्व के उप्लक्ष में सभी ने एक दूसरे को शुभकामनायें देते हुए रेवड़ी, गजक व मूंगफली आदि का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान सभी धार्मिक भजनो पर जमकर झूमते नजर आये। इस अवसर पर भाजपा मण्डल अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने कहा कि धार्मिक त्यौहार हमारे आपसी सहयोग और सौहार्द के प्रतीक हैं, पर्व हमे सिखाते हैं कि संस्कृति से जुडकर ही समाज मजबूत बनता है। कार्यक्रम में पवन गुम्बर, सभासद अनुपम जैन, अनुज जैन, प्रदीप रोहिला, जगपाल रोहिला, निशांक जैन, गौरव गुप्ता, संदीप सिंघल,



सतपाल कश्यप, राजेश रोहिला, यशपाल रोहिला, जगपाल उपाध्याय, संजय ठेकेदार, सतीश बाल्मीकि, तहरीर अब्बास, एम एस सोनू कुरैश, डॉ कुलदीप चौधरी व शिवनंदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

**गंगोह।** नगर एवं क्षेत्र में लोहड़ी पर्व पर देर रात तक कार्यक्रम चलते रहे। वैष्णों देवी धाम में आयोजित कार्यक्रम में सैंकड़ों श्रद्धालु शामिल रहे।

मंगलवार रात आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने लोहड़ी में अग्नि प्रज्जवलित कर किया। अतिथियों द्वारा सभी लोगों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि सभी त्यौहार प्रेम व भाई चारे को बढ़ावा देते हैं। नगर में हर त्यौहार




पर सभी धर्मो के लोग शामिल होते है यही यहां की परंपरा रही है। धुंध व बेहद ठंड के बावजूद उपस्थित श्रद्धालु ढोल की थाप पर काफी समय तक थिरके। इस अवसर पर जम कर डांडिया हुआ। लोहडी पर्व का इतिहास भी बताया गया। इस अवसर पर माता वैष्णों देवी का गुणगान भी किया गया। अनेक लोगों को समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सुशील पाहुजा, अरविंद टेबक, नीरज पाहुजा, मुरारी बजाज, सपना टेबक, प्रिया, वर्षा, बृजमोहन शर्मा, सागर शर्मा, पल्लवी अरोड़ा, दिनेष आदि आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व वैष्णों धाम पर विशेष पूजा का आयोजन किया गया।

# राज्यमंत्री के पिता के अंतिम संस्कार में उमड़ी भीड़, नेताओं ने जताया शोक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** क्षेत्रीय विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार में लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह के पिता राजकुमार रावत का गांव जड़ौदा जट्ट में अंतिम संस्कार हुआ। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। दिनभर राज्यमंत्री के आवास पर सांत्वना देने के लिए विभिन्न राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों के अलावा क्षेत्रवासियों का तांता लगा रहा।

मंगलवार शाम राज्यमंत्री बृजेश सिंह के पिता 80 वर्षीय राजकुमार रावत का आकस्मिक निधन हो गया था। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। बुधवार सुबह करीब 11 बजे गांव के ही श्मशान में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके तीन बेटो में सबसे बड़े बेटे राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने दी। जिलाधिकारी मनीष बंसल व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी समेत



अधिकारियों ने मौके पर पहुंच निधन पर दुख जताते हुए सांत्वना प्रकट की। उनकी अंतिम यात्रा में पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, सहारनपुर विधायक राजीव गुंबर, नकुड़ विधायक मुकेश चौधरी, पूर्व विधायक शशीबाला पुंडीर, अभय

**गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में फार्मेसी विभाग के डायरेक्टर रहे राजकुमार रावत बेहद मिलनसार थे। सामाजिक कार्यों में वह बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे। एक वर्ष पूर्व आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. ठा. मुकुंद सिंह की स्मृति में जामिया तिब्बिया देवबंद में हुए कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया था। जामिया तिब्बिया के सचिव डा. अनवर सईद और डा. अख्तर सईद के अलावा जामिया परिवार ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।**

राणा, पूर्व विधायक नरेश सैनी,



सहारनपुर मेयर डा. अजय सिंह, पूर्व मेयर संजीव वालिया, एमएलसी शाहनवाज खान, पूर्व विधायक महीपाल माजरा, मुजफ्फराबाद ब्लाक प्रमुख योगेश पुंडीर समेत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला एवं विभाग प्रचारक और वरिष्ठ नेतागण शामिल रहे।

# इदारा खिदमत ए खल्क ने गरीब व असहाय लोगों को बांटे कंबल व कपड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए गरीब व असहाय लोगों को समाजसेवी संगठन इदारा खिदमत ए खल्क द्वारा गर्म कंबल और कपड़े वितरित किए गए। संगठन के अध्यक्ष मुफ्ती वकास हाशमी ने कहा कि जो लोग अल्लाह के बंदों की मदद करते हैं अल्लाह उनकी मदद जरूर करता है।

मोहल्ला अबुल माली स्थित अपने आवास पर मुफ्ती वकास हाशमी ने कहा कि मोहम्मद साहब ने फरमाया था कि तुम में से सबसे बेहतर वह है जो लोगों को फायदा पहुंचाने वाला है। कहा कि मालदार लोगों का गरीब लोगों पर खर्च करना कोई एहसान नहीं बल्कि यह उनका फर्ज है। उन्होंने सभी सामर्थ्य लोगों से असहाय व जरूरतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि जरूरतमंद लोगों के घर पहुंचकर कंबल और गर्म कपड़े वित. रित किए गए हैं। क्योंकि असल मदद वही है जो छिपाकर की जाए। इस दौरान आतिफ हाशमी, रबी हाशमी, अबान हाशमी, ताहिर उस्मानी, जाकिर उस्मानी आदि संगठन के लोग शामिल रहे।

# फर्जी जमानतदार गिरफ्तार, पेशेवर अपराधियों को दिलाता था जमानत



देवबंद। कोतवाली पुलिस ने पेशेवर अपराधियों की जमानत कराने वाले क्षेत्र के खजूरी गांव निवासी संजय को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक संजय डकैती, लूट, हत्या, चोरी, नकबजनी, गैंगस्टर एक्ट और एनडीपीएस एक्ट और अवैध शस्त्र के मामलों में अपराधियों के साथ संगठित होकर कूटरचित दस्तावेजों का इस्तेमाल करते हुए उन्हें जमानत दिलाने का काम करता था। इस तरह वे धोखाधड़ी कर अदालत को भी गुमराह कर रहा था। पुलिस ने बताया कि इससे पूर्व में कई फर्जी जमानतदार गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके हैं।

# श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को लगाया खिचड़ी और मिष्ठान का भोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सिद्धपीठ श्री राधा वल्लभ मंदिर में खिचड़ी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। बुधवार को ठाकुर श्री राधा नवरंगी लाल महाराज को खिचड़ी के साथ इमरती, जलेबी और पकोड़ी का भोग लगाया गया।

मंदिर के सेवाधिकारी नवनीत लाल गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी का छद्म भेष, मंगला आरती और श्रृंगार दर्शन करने के लिए श्रद्धालु इस कड़ाके के ठंड में भी उमड़ रहे हैं। खिचड़ी की पदावली सुनने के लिए पड़ोसी जनपदों से भी श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर धर्म लाभ उठा रहे हैं।

बताया कि ठाकुर श्रीजी के विलक्षण दर्शन से भटके मन को न केवल शांति मिलती है अपितु भगवान के भजन में भी उनका मन



लगता है। इस मौके पर नीरज गोस्वामी, लालजी गोस्वामी, हितेश गोस्वामी, प्रियांशु महाराज, मुदित महाराज, राजकुमार जाटव, विवान महाराज, संतोष वर्मा व राहुल वर्मा आदि श्रद्धालु शामिल रहे।

# जुर्माना जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के काटे कनेक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बिजली चोरी के मामलों में जुर्माना अदा न कराने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत निगम ने कार्रवाई शुरु कर दी है। इसके तहत निगम की टीम ने अभियान चलाकर विभिन्न इलाकों में 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे हैं।

उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाने के लिए प्रदेश सरकार की ओर से बिजली बिल राहत योजना शुरु की हुई है। इसमें बिजली चोरी के मामलों में उपभोक्ताओं को पंजीकरण कराने पर 45 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। जनवरी के आरंभ से योजना का दिव्तीय चरण शुरु हुआ, इसमें बिजली चोरी के मामलों में उपभोक्ताओं को चेताया गया था कि यदि उन्होंने योजना के तहत पंजीकरण नहीं कराया तो उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

बुधवार को अधिशासी अभियंता मृत्युंजय शाही के नेतृत्व में चलाए गए अभियान के तहत मोहल्ला दगड़ा, पठानपुरा, रेलवे रोड, खानकाह, कायस्थवाड़ा, छिंपीवाड़ा, मंगलौर रोड और कोहला बस्ती समेत विभिन्न इलाकों में जुर्माना जमा न करने वाले 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। मृत्युंजय शाही ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि कनेक्शन कटने की कार्रवाई से बचने के लिए उपभोक्ता योजना में पंजीकरण कराकर जुर्माना जमा कराएं। इस दौरान उपखंड अधिकारी पुलकित टंडन, अवर अभियंता विष्णु कोठरी, गुलशन झा, टीजीटू मो. जीशान, रविपाल और संजय आदि शामिल रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया लोहड़ी पर्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**देवबन्द।** देवबंद में पंजाबी समाज के लोगों ने लोहड़ी जलाकर व उसमें मक्की व मूंगफली भेंट कर हर्षोल्लास से लोहड़ी का पर्व मनाया। नई शादी व बेटा होने वाले घरों में लोहड़ी की विशेष धूम रही।

नगर की कैलाशपुरम कालोनी, लाजपत नगर कालोनी, ब्रह्मपुरी कालोनी में कई स्थानों पर लोगों ने लोहड़ी जलाकर वाहेगुरू जी का शुक्रिया अदा किया। इस दौरान लोहड़ी से सम्बंधित पारम्परिक गीत



दूल्हा भट्टी वाला आदि का गायन भी किया गया जबकि युवाओं ने डीजे पर जमकर डांस कर लोहड़ी का जश्न मनाया।

# चैकिंग अभियान: पुलिस ने तमंचे के साथ युवक पकड़ा



**किठौर।** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 315 बोर का तमंचा बरामद किया गया। यह कार्रवाई शाहजहांपुर में मीतापुर नहर पुल पर की गई।

थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम मीतापुर नहर पुल पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नहर पटरी के रास्ते से एक युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन युवक ने भागने की कोशिश की।

पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 315 बोर का एक तमंचा बरामद हुआ। इसके बाद किठौर थाने में आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरा. पी ने अपना नाम फैसल पुत्र जुम्मा निवासी मोहल्ला नई बस्ती कस्बा शाहजहांपुर बताया।

# लावड़ में मोहन सैनी ने क्षेत्र की महिलाओं को कंबल किए वितरण

**लावड़।** बढ़ती ठंड के चलते कस्बे में बुधवार को भाजपा नेता मोहन सैनी ने गरीब महिलाओं को कंबल वितरण किए। इस दौरान उन्होंने करीब एक हजार से ज्यादा महिलाओं को कंबल दिए। आपको बता दें कि बीते वर्ष भी उन्होंने ठंड के चलते महिलाओं को कंबल वितरण किए थे। बुधवार को कंबल पाकर सभी महिलाओं के चेहरे खिल उठे उन्होंने मोहन सैनी की जमकर प्रशंसा की। वहीं मोहन सैनी ने कहा कि मकर संक्रांति के पवन अवसर पर सेवा भाव से उन्होंने बुजुर्ग माताओं और बहनों को कंबलों का वितरण किया है साथ ही उन्होंने कस्बे की अन्य महिलाओं के लिए कहा कि जिन माताओं को कंबल नहीं मिला।

# शिक्षकों ने किया महाविद्यालय के नवागत प्राचार्य का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी पीजी कॉलेज, मुजफ्फरनगर के स्ववित्त पोषित योजनान्तर्गत संचालित विभिन्न विभागों, विधि विभाग, बीएड विभाग, मानविकी एवं जन्तु विज्ञान विभाग, रसायन विभाग के शिक्षकों द्वारा महाविद्यालय के नवागत प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी का बुके देकर स्वागत किया। प्राचार्य प्रो. योगेश त्यागी ने भविष्य में छात्र-छात्राओं की शैक्षिक गतिविधियों एवं उनके नैतिक शिक्षा के उत्थान के लिए समस्त शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं को प्रेरित किया।

डॉ. ओमदत्त, विभागाध्यक्ष विधि विभाग, डॉ. कुलदीप कुमार,



डॉ. शैलजा, डॉ. आदित्य राठी, प्रो. संगीता वास्तव, प्रो. प्रीति अग्रवाल, प्रो. संजय कुमार, प्रो. कल्पना, डॉ. राहुल शर्मा, प्रभारी स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रम, प्रवक्ता मनीष कुमार, श्रीमती ऋतु मित्तल, सुशील कुमार, श्रीमती शुभा मांगलिक, श्रीमती विशालनी, श्रीमती प्रिया अग्रवाल, डॉ. अंशु बंसल, डॉ. सालोहा, स्ववित्त पोषित पाठ्यक्रमों के प्रशासनिक कार्यालय से अश्वनी कुमार धीमान, तुषार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय बैडमिंटन व कबड्डी नेशनल चैंपियनशिप में फलावदा के युवा खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय बैडमिंटन व कबड्डी नेशनल चैंपियनशिप में कस्बे के युवा खिलाड़ियों ने भाग लेकर अच्छा प्रदर्शन करते हुए प्रदेश व कस्बे का नाम रोशन करते हुए खिलाड़ियों ने मेडल हासिल किये।


हरिद्वार में अचीवर्स होम पब्लिक स्कूल में स्कूल गेम्स एमेच्योर फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा तीन दिवसीय आयोजित 9 वीं राष्ट्रीय चैंपियनशिप हरिद्वार में बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्तम प्रदर्शन करते हुए कस्बा निवासी याहया रिजवी, हमजा ने गोल्ड मेडल हासिल किये। वहीं कस्बा निवासी व दिल्ली यूनिवर्सिटी के बी कॉम के छात्र शायान रहमान, कस्बा निवासी मोहम्मद रब्बान रिजवी ने चैंपियन शिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। कबड्डी में यूपी की टीम उप विजेता रही।

# सिपाही ने किया खुदकुशी का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** थाने में तैनात एक सिपाही ने बीते सोमवार को देर रात गृह क्लेश के चलते आत्महत्या का प्रयास किया। सहकर्मियों ने समय रहते दरवाजा तोड़कर उसे फंदे से नीचे उतारा, जिससे उसकी जान बच गई। सिपाही का उपचार मेरठ के एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। मूल रूप से आगरा निवासी सिपाही सुरेंद्र की तैनाती करीब एक वर्ष पूर्व किठौर थाने में हुई थी।

वह थाने के सरकारी क्वार्टर में रहता था। सोमवार को उसका परिवार आगरा से आया हुआ था। इसी दौरान पत्नी वीरेश से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद के बाद सुरेंद्र ने किठौर थाने के सामने स्थित राव डेरी के ऊपरी मंजिल के क्वार्टर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। पत्नी द्वारा सूचना दिए जाने पर इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने सुरेंद्र से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ



मिला। इस पर दरोगा विजय कुमार को मौके पर भेजा गया। क्वार्टर का दरवाजा अंदर से बंद मिलने पर उसे तोड़ा गया, जहां सुरेंद्र फंदे से लटके मिले। सुरेंद्र को तत्काल बेहोशी की हालत में कस्बे के निजी अस्पताल ले जाया गया। वहां से उसे मेरठ के एक निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। इंस्पेक्टर प्रताप सिंह ने बताया कि सिपाही का उपचार जारी है और उसकी हालत में सुधार हो रहा है।

**न्यायालय अपर आयुक्त (प्रशासन), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

वाद संख्या-943/2022

**कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-सी2022 09000000943**

धारा 333, उ0प्र0ज0वि0भू0व्य0 अधि0 1950, ग्राम रोहाना खुर्द परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर व बेगमपुर परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।

विनोद कुमार आदि **बनाम** श्रीमती लता आदि

**नोटिस बनाम**

विपक्षी सं0-1 श्रीमती लता पत्नी भूपेन्द्र, 2-नरेन्द्र पुत्र रामेश्वर, 3-अंजू पत्नी स्व0 विनायक, 4-तुषार पुत्र स्व0 विनायक, 5- राजपाल 6-रामकुमार पुत्रगण बारू, 7- गुरवचन पुत्र किशोरी, 8-संजय 9-नीरज पुत्रगण रूपचन्द, 10-रवि कुमार उर्फ मामचन्द, 11-गोपाल पुत्रगण बाबूराम, 12-दर्शनलाल 13-राजपाल पुत्रगण नन्हा, 14-धर्मपाल पुत्र इलमचन्द, 15-शिवकान्त पुत्र परमानन्द निवासीगण ग्राम रोहाना खुर्द परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर, 16-गांव सभा मौजा रोहाना खुर्द द्वारा प्रधान मौजा रोहाना खुर्द परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान, 17- गांव सभा ग्राम बेगमपुर परगना चरथावल तहसील व जिला मुजफ्फरनगर द्वारा प्रधान।

प्रस्तुत निगरानी, विनोद कुमार व पप्पू उर्फ धर्मेन्द्र पुत्रगण जनेश्वर निवासीगण ग्राम रोहाना खुर्द परगना तहसील व जिला मुजफ्फरनगर हाल निवासी एस0ओ0 जनेश्वर प्रसाद फ्लैट न0-ए 501 अग्रवाल हाईट्स राजनगर एक्टेन्सन गाजियाबाद द्वारा न्यायालय अतिरिक्त मजिस्ट्रेट-प्रथम मुजफ्फरनगर के वाद संख्या-RST/02345/2019, कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या-डी201909550002345, विनोद कुमार आदि बनाम श्रीमती लता आदि अन्तर्गत धारा 116, उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 में पारित आदेश दिनांक 24.09.2019 के विरुद्ध इस न्यायालय में योजित हुई है, जिसमें आपको भी पक्षकार बनाया गया है तथा इस निगरानी में दिनांक 19.01.2026 नियत है।

अत: इस नोटिस सूचना के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 19.01.2026 को प्रात: 10:00 बजे अपने अधिवक्ता सहित निगरानी में पैरवी हेतु न्यायालय में उपस्थित हों। यदि सूचना के बाद आप उपस्थित नहीं होते हैं तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा आदेश पारित किये जायेंगे।

**आज्ञा से**

**अपर आयुक्त (प्रशासन) सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।**

## दो पॉपुलर के पेड़ चोरी कर ले जा रहे युवक ने की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** नंगली गांव में एक खेत से दो पॉपुलर के पेड़ चोरी हो गए। पेड़ ले जाते समय खेत मालिक ने आरोपी को रोका तो उसने मारपीट कर दी, जिससे खेत मालिक घायल हो गया। पीड़ित ने किठौर थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। नंगली निवासी सोहनलाल पुत्र भीम सिंह ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उनके खेत में पोपलर के पेड़ लगे थे। गांव के ही मनोज पुत्र चंपत ने इन पेड़ों को काट लिया और बुग्गी में भरकर ले जा रहा था। सोहनलाल ने जब मनोज को रोका और पेड़ काटने के बारे में पूछा, तो मनोज ने उनसे मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान सोहनलाल के हाथ में चोट लग गई।

# सातवें दिन भी नहीं खुला कपसाड़, गांव पूरी तरह सील

## कांवड़ मार्ग सहित सभी रास्तों पर नाकाबंदी, पुलिस पहरे में बीता पूरा दिन



**सरधना।** महिला सुनीता की हत्या और बेटी रूबी के अपहरण की घटना के बाद कपसाड़ गांव में हालात अब भी सामान्य नहीं हो सके हैं। बुधवार को घटना के सातवें दिन भी गांव पूरी तरह सील रहा। प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से कपसाड़ की ओर जाने वाले सभी मार्गों को बंद रखा। कांवड़ मार्ग सहित गांव से जुड़े हर रास्ते पर पुलिस की कड़ी नाकाबंदी बनी रही। बुधवार को भी किसी भी बाहरी व्यक्ति को गांव में प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। मृतक सुनीता के परिजनों को भी किसी से मिलने नहीं दिया गया।

# नगर पंचायत बहसूमा की बोर्ड बैठक में 20 लाख रुपये के दो प्रस्ताव पास

**बहसूमा।** नगर पंचायत के कार्यालय में संपन्न हुई बोर्ड बैठक में 20 लाख रुपए के दो प्रस्ताव सर्वसम्मती से पास किए गए। जिसमें मुख्य प्रस्ताव 31 दिसंबर को सेवा. निवृत हुए लिपिक मोहम्मद कामिल खा के बाद यह पद रिक्त था। जिसको लेकर बोर्ड बैठक ने सर्वसम्मति से चपरासी बिरेंद्र कुमार को कार्यवाहक लिपिक के पद पर अनुमोदन किया गया। वहीं कार्य का अनुभव होने पर मोहम्मद कामिल खान को निश्चित मानदेय पर रखा गया। इसके अलावा 20 लाख रुपए के विभिन्न स्थानों पर निर्माण कार्य तथा विभिन्न स्थानों पर टूटे पड़े चैनल की मरम्मत कराए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मती से किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी हरि नारायण सिंह ने कहा कि नागरिक अपना ग्रह कर जल मूल्य जमा कर दे ताकि नागरिकों को अच्छी सुविधा दी जा सके। वहीं नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि नागरिक अपना कुड़ा निश्चित स्थान पर डालें ताकि सफाई कर्मी को कोई परेशानी न हो और आपकी नगर की सफाई स्वच्छ हो। बोर्ड बैठक में मुख्य रूप से कार्यवाहक लिपिक बिरेंद्र नागर, मोहम्मद कामिल



खां, सभासद राजू राठी, सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद दीपक गुर्जर, सभासद अरुण जाटव, सभासद चीनू जाटव, सभासद मोनू जाटव, सभासद पति सचिन उर्फ गिल्लो, सभासद पिंकी, सभासद, मोनिका जाटव, कंप्यूटर ऑपरेटर विकास लांबा आदि लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा न0 196 रकबई 0.8310हे0 स्थित ग्राम साधारणसिर परगना नागल तहसील देवबन्द का मै शावेज अली वसीयतनामा दिनांक 15.11.2021 पंजीकृत दिनांक 22.11.2021 के द्वारा मालिक काबिज चला आता हूँ। मगर उपरोक्त सम्पत्ति पर गलत तौर से धोखाधडी आदि करते हुए जुल्फक्कार, मो0 इनाम, शाहनवाज, नौशाद, जीशान, शाहनेआलम पुत्रगण अब्दुल गफूर, श्रीमति बीना व श्रीमति शाहनूर बेवा अब्दुल गफूर ने जो अपना नाम दर्ज करा लिया उसके सम्बन्ध में मुकदमे भिन्न-भिन्न अदालतो में विचाराधीन है। उपरोक्त जुल्फक्कार आदि को कोई हक उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई अभिलेख इकरारनामा, बैनामा, दानपत्र, रहननामा आदि करने का कोई हक नही है।

**शावेज अली पुत्र अब्दूल गफूर**
**निवासी ग्राम मीरपुर मोहनपुर**
**परगना नागल तहसील देवबन्द**
**जिला सहारनपुर।**

**नोटिस प्रकाशन सूचना**

न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहारनपुर।
अपील स0-0532/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-202454096000000532
अंतर्गत धारा-21(2) उ0प्र0जोतच0अधि0
ग्राम-देवबन्द, परगना व तहसील देवबन्द, जिला-सहारनपुर।

**सरकार बनाम रईस अहमद**

**नोटिस बनाम**

**रईस अहमद पुत्र नूर हसन निवासी मौहल्ला मेन बाजार देवबन्द परगना व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर।**

उक्त पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) सहारनपुर ने रईस अहमद पुत्र नूर हसन निवासी मौहल्ला मेन बाजार देवबन्द परगना व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर को पक्षकार बनाते हुए अपीलीय न्यायालय / बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहारनपुर की अपील नं0-139 अंतर्गत धारा 21 (2) उ0प्र0 जोतच0अधि0 रईस अहमद बनाम सरकार में पारित आदेश दिनांक-13.02.2015 के विरूद्ध योजित की गयी है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। उक्त अपील में गजट प्रकाशन हेतु आदेश दिनांक 18.12.2026 में निर्देशित किया है।

अत: इस नोटिस/सूचना के द्वारा आपकों सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 22.01.2026 को प्रात: 10 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय स्थित कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो। यदि सूचना के बावजूद भी आप उपस्थित नहीं होते है तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा समुि. चत आदेश पारित कर दिया जायेगा। दिनांक-08.01.2026।

**बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी,**
**सहारनपुर।**

**विज्ञप्ति**

ग्राम देवबन्द में धारा 52 के अभिलेख तैयार किये जा रहे है. जिनमे से गाटा सं0 1110/1, 1110/2 जिल्द बन्दोबस्त 1366 फसली में अभिलेखो में भटटा के नाम दर्ज है, जो ग्राम समाज का नम्बर है, जिसका रकबा लगभग 15 बीघा है, जिसमें फर्जी तरीके से कुछ कृषको ने अपने नाम अभिलेख में दर्ज करा लिये थे, चकबन्दी अधिकारी देवबन्द ने दिनांक 01-07-2025 को फर्जी कृषको के नाम खारिज करके उक्त भूमि को ग्राम समाज के नाम दर्ज कर दी गयी है, जिल्द बन्दोबस्त से 1366 फसली से चकबन्दी चल रही है, वह ग्राम समाज भटटा के नाम दर्ज है, जो सही है, चकबन्दी अधिकारी द्वारा सरकार के हित में कार्य किया गया है, जो सराहनीय है. कुछ फर्जी व्यक्ति न्यायालयों में अपील, निगरानी दायर कराकर राजनैतिक परेशर बनाकर अपने नाम दर्ज कराना चाहते है, जो सरकार के हित में नहीं है, जांच कराकर कार्यवाही कराने की कृपा करे।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत देवबन्द देहात**
**वि० ख० देवबन्द, स०पुर०**

Khel Page-10- 15 Jan.qxd 1/14/2026 10:06 PM Page 1 (Cyan plate)











# नंबर-1

**विराट कोहली ने कीवियों के खिलाफ वनडे में चार विकेट की जीत के बाद आईसीसी पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया**



खेल डेस्क

Khel Page-10- 15 Jan.qxd 1/14/2026 10:06 PM Page 1 (Magenta plate)











# जेल में बंद कमलजीत से मिलीं सांसद इकरा

## कहा– राजनीतिक दुर्भावना के चलते प्रधान को झूठे मामले में फंसा भेजा गया जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी की कैराना लोकसभा सांसद इकरा हसन ने जिला कारागार पहुँचकर जेल में बंद ग्राम प्रधान कमलजीत से मुलाकात की। उन्होंने आरोप लगाया कि राजनीतिक दुर्भावना के चलते कमलजीत को झूठे मामले में फँसाकर जेल भेजा गया है।

सांसद ने कमलजीत का मनोबल बढ़ाया और इस कार्रवाई को न्याय के विरुद्ध बताया। उन्होंने कहा कि यह सत्ता की हठधर्मिता का उदाहरण है, जहाँ राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग हो रहा है। इकरा हसन ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्षी नेताओं व जनप्रतिनिधियों को झूठे मामलों में फँसाना आम हो गया है।



उन्होंने आश्वासन दिया कि समाजवादी पार्टी प्रधान कमलजीत को न्याय दिलाने के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी। यह मुद्दा विधानसभा से लेकर संसद तक उठाया जाएगा।

## लोहडी पर्व पर पार्षद टिंकू के आवास पर पहुंचीं कैराना सांसद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कैराना सांसद इकरा हसन सपा महानगर प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा के आवास पर पहुंची और उन्हे लोहडी पर्व की शुभकामनाएं दी।

टिंकू अरोडा के आवास पर लोहडी के मौके पर पहुंची सांसद इकरा हसन ने कहा कि हमें सभी धर्मो का सम्मान करते हुए उन्हे मिल जुलकर मनाना चाहिए। पार्षद टिंकू अरोडा ने कैराना सांसद का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया।

## 18 को पुन: पढ़ी जाएगी निर्वाचक नामावली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के अनुपालन में जनपद के समस्त 3018 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा अपने बूथ पर उपस्थित होकर संबंधित आलेख्य निर्वाचक नामावली को पुन: दिनांक 18 जनवरी दिन रविवार को मतदाताओं को पढकर सुनाया जाएगा। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि 18 जनवरी को मतदाता सूची पढे जाने वाले स्कूल एवं विद्यालय खुलवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मतदान केन्द्रों पर बूथ लेवल अधिकारियों के बैठने हेतु आवश्यक फर्नीचर आदि उपलब्ध कराने को कहा। 6 जनवरी से 6 फरवरी तक बूथ लेवल अधिकारियों व पदाभिहित अधिकारियों द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है।

# दो कोर्ट में निपटाए जाएंगे आपसी समझौते के तहत लंबित मुकदमे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** बेहट तहसील में स्थित ग्रामीण न्यायालय में राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के द्वारा मीडियेशन अभियान दो के तहत आयोजन किया जाएगा,जिसमें आपसी और मध्यस्थ के तहत मुकदमों में फैसले किए जाएंगे।

राज्य विधि सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत जिला जज सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में दीवानी कचहरी बाहय न्यायालय देवबंद और ग्राम न्यायालय बेहट मे 2 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक मीडियेशन अभियान 2, चलाया जा रहा है इस अभियान का उद्देश्य न्यायालय में लंबित पत्रावलियों को मध्यस्थता के माध्यम से निस्तारित करना है।

प्रेस को दी गई जानकारी के अनुसार जिन निम्न वादों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर किया जा सकता है। उनमें वैवाहिक विवाद के मामले,दुर्घटना दावे के मामले,घरेलू हिंसा के मामले,चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले, सेवा विवाद के मामले, शमनीय अपराधिक मामले,उपभोक्ता विवाद के मामले, ऋण वसूली के मामले,संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले,भूमि अधिग्रहण के मामले एवं अन्य उपयुक्त दीवानी मामले इन सभी मामलों में जिला न्यायाधीश सत्येन्द्र कुमार ने आम जनता से अपील की है कि जो भी पक्षकार गण अपना वाद सुलाह समझौते के आधार पर निस्तारित करना चाहते हैं वह अपना प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रेषित कर अपने वाद को मध्यस्थता केंद्र में प्रेषित करवा लें ताकि अदालत उन मामलों को जनसुनवाई में रख सके और उसका निपटारा हो सके।

## चौपाल लगाकर चलाया अभियान

**गंगोह।** महिला सशक्तिकरण अभियान मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो की उप निरीक्षक खुशबू व महिला कांस्टेबल अनु द्वारा नगर के विभिन्न बाजारों व मौहल्लो गलियों में अभियान चलाया गया।

चौपाल लगाकर, महिलाओं से उनकी समस्या पूछी गई और सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं बाल विवाह रोकथाम अभियान, विधवा पेंशन, सुमंगला योजना बाल कल्याण योजनाओं ,बाल मजदूरी न कराने और गुड टच और बड टच आदि के बारे में जानकारी दी। सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 1090 वूमेन पावर, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध, 108 एंबुलेंस सेवा, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा आदि की जानकारी दी।

# ट्रैंच विधि से करें गन्ना बुवाई: ओ पी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ. पी. सिंह ने कहा कि बसंतकालीन गन्ना बुवाई में कृषकों को ट्रैंच विधि से गन्ने की बुवाई करनी चाहिए।

उप गन्ना आयुक्त ग्राम तिलौरा में सुभाष सिंह के खेत पर बसंतकाल. ीन गन्ना बुवाई हेतु आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा की गन्ना बुवाई से पहले गन्ने के टुकड़ो को उपचारित कर लेना चाहिए और बुवाई के लिए साफ, स्वस्थ गन्ना ही लेना चाहिए और अपने चीनी मिल अथवा गन्ने विभाग के फिल्ड स्तरीय सुपरवाइजर, गन्ना विकास निरीक्षक, अपनी गन्ना परिषद से सम्पर्क करते हुए सलाह और सहायता लेते रहें।



उन्होंने किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं गन्ना पेड़ी प्रबन्धन, कीट एवं रोगों के नियंत्रण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा की गहरी जुताई हेतु कृषि यंत्रो के लिए अपनी गन्ना समिति मे स्थापित फार्म मशीनरी बैंक में उपलब्ध कृषि यंत्र किराये पर लेकर अच्छे से कार्य कर सकते है। उप गन्ना आयुक्त ने गोष्ठी में उपस्थित किसानों के सुझाव भी लिए और उपस्थित विभागीय और चीनी मिल अधिकारियो को निर्देश दिए की इसी प्रकार की किसान गोष्ठीया गांव गांव में कराकर किसानों को गन्ने की खेती की जानकारी देते रहें। किसान गोष्ठी में काफी संख्या में किसान और विभागीय तथा चीनी मिल अधिकारी तथा फिल्ड स्टॉफ उपस्थित रहे।

# प्रत्याशियों ने चैम्बर टू चैम्बर मांगे वोट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव को लेकर प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच के संयुक्त प्रत्याशियों ने बुधवार को वरिष्ठ अधिवक्ताओं, महिला अधिवक्ताओं एवं युवा अधिवक्ताओं के साथ मिलकर चेंबर-टू-चेंबर संपर्क कर व्यापक चुनाव प्रचार किया। इस दौरान अधिवक्ताओं से संवाद करते हुए संयुक्त पैनल के सभी प्रत्याशियों को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गई।



जनसंपर्क अभियान के दौरान चौ. राणधीर सिंह एडवोकेट, सिद्धार्थ शंकर त्यागी एडवोकेट, सरदार राजेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, अरुण कपिल एडवोकेट, अशोक कुमार पुंडीर एडवोकेट, सुरेंद्र दीक्षित एडवोकेट, प्रदीप मित्तल एडवोकेट, अंकुर सहगल एडवोकेट, चौ. जानिसार एडवोकेट, महेश कुमार गुप्ता एडवोकेट, आदित्य सिंह एडवोकेट, प्रदीप शर्मा एडवोकेट, देवेंद्र चौधरी एडवोकेट, आदित्य अंगीरस एडवोकेट, अरविंद आर्य एडवोकेट, मुनव्वर अली खान एडवोकेट, अशोक पोसवाल एडवोकेट, जमाल साबरी एडवोकेट, अजय शर्मा एडवोकेट, विक्रम सैनी एडवोकेट, बाबूराम एडवोकेट, सुरेश गौतम एडवोकेट, कमल दयाल एडवोकेट, जयवीर सिंह एडवोकेट, जयवीर सिंह पुंडीर एडवोकेट, आमिर खान एडवोकेट, धर्मेंद्र एडवोकेट, विनोद सिद्धार्थ एडवोकेट, संजय वर्मा एडवोकेट, सतीश चौधरी एडवोकेट, माया शर्मा एडवोकेट, अनिता शर्मा एडवोकेट, रोशनी एडवोकेट, संदीप पंवार एडवोकेट, अरुण चौधरी एडवोकेट, रूमन लांबा एडवोकेट, अब्दुल रहमान एडवोकेट, सूरज प्रकाश एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में अधिवक्तागण उपस्थित रहे। संयुक्त प्रत्याशियों ने कहा कि यदि उनका पैनल निर्वाचित होता है तो अधिवक्ताओं की समस्याओं के समाधान, सुविधाओं के विस्तार और अधिवक्ता हितों की मजबूती के लिए पूरी निष्ठा से कार्य किया जाएगा।

# 20 लाख कीमत के गहनों समेत दो दबोचे



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 20 लाख रूपए की कीमत के चोरी किए सोने के आभूषण बरामद कर लिये।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित रईस अहमद पुत्र नूर अहमद निवासी पीरवाली गली-8 थाना मंडी ने कोतवाली में लिखित तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोरों ने रात्रि के समय रास्ते से उसके घर में घुसकर वहां रखे आभूषण चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। आज प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी, उपनिरीक्षक अवशेष भाटी, व उपनिरीक्षक सुधीर कुमार के नेतृत्व में मुकदमा उपरोक्त में त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबिर की सूचना पर दो शातिर चोरों साऊद पुत्र रईस अहमद व मोईनुद्दीन पुत्र इमाम. ुद्दीन निवासीगण पीर वाली थाना मंडी को 62 फुटा रोड मंडी समिति के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों कब्जे से चोरी किए गए आभूषण दो गले के सैट, 2 मंगलसूत्र, 1 मटरमाला, 2 जोड़ी टोप्स/झुमकी, 1 जोड़ी टोप्स बरामद कर लिए। बरामद आभूषणों की कीमत लगभग 20 लाख रूपए बताई जा रही है। प्रभारी निरीक्षक श्री त्यागी ने बताया कि दबोचे गए आरोपियों ने पूछताछ के दौरान बताया कि हम दोनों ने मिलकर रात्रि के समय छत के रास्ते से रईस के घर में घुसकर ताला तोड़कर जेवरात चोरी किए थे जिन्हें आज हम बेचने जा रहे थे तभी पुलिस ने हमें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों का वांछित धाराओं में चालान काटकर जेल भेज दिया।

# आपत्तिजनक पोस्ट पर 3 पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पुलिस की सोशल मीडिया पर निगरानी, ऑपरेशन मनबड़ के अंतर्गत आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले 3 आरोपियो के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आशीष तिवारी के निर्देशन में समाज में सोशल मीडिया का दुरुपयोग कर धमकी देना, अवैध असलाह का प्रदर्शन करना, जातिगत/धार्मिक आपत्तिजनक टिप्पणी करना तथा महिलाओं के सम्बन्ध में ब्लैकमेलिंग एवं अश्लील सामग्री पोस्ट कर भय, वैमनस्य व सामाजिक वातावरण खराब करने वाले असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए "ऑपरेशन डिजिटल मनबड" की शुरुआत की गयी थी इस विशेष अभियान के अन्तर्गत आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वालों की पहचान हेतु विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर फैल रही आपत्ति. जनक व भड़काऊ गतिविधियों पर रोक महिलाओं की गरिमा व सुरक्षा सुनिश्चित करना समाज में सौहार्द, शांति व कानून-व्यवस्था बनाए रखना है।

टास्क फोर्स द्वारा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट कर समाज मे असुरक्षा की भावना उत्पन्न करने वाले 03 व्यक्तियो को चिन्हित कर अभियोग पंजीकृत कर उचित कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पुलिस ने थाना सरसावा में अजय कुमार सिद्धार्थ पुत्र भरत सिह निवासी पिलखनी, थाना कुतुबशेर में राजन पुत्र महावीर सिह निवासी रामगढ व थाना गंगोह में रोहित पुत्र चन्द्रपाल निवासी बीराखेडी थाना गंगोह के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया।

# जांच में सही मिले सभी नामांकन

## 16 को होगा सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन चुनाव का मतदान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर सोमवार को नामांकन पत्रों की जांच की गई।

दीवानी न्यायालय स्थित बार संघ कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यपाल सैनी की देखरेख में हुई जांच में सभी नामांकन पत्र सही पाए गए। इसके साथ ही अब 11 पदों के लिए कुल 23 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 16 जनवरी को मतदान कराया जाएगा, जिसके बाद सभी प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद हो जाएगा। अधिवक्ताओं में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है। बीएसपी गुट के अध्यक्ष पद पर राहुल त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर भोपाल सिंह पुंडीर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सौरभ जैन, महासचिव पद पर सत्येंद्र वर्मा, सहसचिव पद पर सचिन सैनी एवं अनीता रानी, कोषाध्यक्ष पद पर यशपाल सिंह, सीनियर गवर्निंग काउंसिल सदस्य पद पर मंजर काजमी एवं रवि दत्त शर्मा, जबकि जूनियर गवर्निंग काउंसिल सदस्य पद पर फोजिया फरहत एवं बिट्टू सहगल चुनाव मैदान में हैं।

प्रगतिशील अधिवक्ता एकता मंच एवं जागरूक अधिवक्ता मंच गठबंधन के अध्यक्ष पद पर रवीश कुमार महेश्वरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर रेखा रानी पुंडीर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर बाबूराम, महासचिव पद पर पालम राणा, सहसचिव पद पर श्रीमती प्रवेश फैसल, कोषाध्यक्ष पद पर गौरव दीक्षित, सीनियर गवर्निंग काउंसिल सदस्य पद पर समय सिंह एवं दिलीप सेठ, जबकि जूनियर गवर्निंग काउंसिल सदस्य पद पर अंकित चौधरी एवं नैन कुमार उम्मीदवार हैं। इसके अलावा सहस. चिव पद पर एक निर्दलीय उम्मीदवार भी चुनाव लड़ रहे हैं। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है। साथ ही अब दल बल के साथ सभी प्रत्याशी चैम्बर टू चैम्बर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने में लगे है। साथ ही सभी की निगाहें अब 16 जनवरी के मतदान पर टिकी हैं।

**चुनाव को लेकर मतदाताओं में दिख रहा खासा उत्साह**

# श्री विष्णु मंदिर में मां अन्नपूर्णा रसोई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्री विष्णु मंदिर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से आज माधव नगर स्थित श्री विष्णु मंदिर परिसर में 'मां अन्नपूर्णा रसोई' का विधिवत शुभारंभ किया गया। रसोई का उद्घाटन जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा किया गया।

माधव नगर में अन्नपूर्णा रसोई का संचालन श्री विष्णु मंदिर चौरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी सुशील कुमार अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार संजय गर्ग की गरिमामयी उपस्थिति रही। श्री विष्णु मंदिर माधव नगर में प्रारंभ की गई अन्नपूर्णा रसोई में प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 2:30 बजे तक जरूरतमंद एवं गरीबों को निरूशुल्क भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। कोई भी सनातनी व्यक्ति मंदिर परिसर में निर्धारित समय पर आकर भरपेट



भोजन कर सकता है। मंदिर समिति के प्रधान सतीश सिंघल ने बताया कि अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ समाज के लिए एक सकारात्मक एवं प्रेरणादायक प्रयास है। अपने उद्बोधन में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने सुशील कुमार अग्रवाल को इस पुनीत कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि अन्नदान महादान है। वहीं पूर्व राज्य मंत्री श्री संजय गर्ग ने भी इस महान सेवा कार्य के लिए श्री अग्रवाल की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में मंदिर समिति के प्रधान सतीश सिंघल, सुभाष अग्रवाल सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे। साथ ही पंडित जयप्रकाश शर्मा, पंडित सुभाष शास्त्री, सदानंद स्वामी महाराज एवं अन्य साधु-संतों की उपस्थिति में सभी ने सुशील अग्रवाल को दीर्घायु होने का आशीर्वाद प्रदान किया।

# प्रदर्शन कर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन के तत्वावधान में बुधवार को संगठन के पदाधिकारियों व समूह-सखी महिलाओं ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा आज संगठन के अध्यक्ष सुरेश फौजी के नेतृत्व में समूह सखी संगठन की महिलाएं जिला मुख्यालय पहुंची और अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित विज्ञापन एसडीएम को देते हुए कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत समूह-सखी महिलाओं के मानदेय में वृद्धि की मांग की। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि समूह-सखी महिलाएं पिछले कई वर्षों से विभिन्न विभागीय योजनाओं, बैठकों एवं कार्यक्रमों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन इसके बावजूद उन्हें मात्र 800 रुपये प्रतिमाह का अल्प मानदेय दिया जा रहा है। इतना ही नहीं, विभागीय कार्यों में आने वाला अधिकांश खर्च भी उन्हें स्वयं वहन करना पड़ता है। इस अवसर पर संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश कुमार (फौजी), राष्ट्रीय महासचिव एवं महिला विंग अध्यक्षा एडवोकेट पिंकी पवन शिंदे, मुख्य सलाहकार राणेश्वर दास सैनी, प्रदेश अध्यक्ष सुभाष बर्मन, प्रदेश महिला विंग अध्यक्षा एवं समूह-सखी संघर्ष समिति अध्यक्षा श्रीमती बबीता कश्यप, जिला अध्यक्ष सौरन सिंह, मीडिया प्रभारी बॉबी कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, बरखा देवी, उमा देवी, कोमल, सोनिया, प्रवेश, दीपमाला सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

## 3 चाइनीज मांझा विक्रेता पकड़े

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने तीन मांझा विक्रेताओं को प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 गट्टू चाइनीज मांझा बरामद कर लिया।

थाना कुतुबशेर प्रभारी एच. एन. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उपनिरीक्षक भूपेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तीन मांझा विक्रेताओं हरीश पुत्र साहिद निवासी मेहंदी सराय थाना मंडी, शाद पुत्र अख्तर निवासी एकता कालोनी थाना कुतुबशेर व साकिब उर्फ मुन्ना पुत्र नाजिम निवासी पीरवाली गली थाना मंडी को नाला पटरी के पास से दबोच लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 60 गट्टू/गुच्छी चाईनीज मांझा बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपियों का धारा-223बी, 125ए बीएनएस व 5/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# शीत लहर से तापमान में भारी गिरावट, आम जन जीवन बुरी तरह प्रभावित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में बीते कई दिनों से जारी कड़ाके की ठंड ने लोगों का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। शीतलहर के साथ चल रही तेज सर्द हवाओं के कारण तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है, जिससे आम जनमानस को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह और देर रात ठंड का असर सबसे अधिक देखने को मिल रहा है। लगातार गिरते तापमान के चलते लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं।

सुबह के समय घना कोहरा छाए रहने से सड़कों पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई है, वहीं दृश्यता कम होने के कारण यातायात भी प्रभावित हो रहा है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों पर ठंड का विशेष असर देखने को मिल रहा है।



शीतलहर के कारण बाजारों में भी रौनक कम नजर आ रही है। आम दिनों की तुलना में सुबह के समय दुकानें देर से खुल रही हैं। फुटपाथ पर रहने वाले लोगों और मजदूर वर्ग के लिए ठंड सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। लोग अलाव का सहारा लेते हुए सर्दी से बचने का प्रयास कर रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ठंड को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। चिकित्सकों का कहना है कि ठंड के कारण सर्दी, खांसी, बुखार और सांस संबंधी रोगों में वृद्धि हो सकती है, इसलिए गर्म कपड़े पहनें और अनावश्यक रूप से ठंड में बाहर निकलने से बचें।

प्रशासन द्वारा भी ठंड को देखते हुए रैन बसेरों की व्यवस्था एवं अलाव जलवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरतमंदों को राहत मिल सके। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिनों तक ठंड से राहत मिलने की संभावना कम है और शीतलहर का प्रकोप जारी रह सकता है। कुल मिलाकर, शीतलहर और सर्द हवाओं ने सहारनपुर में आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है और लोग बेसब्री से मौसम के बदलने का इंतजार कर रहे हैं।

## लोग घरों में दुबके, बाजार में पसरा सन्नाटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** कस्बा और देहात इन दिनों शीतलहर और घने कोहरे की दोहरी मार झेल रहे हैं। कड़ाके की ठंड ने आम आदमी की रफ्तार थाम ली है। हालात ऐसे हैं कि लोग घरों में दुबकने को मजबूर हैं, जबकि कभी चहल-पहल से गुलजार रहने वाले बाजार सन्नाटे में डूबे नजर आ रहे हैं।

बुधवार को लगातार दूसरे दिन क्षेत्र का न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। तड़के ही घने कोहरे की मोटी चादर ने पूरे इलाके को अपनी गिरफ्त में ले लिया। दृश्यता इतनी खराब रही कि सुबह 11 बजे तक दस कदम आगे भी कुछ दिखाई नहीं दिया। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का जो वाहन निकले, वे भी रेंगते हुए आगे बढ़ते नजर आए। कोहरे ने मानो पूरे क्षेत्र की रफ्तार पर ब्रेक लगा दिया हो। दिनभर सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। वातावरण पर अंधकार छाया रहा और दोपहर में भी ऐसा प्रतीत हुआ मानो शाम ढल चुकी हो। मौसम जानकारों के अनुसार यदि तापमान में और गिरावट दर्ज की गई तो पानी जमने जैसी स्थिति बनने से इंकार नहीं किया जा सकता। लगातार बढ़ती ठंड ने जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोग अलाव के सहारे ठंड से बचने की कोशिश कर रहे हैं। राहगीर परेशान हैं। बाजारों में सुबह पूरी तरह वीरानी रहती है और दोपहर बाद ही सीमित आवाजाही नजर आती है। ठंड का सबसे अधिक असर बुजुर्गों, छोटे बच्चों और बीमार लोगों पर पड़ रहा है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डा अमन गोपाल का कहना है कि श्वास, दमा व हृदय रोग से पीड़ित व्यक्ति सतर्कता बरतें। उनका कहना है कि अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलना स्वास्थ्य के लिए जोखिम भरा हो सकता है। अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें और शरीर को पूरी तरह गर्म कपड़ों से ढककर रखें।

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# ईरान के बिगड़ते हालात

ईरान में दो सप्ताह से भी अधिक समय से हिंसा और विरोध प्रदर्शन जारी है। मानवाधिकार कार्यकर्ताओं की मानें, तो बुधवार तक 2572 लोगों की जान अब तक जा चुकी है, जोकि निश्चित रूप से बड़ा आंकड़ा है और जो यह बताने के लिए काफी है कि ईरान में हालात बद से बदतर की ओर जा रहे हैं। हालात के नाजुकपन को देखते हुए भारत ने भी अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय ने जारी अपनी एडवाइजरी में भारतीय लोगों से ईरान में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए जल्द से जल्द ईरान छोड़ने की सलाह दी है। बताते चलें कि ईरान में विरोध प्रदर्शन पिछले महीने आखिर में तब शुरू हुए थे जब ईरानी मुद्रा रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई थी और जैसे अब वहां से समाचार आ रहे हैं, वहां हिंसा और प्रदर्शन की वारदातें देश के सभी 31 प्रांतों तक फैल गई हैं। भारत सरकार ने अपने नागरिकों को भरोसा दिलाया कि जरूरत पड़ने पर उन्हें हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी और यह भी कि भारतीय नागरिक तेहरान स्थित भारतीय दूतावास से संपर्क कर सकते हैं। 1979 की इस्लामी क्रांति की फैली अराजकता की याद ये हिंसक प्रदर्शन दिला रहे हैं, क्योंकि ऐसी अराज. कता इस बीच में नहीं देखी गई। ईरान का कहना रहा है कि अमेरिका व पश्चिमी देश मिलकर ईरान में हिंसक प्रदर्शनों को हवा दे रहे हैं। इन प्रदर्शनकारियों में विदेशी अराजक तत्व घुसे हुए हैं। जो सैनिकों, बसों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर हमले कर रहे हैं और उन्हें भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। अमेरिका सहित तमाम पश्चिमी देश जिस तरह का रवैया दिखा रहे हैं और ईरान को चेता रहे हैं, उससे ईरान का यह दावा गलत भी नहीं लगता। ईरान के लीडर आयतुल्ला खामेनेई ने अमे. रिका-इजरायल को सीधे चेतावनी दे दी है कि वह उसके मामले में हस्तक्षेप न करें। साथ ही आंदोलनकारियों से सीधे सख्ती से निपटने की बात भी उन्होंने कही है। मौतों का बढ़ता आंकड़ा भी इस ओर इशारा कर रहा है कि उनकी चेतावनी का असर जमीनी स्तर पर दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं कि ईरान में जो कुछ हो रहा है, उसके पीछे अमेरिका इजरायल मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प तो सीधे ईरान को यह कहकर चुनौती दे रहे हैं कि यदि वह प्रदर्शनकारियों के साथ बल का प्रयोग करता है, तो अमेरिका उसके विरुद्ध सीधी सैन्य कार्रवाई करने से भी नहीं हिचकेगा। वह प्रदर्शनकारियों के साथ हमदर्दी दिखाते हुए कह रहा है कि तुम डटे रहो, अमेरिका उनके साथ खड़ा है। अब कहने के लिए ज्यादा क्या रह जाता है। जहां तक बात ईरान की है, ईरान अमेरिका व इजरायल जैसे देशों के सामने झुकने के लिए बिल्कुल तैयार नहीं दिखाई दे रहा है। बल्कि उसने स्पष्ट कर दिया है कि जहां ईरान प्रदर्शनकारियों से सख्ती से निपटेगा वहीं यदि किसी ने ईरान पर हमला करने की कोशिश की तो उसका करारा जवाब देगा।

## पूर्व सैनिकों का अनुभव अमूल्य संपत्ति



भारत तेजी से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और ऐसे समय में पूर्व सैनिकों का अनुभव, नेतृत्व और मूल्य देश के लिए अमूल्य संपत्ति हैं। उन्होंने ऑपरेशन पवन में भाग लेने वाले पूर्व सैनिकों के साहस और बलिदान को पहले वह सम्मान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे, सरकार ने भारतीय शांति सेना के सैनिकों के योगदान को खुले तौर पर स्वीकार किया है तथा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक सहित विभिन्न स्तरों पर उन्हें सम्मान दिया जा रहा है, एक रैंक एक पेंशन, भूतपूर्व सैनिक अंशदाई स्वास्थ्य योजना के सुदृढ़ीकरण, दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और टेलीमेडिसिन को बढ़ावा देने जैसे कदम उठाए गए हैं।

–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

# गले पड़े पुरस्कार का हो गया तिरस्कार






निर्मल रानी

**गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है।**

प्रसिद्ध हिंदी लेखक, पत्रकार और पटकथा लेखक कमलेश्वर ने सम्मान, एवार्ड अथवा पुरस्कार के विषय पर बातचीत करते हुए एक बार बहुत ही महत्वपूर्ण टिप्पणी की थी। उन्होंने कहा था कि कोई भी सम्मान ग्रहण करने से पहले यह जरूर देखना चाहिए कि सम्मानित करने वाली संस्था या व्यक्ति का स्वयं अपना कितना सम्मान है। ऐसा उन्होंने इसीलिए कहा था कि तमाम लोग व संस्थाएं विशिष्ट लोगों को सम्मानित करने के नाम पर या इसी के बहाने खुद अपनी छवि चमक. ाने या स्वयं की प्रसिद्धि की खातिर तरह तरह के सम्मान समारोह आयोजित करती रहती हैं।

ऐसे में सम्मान या पुरस्कार प्राप्त करने के लिए लालायित रहने वाले लोग तो किसी भी ऐरे गैरे नत्थू खैरे से कोई भी सम्मान लेने पहुंच जाते हैं। यहां तक कि सम्मान हासिल करने के लिए तरह तरह की जुगाड़बाजियां भी करते हैं। परन्तु स्वाभिमानी लोग या ऐसे सम्मान की वास्तविकता को समझने वाले लोग इसतरह के कथित पुरस्कारों व सम्मानों से दूर रहना ही पसंद करते हैं।

कुछ ऐसा ही दृश्य पिछले दिनों उस समय देखने को मिला जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा कांग्रेस नेता शशि थरूर को सावरकर के नाम का एक अवार्ड देने की कोशिश की गई परन्तु शशि थरूर ने इसे लेने से इंकार कर दिया। गौर तलब है कि केरल की हाई रेंज रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी नाम के एक एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला अवार्ड देने की कोशिश की थी। HRDS इंडिया को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) या संघ परिवार से संबद्ध माना जाता है। बात बीते वर्ष दिसम्बर माह की है, जब केरल-आधारित इस एनजीओ ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर को वीर सावरकर इंटरनेशनल इम्पैक्ट अवॉर्ड 2025 का पहला प्राप्तकर्ता घोषित किया। HRDS इंडिया के अनुसार यह पुरस्कार राष्ट्रीय विकास, सामाजिक सुधार और मानवीय कार्यों के लिए दिया जाता है और इसका नाम विनायक दामोदर सावरकर (वीर सावरकर) के नाम पर रखा गया है, जो भाजपा और संघ परिवार द्वारा सम्मानित व आदर्श पुरुष माने जाते हैं। जबकि कांग्रेस, उदारवादियों और वामपंथी दलों द्वारा उनकी स्वतंत्रता संग्राम में कथित नकारात्मक भूमिका पर सवाल उठाए जाते हैं। यह पुरस्कार सम्मान समारोह 10 दिसंबर 2025 को नई दिल्ली के एनडीएमसी कन्वेंशन हॉल में आयोजित होना प्रस्तावित था। इस आयोजन का उद्घाटन भी भाजपा के वरिष्ठ नेता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किया जाना था। संस्था द्वारा इस पुरस्कार हेतु थरूर का नाम उनके राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर हस्तक्षेप और प्रभाव के लिए चुना गया था। परन्तु थरूर ने इस पुरस्कार को स्वीकार करने से यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्हें इस पुरस्कार की जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स से मिली थी न कि आयोजकों से।

गौरतलब है कि शशि थरूर इस समय तिरुवनंतपुरम से कांग्रेस सांसद हैं। उन्होंने मीडिया से पूछने पर स्वयं यह स्पष्ट किया कि था कि वे इस पुरस्कार के बारे में नहीं जानते थे और न ही इसे स्वीकार करने की सहमति जताई थी । सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ग पर पोस्ट करके भी उन्होंने यही कहा कि मैं न तो इस पुरस्कार के बारे में जानता था और न ही इसे स्वीकार किया था। आयोजकों द्वारा मेरी सहमति के बिना मेरे नाम की घोषणा करना गैर-जिम्मेदाराना है। पुरस्कार की प्रकृति, प्रस्तुत करने वाली संस्था या अन्य संदर्भों के बारे में स्पष्टता न होने पर, मैं न तो कार्यक्रम में भाग लूंगा और न ही पुरस्कार स्वीकार करूंगा। थरूर ने सावरकर के व्यक्तित्व पर सीधे टिप्पणी नहीं की, लेकिन उनका इनकार कांग्रेस की वैचारिक स्थिति से जुड़ा माना जा रहा है। कांग्रेस में उनके सहयोगियों का मानना था कि सावरकर के नाम पर पुरस्कार स्वीकार करना पार्टी का अपमान होगा व ऐसा करना पार्टी को शर्मिंदा करेगा। थरूर पहले सावरकर पर किताब लिख चुके हैं और उनका कहना है कि सावरकर का अध्ययन जरूरी है, लेकिन आलोचनात्मक रूप से। उधर HRDS इंडिया के आयोजकों ने इस विषय पर यह दावा किया था कि थरूर को इस पुरस्कार के बारे में पहले से जानकारी दी गई थी और उन्होंने अपनी सहमति भी जताई थी। परन्तु थरूर ने संस्था के इस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया। आखिरकार यह विवाद इतना बढ़ा कि विवाद के बाद न तो सम्मान प्राप्तकर्ता के रूप में शशि थरूर ने कार्यक्रम में शिरकत की ना ही सम्मान देने हेतु रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समारोह में पधारे। परन्तु इस घटना के बाद सावरकर के नाम को लेकर एक बार फिर उनके विवादित व्यक्तित्व को लेकर बहस जरूर छिड़ गई। गौरतलब है कि संघ व भाजपा सावरकर को श्वीर सावरकर श कहकर बुलाती है और एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में उन्हें सम्मान देती है। जबकि कांग्रेस उन्हें ब्रिटिश हुकूमत से मुआफी मांगने वाला व्यक्ति मानती है। निश्चित रूप से शशि थरूर का सावरकर सम्मान लेने से इन्कार करना न केवल कांग्रेस में उनकी स्थिति को मजबूत करता है बल्कि वैचारिक रूप से सावरकर की हिंदूवादी राजनीति को भी खारिज करता है।

इस घटना ने संघ व भाजपा परिवार की उस चतुराई को भी एक बार फिर उजागर कर दिया है जिसके तहत वह कांग्रेस अथवा अन्य धर्मनिरपेक्ष व उदारवादी नेताओं को किसी न किसी बहाने अपने साथ खड़ा हुआ दिखाने की कोशिश करती रहती है। साथ ही ऐसा कर उन्हें कांग्रेस में भी वैचारिक रूप से असहज करने का प्रयास करती है। हालांकि संघ व भाजपा की इस नीति से यह सन्देश भी जाता है कि उनके पास इस स्तर के अपनी विचारधारा रखने वाले नेताओं की भी कमी है। चाहे वह महात्मा गांधी की हत्या के बाद संघ पर प्रतिबंध लगाने वाले कांग्रेस नेता सरदार वल्लभ भाई पटेल की गुजरात में विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनाना हो या फिर जून 2018 में कांग्रेस नेता व पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी को संघ के तृतीय वर्ष शिक्षा वर्ग समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नागपुर में आमंत्रित करना।


इसी सिलसिले की एक कड़ी के रूप में शशि थरूर को सावरकर सम्मान के नाम पर दिया गया कथित निमंत्रण भी उन्हें कांग्रेस में असहज करने व वैचारिक रूप से उन्हें अपने पक्ष में खड़ा दिखाने का प्रयास था परन्तु यह प्रयास तब उल्टा पड़ गया जब शशि थरूर ने स्वयं इस शगले पड़ेश पुरस्कार को लेने से इंकार कर उल्टे इस पुरस्कार का ही तिरस्कार कर दिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मध्य प्रदेश में उठाएं समुद्री बीच का मजा

**हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।**

मध्य प्रदेश का गठन साल 1956 में हुआ था। यह देश के सबसे बड़े राज्यों में शामिल एक खूबसूरत और प्रमुख राज्य भी है। देश के मध्य में स्थित मध्य प्रदेश में कई ऐसी खूबसूरत और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर सिर्फ देशी ही नहीं बल्कि विदेशी पर्यटक भी घूमने के लिए पहुंचते रहते हैं। मध्य प्रदेश में भोपाल से लेकर इंदौर तक, ग्वालियर, मांडू, ओरछा और जबलपुर जैसी कई ऐतिहासिक जगहें हैं, जिनके बारे में लगभग हर कोई जानता है। वहीं मध्य प्रदेश में हनुवंतिया एक ऐसी जगह है, जहां पर आप बीच का लुत्फ उठा सकते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको हनुवंतिया की खूबसूरती और इसकी खासियत के बारे में बताने जा रहे हैं।



**हनुवंतिया**

मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इंदिरा सागर बांध के पास हनुवंतिया स्थित है। यह खंडवा शहर से करीब 45 किमी दूरी पर मौजूद है। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से हनुवंतिया करीब 233 किलोमीटर दूर है। वहीं इंदौर से करीब 138 किमी, देवास से करीब 195 किमी और उज्जैन से 197 किमी दूर है।

**इस जगह की खासियत**

बता दें कि इंदिरा सागर बांध के बैकवाटर में स्थित हनुवंतिया मध्य प्रदेश की एक मनमोहक जगह है। हनुवंतिया को कई लोग आइलैंड या हनुवंतिया टापू के नाम से भी जानते हैं। इस जगह की खूबसूरती इस कदर प्रचलित है कि लोग इसको एमपी का शमिनी गोवाश भी कहते हैं।

यह जगह अपनी प्राकृतिक सुंदरता के साथ एक फेमस पर्यटन स्थल माना जाता है। यहां पर गर्मियों में भारी संख्या में पर्यटक घूमने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया टापू नीले रंग के पानी और खूबसूरती के कारण गोवा की याद दिलाता है। वहीं मानसून में हनुवंतिया की खूबसूरती अपने चरम पर होती है।

**सैलानियों के लिए क्यों है खास**

गर्मियों में हनुवंतिया को मध्य प्रदेश को एक परफेक्ट पॉइंट माना जाता है। खासकर वीकेंड में भारी संख्या में पर्यटक घूमने और पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। हनुवंतिया का शांत और शुद्ध वातावरण पर्यटकों को खूब आकर्षित करता है। यह जगह अपनी खूबसूरती के अलावा एडवेंचर एक्टिविटी के लिए जाना जात है। यहां पर कई लोग सिर्फ एडवेंचर एक्टिविटी करने के लिए पहुंचते हैं।

**वॉटर स्पोर्ट्स के लिए है फेमस**

बता दें कि हनुवंतिया बीच मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा वाटर एक्टिविटी के लिए जाना जाता है। यहां पर कई सैलानी सिर्फ मोटरबोटिंग, गोताखोरी, जेट स्कीइंग, सर्फिंग और जोरबिंग के अलावा हॉट एयर बैलूनिंग और पैरा एक्टिविटीज जैसी शानदार और मजेदार एक्टिविटी के लिए पहुंचते हैं। हर साल हनुवंतिया आइलैंड में जल महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस महोत्सव में शामिल होने के लिए हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक शामिल होते हैं।

**आसपास घूमने की जगहें**

बता दें कि हनुवंतिया के आसपास कई शानदार और खूबसूरत जगहें मौजूद हैं। जिनको आप ट्रिप के दौरान एक्सप्लोर कर सकते हैं। जैसे इंदिरा सागर बांध, घंटाघर, गौरी कुंज, नागचून बांध खंडवा, तुलजा भवानी माता मंदिर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

...साभार प्रभ.

# भारतीय सेना युद्धभूमि में अडिग, संकट में राष्ट्र का संबल



योगेश कुमार गोयल

प्रतिवर्ष 15 जनवरी को भारतीय सेना दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष हम 78वां सेना दिवस मना रहे हैं। सेना दिवस के अवसर पर पूरा देश थलसेना के अदम्य साहस, जांबाज सैनिकों की वीरता, शौर्य और उसकी शहादत को याद करता है। इस विशेष अवसर पर जवानों के दस्ते और अलग-अलग रेजीमेंट की परेड के अलावा झांकियां भी निकाली जाती हैं और उन सभी बहादुर सेनानियों को सलामी दी जाती है, जिन्होंने देश और लोगों की सलामती के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। 15 जनवरी को ही यह दिवस मनाए जाने का विशेष कारण यही है कि 1899 में कर्नाटक के कुर्ग में जन्मे लेफ्टिनेंट जनरल केएम करियप्पा आज ही के दिन वर्ष 1949 में भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ बने थे। उन्होंने 15 जनवरी 1949 को ब्रिटिश जनरल फ्रांसिस बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली थी। जनरल फ्रांसिस बुचर भारत के आखिरी ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ थे।1953 में वे भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हुए और 94 वर्ष की आयु में 1993 में उनका निधन हुआ। केएम करियप्पा दूसरे ऐसे सेना अधिकारी थे, जिन्हें फील्ड मार्शल की उपाधि दी गई थी।

भारतीय थल सेना का गठन ईस्ट इंडिया कम्पनी की सैन्य टुकड़ी के रूप में कोलकाता में 1776 में हुआ था, जो बाद में ब्रिटिश भारतीय सेना बनी और देश की आजादी के बाद इसे 'भारतीय थल सेना' नाम दिया गया। भारतीय सेना की 53 छावनियां और 9 आर्मी बेस हैं और चीन तथा अमेरिका के साथ भारतीय सेना



दुनिया की तीन सबसे बड़ी सेनाओं में शामिल है। हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में सबसे बड़ी योगदानकर्ताओं में से एक है। यह दुनिया की कुछेक ऐसी सेनाओं में से एक है, जिसने कभी भी अपनी ओर से युद्ध की शुरूआत नहीं की। भारतीय सेना के ध्वज का बैकग्राउंड लाल रंग का है, ऊपर बाईं ओर तिरंगा झंडा, दाईं ओर भारत का राष्ट्रीय चिह्न और तलवार हैं। सेना दिवस के अवसर पर सेना प्रमुख को सलामी दी जाती रही है लेकिन 2020 में पहली बार सेना प्रमुख के स्थान पर देश के प्रथम सीडीएस बने जनरल बिपिन रावत को सलामी दी गई थी।

देश की आजादी के बाद भारतीय सेना पांच बड़े युद्ध लड़ चुकी है, जिनमें चार पाकिस्तान के खिलाफ और एक चीन के साथ लड़ा था। देश की आजादी के बाद 1947-48 में हुए भारत-पाक युद्ध को 'कश्मीर युद्ध' नाम से भी जाना जाता है, जिसके बाद कश्मीर का भारत में विलय हुआ था। 1962 में चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा धोखे से थाग-ला-रिज पर भारतीय सेना पर हमला बोल दिया गया था। उस जमाने में भातीय सेना के पास स्वचालित और आधुनिक हथियार नहीं होते थे, इसलिए चीन को रणनीतिक बढ़त मिली थी। 1965 के भारत-पाक युद्ध के बाद 1971 में भारतीय सेना ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी थी। 13 दिनों तक चले उस युद्ध के बाद ही पाकिस्तान के टुकड़े कर बांग्लादेश का जन्म हुआ और पाकिस्तानी जनरल नियाजी के साथ 90 हजार पाक सैनिकों ने जांबाज भारतीय सेना के समक्ष हथियार डाल दिए थे। मई से जुलाई 1999 तक चले कारगिल युद्ध में तो भारतीय सेना ने पाकिस्तान को छठी का दूध याद दिला दिया था। आज पूरी दुनिया भारतीय सेना का लोहा मानती है। आधुनिक हथियारों और प्रौद्योगिकी के साथ भारतीय सेना एक विश्वस्तरीय सेना है। सेना दिवस के महत्वपूर्ण अवसर पर चीन द्वारा वर्तमान में लगातार पेश की जा रही चुनौतियों के दौर में भारतीय सेना की निरन्तर बढ़ती ताकत का उल्लेख करना बेहद जरूरी है। 2025 की 'ग्लोबल फायरपावर रिपोर्ट' के अनुसार भारतीय सेना की गिनती दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेनाओं में की जाती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय थल सेना के जखीरे में कई तरह के आधुनिक हथियार शामिल हैं, जिनमें आधुनिक टैंकों के साथ बैलिस्टिक मिसाइलें भी हैं। भारत की थल सेना के पास चार हजार से अधिक टैंक हैं। इसके अलावा भारतीय सेना के जखीरे में एक लाख से अधिक आर्म्ड व्हीकल भी शामिल हैं। थल सेना के पास 100 सेल्फ प्रोपेल्ड आर्टिलिरी, 3300 हल्की आर्टिलिरी भी हैं तथा थल सेना के बेड़े में करीब 1500 रॉकेट आर्टिलरी भी शामिल हैं।

भारतीय सैन्यबल में 14।45 लाख सक्रिय सैन्यकर्मी हैं, जो दुनिया में दूसरे नंबर पर है। सेना में 12 लाख से ज्यादा आरक्षित बल तथा बीस लाख अर्धसैनिक बल हैं। भारतीय थलसेना में 4600 से ज्यादा टैंक टी-72, टी-90, अर्जुन एमके-1, अर्जुन एमके-2 इत्यादि टैंक, 5 हजार से ज्यादा तोपें, 290 स्वचालित तोपें, 290 से ज्यादा रॉकेट तोपें तथा 8600 बख्तरबंद वाहन शामिल हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि भारतीय थलसेना हर परिस्थिति में चीनी सेना से बेहतर और अनुभवी है, जिसके पास युद्ध का बड़ा अनुभव है, जो कि विश्व में शायद ही किसी अन्य देश के पास हो। भले ही चीन के पास भारत से ज्यादा बड़ी सेना और सैन्य साजो-सामान है लेकिन आज के परिप्रेक्ष्य में दुनिया में किसी के लिए भी इस तथ्य को नजरअंदाज करना संभव नहीं हो सकता कि भारत की सेना को अब धरती पर दुनिया की सबसे खतरनाक सेना माना जाता है और सेना के विभिन्न अंगों के पास ऐसे-ऐसे खतरनाक हथियार हैं, जो चीनी सेना के पास भी नहीं हैं। धरती पर लड़ी जाने वाली लड़ाईयों के लिए भारतीय सेना की गिनती दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में होती है और कहा जाता है कि अगर किसी सेना में अंग्रेज अधिकारी, अमे. रिकी हथियार और भारतीय सैनिक हों तो उस सेना को युद्ध के मैदान में हराना असंभव होगा।

जापान के एक आकलन के मुताबिक भारतीय थलसेना चीन के मुकाबले ज्यादा मजबूत है। इस रिपोर्ट के अनुसार हिन्द महासागर के मध्य में होने के कारण भारत की रणनीतिक स्थिति बेहद महत्वपूर्ण है और दक्षिण एशिया में अब भारत का काफी प्रभाव है। अमे. रिकी न्यूज वेबसाइट सीएनएन की एक रिपोर्ट में भी दावा किया जा चुका है कि भारत की ताकत पहले के मुकाबले बहुत ज्यादा बढ़ गई है और युद्ध की स्थिति में भारत का पलड़ा भारी रह सकता है। बोस्टन में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के बेलफर सेंटर फॉर साइंस एंड इंटरनेशनल अफेयर्स तथा वाशिंगटन के एक अमेरिकी सुरक्षा केन्द्र के अध्ययन में कहा जा चुका है कि भारतीय सेना उच्च ऊंचाई वाले इलाकों में लड़ाई के मामले में माहिर है और चीनी सेना इसके आसपास भी नहीं फटकती।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बरेली-बदायूं में शाहनवाज राना को मिला अधिवक्ताओं का समर्थन

## यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ ने की अधिवक्ताओं से अपने लिए वोट व स्पोर्ट की अपील, दोनों जनपदों में हुई मीटिंग

■ यूपी बार काउंसिल के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक शाहनवाज़ राना उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में दूसरी बार चुनावी मैदान में हैं जिनका क्रमांक संख्या 266 है, इससे पहले भी श्री राना 7 मई 2006 में अपने पहले चुनाव में सदस्य पद का चुनाव जीतकर सबसे कम आयु में उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, जो अपने आप में अभी तक उ.प्र. बार काउंसिल में इतिहास है









## बरेली: हजारों की संख्या में मीटिंग में आए अधिवक्ता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उ.प्र. बार काउंसिल चुनाव में एक दिन का ही समय बचा है जिसका प्रथम चरण 16-17 जनवरी से शुरू हो रहा है। इसी क्रम में बुधवार को यूपी बार काउंसिल सदस्य पद के प्रत्याशी शाहनवाज़ राना पहले करीब 11 बजे बरेली कलक्ट्रेट पहुंचे और अधिवक्ताओं से मिलकर अपने लिए प्रथम वरीयता का मत एवं समर्थन मांगा उसके बाद सीजेएम कोर्ट के सामने ग्राउंड पंडाल में अधिवक्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण मीटिंग की जिसमें सैकड़ो अधिवक्तओं ने उपस्थित होकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया। मीटिंग में उपस्थित अधिवक्ताओं ने अश्वस्त किया कि पूर्ण समर्थन देकर आपको विजय बनाएंगे। अधिवक्ताओं की उपस्थिति को देखकर शाहनवाज राना गदगद नजर आए। साथ ही उन्होंने कहा की अधिवक्ताओं के सम्मान और प्रतिष्ठा की खातिर हर वक्त में अपने अधिवक्ता भाईयों के साथ खड़ा रहूंगा।

बरेली बार एसोसिएशन के सचिव मनोज हरित की अगुवाई में इमारत हुसैन अंसारी, वसी अहमद, मुश्ताक नसीमुल्लाह, संजीव शंखधर, अनिल अग्रवाल, शशिकांत तिवारी आदि वरिष्ठ अधिवक्ताओं के साथ मीटिंग में पहुंचे इससे पहले कलक्ट्रेट में भी श्री राना ने अधिवक्ताओं से मिलकर वोट मांगे बैठक में अधिवक्ताओं से जुड़े मुद्दों, बार काउंसिल चुनाव और संगठनात्मक मजबूती पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक के बाद सभी अधिवक्ताओं ने साथ बैठकर सौहार्दपूर्ण माहौल में लंच भी किया, जिससे आपसी एकता और सहयोग का संदेश दिया गया। इस दौरान शाहनवाज़ राना ने अधिवक्ताओं से संवाद कर समर्थन और सहयोग की अपील की, जिस पर कचहरी परिसर में सकारात्मक माहौल देखने को मिला। इस दौरान मो. इरफान मुनीम, मुमताज़ अली, जफरूद्दीन मंसूरी, मयूर तलवार, मौ. सुहैल एडवोकेट, अहसान हुसैन एडवोकेट, नदीम अहमद एडवोकेट, नसीम अहमद सिद्दीकी, वरूण कुमार, अमित सिंह, राहुल एडवोकेट, ऋषभ मिश्रा, आदर्श दिवाकर, मुनीब जैदी समेत हजारों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। और उनका भरपूर समर्थन मिला।

## बदायूं में भी अधिवक्ताओं ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बरेली में अधिवक्ताओं से मुलाकात के बाद शाहनवाज राना सीधे बदायूं कलक्ट्रेट पहुंचे जहां पर अधिवक्ताओं ने उनका दिल खोलकर स्वागत किया और उनको प्रथम वरीयता का मत देने का भी भरोसा दिलाया जिसके बाद यूपी बार काउंसिल चुनाव के मद्देनजर एडवोकेट शाहनवाज राना ने एक अहम मीटिंग सीटी मॉल में आयोजित की गई जहां पर सैकड़ों अधिवक्ताओं ने शिरकत की। जिनमें मुख्य रूप से परवेज खान एडवोकेट, देवेश कुमार, अनिल कुमार, मनोज कुमार, श्याम कुमार दिवाकर, मो. मजरूद्दीन, बदरूल हसन खान, सलीमुद्दीन, फैजान सलीम, मो. शीराज आलम, दिवाकर भारती, सुनीता कुमारी, करन कुमार, नाजीमा, इशरत खातून, रिजवान, शब्बीर, प्रदीप शर्मा, कोकब अहमद, आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।





# लश्कर के आतंकी की हिंदुओं का गला काटने की धमकी

## वायरल वीडियो में कहा: कश्मीर को आजादी भीख मांगने से नहीं, हमे जिहाद का झंडा उठाना होगा

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी अबू मूसा कश्मीरी ने हिंदुओं की गर्दन काटने की धमकी दी है। उसने यह बयान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में दिया। इसका वीडियो भी सामने आया है, हालांकि ये कब का है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

वीडियो में अबू मूसा कहता है: कश्मीर मुद्दे का हल सिर्फ आतंकवाद और जिहाद से ही हो सकता है। आजादी भीख मांगने से नहीं, हिंदुओं की गर्दन काटने से मिलेगी। हमें जिहाद का झंडा उठाना होगा। अबू मूसा कश्मीरी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन जम्मू कश्मीर यूनाइटेड मूवमेंट का मेंबर है। उसका नाम अप्रैल 2025 में पहलगाम में हुए आतंकी हमले से भी जुड़ा था। अपने भाषण में अबू मूसा ने पाकिस्तानी नेताओं पर भी गंभीर आरोप लगाए। उसने कहा कि पाकिस्तान के नेता इस्लामी सिद्धांतों से भटक चुके हैं और जिहाद के रास्ते पर नहीं चल रहे हैं। उसने कहा जो नेता जिहाद के लिए प्रतिबद्ध नहीं है, उसे पाकिस्तान पर हुकूमत करने का कोई अधिकार नहीं है। मूसा ने दावा किया कि वह पहले भी ऐसे ही बयान मुजफ्फराबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ हुई एक बैठक में दे चुका है। अबू मूसा पिछले साल 22 अप्रैल में हुए पहलगाम हमले में भी शामिल था। दैनिक भास्कर ने तब पड़ताल की थी कि आखिर पहलगाम अटैक के दौरान पाकिस्तान से आतंकियों को कौन आदेश दे रहा था। इस दौरान दो पाकिस्तानी हैंडलर के नाम मिले थे। पहला अबू मूसा और दूसरा रिजवान हनीफ। दोनों पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में लश्कर-ए-तैयबा के आपरेटिंग कमांडर हैं। इन्हीं दोनों ने मुरीदके में अफगान को ट्रेनिंग भी दी थी। हालांकि, सूत्रों का दावा था कि पहलगाम अटैक का मास्टरमाइंड अबू मूसा ही है। ये सैफुल्लाह कसूरी का करीबी भी है। पहलगाम हमले से 4 दिन पहले 18 अप्रैल को लश्कर के एक कार्यक्रम में अबू मूसा ने कश्मीर में हिंदुओं को मारने का जिक्र किया था।

■ पाक नेताओं पर इस्लामी सिद्धांतों से भटकने का आरोप, पहलगाम हमले में भी शामिल था अबू मूसा

### अमेरिका, त्रिनिदाद-टौबेगो, ऑस्ट्रिया के राजनयिकों के परिचय पत्र स्वीकार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत में अमेरिका तथा ऑस्ट्रिया के नवनियुक्त राजदूतों और त्रिनिदाद-टोबैगो के नवनियुक्त उच्चायुक्त के परिचय-पत्र बुधवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में स्वीकार किए। अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर, त्रिनिदाद-टोबैगो के उच्चायुक्त चंद्रदत्त सिंह, ऑस्ट्रिया के राजदूत रॉबर्ट जशिग ने राष्ट्रपति से समारोह पूर्वक भेंट कर उन्हें अपने परिचय-पत्र सौंपे। राष्ट्रपति सचिवालय की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह समारोह भारत और इन देशों के बीच राजनयिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर है।

# इसरो का रॉकेट फेल, फिर भी स्पेनिश सैटेलाइट एक्टिव

## स्पेस से सिग्नल भेजा, सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी बोली: किस रास्ते से पहुंचा, पता लगा रहे


**नई दिल्ली।** इसरो का पीएसएलवी-सी-62 मिशन सोमवार को फेल हो गया। उड़ान भरने के 8 मिनट बाद पीएसएलवी राकेट तय रास्ते से भटक गया। इसी राकेट से एक सैटेलाइट भेजने वाली स्पेन की कंपनी ने मंगलवार को कहा है कि उसे इसका सिग्नल मिला है। स्पेन की स्टार्टअप कंपनी आर्बिटल पैराडाइम ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि तकनीकी गड़बड़ी से पहले ही उनका केआईडी (केस्ट्रेल इनिशियल डेमोंस्ट्रेटर) सैटेलाइट राकेट से अलग हो चुका था। इसी वजह से उसे कोई नुकसान नहीं पहुंचा। आर्बिटल पैराडाइम ने यह भी बताया कि अब यह पता लगाया जा रहा है कि सैटेलाइट किस रास्ते से अंतरिक्ष में पहुंचा। उसके ट्रैजेक्ट्री से जुड़े पूरे तकनीकी आंकड़े और विश्लेषण बाद में एक विस्तृत रिपोर्ट के रूप में जारी किए जाएंगे। मिशन फेल होने के बावजूद कैप्सूल का सक्रिय हो जाना स्पेनिश कंपनी के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। यह एक टेस्ट और डेमोंस्ट्रेशन मिशन है, जिसका मकसद भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए तकनीक को परखना था। कंपनी के मुताबिक, केआईडी कैप्सूल का मकसद अंतरिक्ष में कुछ समय तक सक्रिय रहकर सिग्नल और तकनीकी डेटा भेजना था। इसके बाद योजना यह थी कि कैप्सूल धरती के वायुमंडल में दोबारा प्रवेश करे, इस दौरान बनने वाली तेज गर्मी (हीट) को झेले और अंत में समुद्र में गिरकर (स्प्लैशडाउन) अपना मिशन पूरा करे। हालांकि फिलहाल कैप्सूल अंतरिक्ष में ही सक्रिय है। इसरो के मुताबिक पीएसएलवी-सी-62 मिशन थर्ड स्टेज के आखिर में गड़बड़ हुआ। टेलीमेट्री डेटा में पता चला कि राकेट के रोल रेट (घूमने की गति/कंट्रोल) में डिस्टर्बेंस आ गई, यानी राकेट अनियंत्रित होकर घूमने लगा और अपना तय फ्लाइट पाथ छोड़कर भटक गया। इसरो चीफ वी. नारायणन ने कहा कि तीसरे स्टेज के अंत तक प्रदर्शन सामान्य था, उसके बाद रोल रेट में गड़बड़ी और फ्लाइट पाथ में डेविएशन दिखा। फिलहाल इसरो डेटा एनालिसिस कर रहा है।



# ट्रम्प की सैन्य शक्ति को सीमित करने की कवायद तेज

## अमेरिका के सांसदों ने पेश किया सीनेट में विधेयक, ग्रीनलैंड पर हमले के लिए धन नहीं

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सांसदों (सीनेटर) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ग्रीनलैंड सहित किसी भी नाटो सदस्य देश या क्षेत्र पर हमला करने या कब्जा करने से रोकने के लिए एक विधेयक पेश किया है। पेश किया गया 'नाटो यूनिटी प्रोटेक्शन एक्ट' विधेयक रक्षा विभाग और विदेश विभाग को किसी भी नाटो सदस्य देश के क्षेत्र की 'नाकेबंदी करने, कब्जा करने, विलय करने या नियंत्रण स्थापित करने' के लिए धन के उपयोग पर रोक लगाने का प्रावधान करता है। इसके अलावा, रिपब्लिकन पार्टी के सीनेटर डॉन बेकन ने डेमोक्रेटिक पार्टी के सांसदों के साथ मिलकर एक ऐसा विधेयक पेश किया है, जो राष्ट्रपति को ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए सैन्य बल का उपयोग करने से पहले ही रोकने का प्रयास करता है। बेकन ने एक बयान में लिखा कि सोमवार को पेश किया गया 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेष्न एक्ट' विधेयक किसी भी नाटो सदस्य देश या नाटो-संरक्षित क्षेत्र पर आक्रमण के लिए संघीय धन के उपयोग को प्रतिबंधित करेगा। सांसदों ने 80 साल पुराने नाटो गठबंधन को अमेरिका और यूरोपीय सहयोगियों के बीच शांति और सहयोग की नींव बताया और कहा कि इससे आर्थिक अवसर बढ़े हैं, सुरक्षा बेहतर हुई है और सहयोगियों के साथ शांति स्थापित हुई है। सांसदों ने एक बयान में कहा कि हमें भड़काऊ बयानबाजी बंद करनी चाहिए, अपने साझा अवसरों का लाभ उठाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उन लोगों के वास्तविक खतरों का मुकाबला करना चाहिए, जो हमारे मूल्यों को साझा नहीं करते हैं। बिल कीटिंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि आज शाम मैंने द्विदलीय 'नो फंड्स फॉर नाटो इन्वेन एक्ट' विधेयक पेश किया, जो ट्रम्प प्रशासन को किसी भी नाटो सहयोगी के क्षेत्रों पर आक्रमण करने से रोकता है। नाटो लगभग 80 वर्षों से अमेरिका और यूरोप के बीच शांति की नींव रहा है और इसने अमेरिकियों को सुरक्षित बनाया है। हमें नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ हमारी रक्षा को मजबूत किया है। मैं अपने सहयोगियों के समर्थन की सराहना करता हूं, क्योंकि हम इस विधेयक को आगे बढ़ा रहे हैं।



### राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज बना रही है अमेरिका में दूत भेजने की योजन

**वाशिंगटन।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज इस हफ्ते वाशिंगटन में एक दूत भेजने की योजना बना रही हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन तेल से समृद्ध इस दक्षिण अमेरिकी देश में अपना दूतावास फिर से खोलने की संभावना पर विचार कर रहा है। ब्लूमबर्ग ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि ब्रिटेन में वेनेजुएला के राजदूत और पूर्व विदेश मंत्री फेलिक्स प्लासेंसिया श्रीमती रोड्रिग्ज के कहने पर वाशिंगटन में वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारियों से मिलने की योजना बना रहे हैं।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®

गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष
शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी
शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर